# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 22 नवंबर 2025





# 350वां शहीदी दिवस

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी

## भाई मती दास जी,
## भाई सती दास जी,
## भाई दयाला जी

को समर्पित



# नगर कीर्तन एवं समागमों का विवरण

### श्रीनगर से श्री आनंदपुर साहिब (19-22 नवंबर, 2025)



1. श्रीनगर
2. जम्मू
3. पठानकोट
4. दसूहा
5. होशियारपुर
6. माहिलपुर
7. गढ़शंकर
8. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – जम्मू (19 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – पठानकोट (20 नवंबर, 2025)
- दिन 3 – होशियारपुर (21 नवंबर, 2025)

### गुरदासपुर से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1. गुरदासपुर
2. बटाला
3. बाबा बकाला साहिब
4. श्री अमृतसर साहिब
5. तरन तारन
6. गोइंदवाल साहिब
7. कपूरथला
8. करतारपुर
9. जालंधर
10. फ़गवाड़ा
11. बंगा
12. नवांशहर
13. बलाचौर
14. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 - श्री अमृतसर साहिब (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – जालंधर (21 नवंबर, 2025)

### फ़रीदकोट से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1. फ़रीदकोट
2. फ़िरोज़पुर
3. मोगा
4. जगराओं
5. लुधियाना
6. खन्ना
7. सरहिंद
8. फ़तेहगढ़ साहिब
9. मोरिंडा
10. चमकौर साहिब
11. रूपनगर
12. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – लुधियाना (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – फ़तेहगढ़ साहिब (21 नवंबर, 2025)

### गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1. गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो
2. बठिंडा
3. बरनाला
4. संगरूर
5. पटियाला
6. राजपुरा
7. बनूड़
8. साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर
9. कुराली
10. रूपनगर
11. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – संगरूर (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 - साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (21 नवंबर, 2025)

## श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

### 23 नवंबर, 2025

- आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन
- सर्व धर्म सम्मेलन
- विरासत-ए-खालसा, भाई जैता जी मेमोरियल और पंज प्यारा पार्क का गाइडेड टूर
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 24 नवंबर, 2025

- शीश भेंट नगर कीर्तन (कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब)
- श्री आनंदपुर साहिब में हैरिटेज वॉक
- श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी को समर्पित विशेष विधानसभा सत्र
- ढाडी, कविशर दरबार
- गुरू साहिब के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित नाटक/पाठ/कविता
- गतका और अन्य कार्यक्रम
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 25 नवंबर, 2025

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के संरक्षक, करुणा, त्याग और साहस के प्रतीक नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक प्रकाश-स्तंभ बने हुए हैं। आइए, अपने परिवारों सहित इस पवित्र धरती पर श्रद्धा से नतमस्तक होकर इन दिव्य आयोजनों का हिस्सा बनें।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## खबर संक्षेप

### चिकित्सा सम्मेलन आज से, हृदय और डायबिटीज विशेषज्ञ होंगे शामिल

**भोपाल।** कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय सीडीईई और सीसीकोन-2025 का शुभारंभ शनिवार से होने जा रहा है। राष्ट्रीय सम्मेलन हृदय रोग, डायबिटीज और क्लीनिकल शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। सम्मेलन में देशभर के डॉक्टर, विशेषज्ञ और चिकित्सा शिक्षा से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्घाटन शनिवार दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंबई के वरिष्ठ इंटरवेंशनल कॉर्डियोलाजिस्ट और पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. एबी मेहता करेंगे। विशेष अतिथि के तौर पर दो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। नागपुर के प्रसिद्ध डायबिटोलाजिस्ट और आरएसएसडीआइ के नेशनल प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. सुनील गुप्ता तथा वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. दोरायराज प्रभाकरण गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे।

### वेतनमान को लेकर सीएम से गुहार लगाएंगे असिस्टेंट हॉस्पिटल मैनेजर

**भोपाल।** प्रदेश में चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत नियमित शासकीय सहायक अस्पताल प्रबंधकों को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में एक समान पद पर कार्यरत सहायक अस्पताल प्रबंधक के समकक्ष वेतनमान पे-ग्रेड एवं पदोन्नति नही दी जा रही है। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन अधिकारी संघ ने आपत्ति जताई है। उसका कहना है कि इस संबंध में सहायक अस्पताल प्रबंधकों के साथ हो रहे अन्याय को दूर किया जाए। जल्द ही संघ का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिल कर उनको ज्ञापन देगा। संघ के रविंद्र कुश्वाह ने बताया कि प्रदेश में चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत नियमित शासकीय सहायक अस्पताल प्रबंधकों की उक्त पदों की अर्हताएं एक समान है।

### साहू समाज की यात्रा का धूमधाम से हुआ समापन

# भगवान तिरुपति बालाजी की यात्रा का अनुभव सुखद एवं अविस्मरणीय



साहू समाज के 124 श्रद्धालुओं का जत्था यात्रा संपन्न कर लौटा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहू समाज भोपाल द्वारा आयोजित 124 श्रद्धालुओं का जत्था भगवान तिरुपति बालाजी की चार दिवसीय धर्मयात्रा पूरी कर हर्षोल्लास के साथ भोपाल लौट आया।

यात्रा के संस्थापक एवं साहू समाज भोपाल के कार्यकारिणी सदस्य संजय साहू एवं अनीता साहू ने बताया कि उनका परिवार वर्ष 2001 से हर वर्ष लगभग 100 से अधिक श्रद्धालुओं को अपने निजी खर्च पर भगवान तिरुपति बालाजी के दर्शन कराता आ रहा है। उनके द्वारा ट्रेन यात्रा, भोजन-नाश्ता, दर्शन टिकट, वेल्लोर स्थित श्रीलक्ष्मी माता मंदिर के दर्शन सहित सभी व्यवस्थाएं की जाती हैं। महामंत्री विवेक साहू एवं प्रीतम साहू ने कहा कि व्यापारिक व्यस्तताओं के कारण धार्मिक यात्रा का समय निकालना कठिन होता है, लेकिन संजय साहू के सानिध्य में परिवार सहित तिरुपति दर्शन का अवसर मिलना उनके लिए अविस्मरणीय रहा और इस बार 124 की संख्या में श्रद्धालु गए थे।

#### यात्रा कर रही महिलाओं ने किया कीर्तन

यात्रा के दौरान महिलाओं ने ट्रेन में ही भक्ति से भरपूर जागरण का आयोजन किया, जिसमें नागपुर के विख्यात भजन गायक राज पवार एवं उनकी टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी। सुरीले भजनों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक आनंद और ऊर्जा से महका दिया। ट्रैन मे मौजूद अन्य यात्री भी इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बने। यह जागरण यात्रा का सबसे विशेष और यादगार पल रहा।

### प्रताप नगर कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

# कलश यात्रा में उमड़ पड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



श्रीमद भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रताप नगर कॉलोनी भानपुर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।

साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन मैथिल परिवार द्वारा संकट हरण श्री शिव दुर्गा मंदिर 80 फिट भानपुर में आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची।

#### कथा व्यास गोपाल शास्त्री सुनाएंगे कथा

कथा व्यास आचार्य श्रीकृष्ण गोपाल शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जाएगी। 26 नवंबर तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से चार बजे तक आयोजित की जाएगी। कलश यात्रा में संस्कृत भारती अयोध्या के संयोजक बलवंत सिंह रघुवंशी, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी शामिल हुए।






भोपाल, शनिवार 22 नवंबर 2025 ■ अगहन मास कृष्ण पक्ष-02 ■ वर्ष : 12, अंक : 232 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 26 न्यून. 13 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



- बड़ी संख्या में लोग दुबई एयर शो देखने आए थे
- अचानक उठते धुएं के कारण अफरा-तफरी का माहौल बन गया
- कार्यक्रम दोबारा शुरू होगा या नहीं, इस पर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं
- दुर्घटना वाले क्षेत्र को तुरंत सील कर दिया और सभी उड़ान कार्यक्रम अस्थायी रूप से रोके

**यह एयर शो 17 से 21 नवंबर तक दुबई वर्ल्ड सेंट्रल में आयोजित हो रहा था**

### दुबई एयर शो में भारतीय फाइटर जेट तेजस क्रैश, हादसे में पायलट की मौत

# तेजस अचानक बेकाबू हुआ, जमीन से टकराते ही जोरदार 'धमाका' हुआ



पायलट नमांश स्याल

एजेंसी ▶▶ दुबई



राजनाथ सिंह

दुबई एयर शो में प्रदर्शन के दौरान भारतीय तेजस एम के-1 लड़ाकू विमान शुक्रवार को क्रैश हो गया। वायु सेना ने बताया कि इस हादसे में पायलट विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई है। यह हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर ▶▶ शेष पेज 11 पर

**आयोजन में 148,000 ट्रेड विजिटर्स और 115 देशों से आए 490 सैन्य और नागरिक प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहे**

### इस बार 200 से अधिक विमानों का रिकॉर्ड प्रदर्शन

यह दुबई एयर शो का 19वां संस्करण है। इस बार 200 से अधिक विमानों का रिकॉर्ड प्रदर्शन किया जा रहा। इसमें कमर्शियल, मिलिट्री, प्राइवेट जेट, यूएवी और नई पीढ़ी की एयरोस्पेस तकनीकें शामिल हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा फ्लाइंग और ▶▶ शेष पेज 11 पर




पलक झपकते ही जमीन पर गिरा और तेज धमाका हुआ




आसमान छूते ही धुआं उड़ा




तेजस ने उड़ान भरी

### तेजस के बारे में जानें

- तेजस एम के-1 लड़ाकू विमान पूरी तरह भारत में निर्मित एक आधुनिक फाइटर जेट
- तेजस को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने विकसित किया
- तेजस 4.5 जनरेशन श्रेणी का विमान
- यह ध्वनि की गति से भी तेज उड़ सकता है

---

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी के गोविंदपुरा में किया तीन दिवसीय फेड एक्सपो-2025 का शुभारंभ

# प्रदेश में 1000 इन्क्यूबेशन सेंटर बनेंगे इपिक प्रोजेक्ट में '10 लाख' नौकरियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**सीएम ने कहा कि मप्र उद्योगों के लिए पसंदीदा राज्य, एक्सपो उद्योगों को दुनिया से जोड़ने में सहायक**

*भोपाल की आबो-हवा और यहां की तासीर से मिलते-जुलते रूस के सांस्कृतिक शहर स्मोलेन्स्क को हम ट्विन सिटी (सिस्टर्स सिटीज) बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र उद्योगों के लिए तेजी से उभरता हुआ पसंदीदा राज्य बन रहा है। फेड एक्सपो जैसे आयोजन स्थानीय उद्योगों और स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच से जोड़ने में बड़ी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे एक्स्पो उद्योग-धंधों, नवाचार और एमएसएमई सेक्टर के विकास के लिए एक बड़ा मंच साबित होते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को गोविंदपुरा में आयोजित फेड एक्सपो-2025 समारोह में बोल रहे थे। एक्सपो 23 नवंबर तक चलेगा। मप्र सहित देश-विदेश से आए उद्योग एवं एक्सपोर्ट सेक्टर से जुड़े उद्यमी, ▶▶ शेष पेज 11 पर

**एक्सपो में रूस ओमान और ताईवान देशों से भी उद्यमी आए**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदर्शनी के विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन करते हुए

- इंडस्ट्री, नवाचार और एमएसएमई सेक्टर के लिए एक्सपो बड़ा मंच
- भोपाल और स्मोलेन्स्क को बनाएंगे ट्विन सिटी
- दो लाख करोड़ की औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन के लिए केंद्रीय गृहमंत्री को दिया आमंत्रण

### उद्योगपतियों और निवेशकों को 5000 एकड़ जमीन दी गई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत दुनिया में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए उद्योगपतियों और निवेशकों को 5000 एकड़ जमीन दी गई है। यह एक प्रकार से पांच हजार उद्योगपतियों को मप्र आने का निमंत्रण है। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

#### सभी औद्योगिक फेडरेशनों के अधिकारियों के सुझाव लिए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 4 दशकों में व्यापार-व्यवसाय की संभावनाओं को देखा जाए, तो इसमें मप्र फेडरेशन ऑफ चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की भूमिका बड़ी अहम रही है। राज्य सरकार नया मध्यप्रदेश गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी कोशिश है कि गरीबों की गरीबी दूर हो और युवाओं को रोजगार मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अन्न का भंडार है। उन्होंने कहा कि धार के मेगा टैक्सटाइल पार्क में रोजगारपरक उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं। इससे लाखों लोगों की जिंदगी बदलेगी। राज्य सरकार भविष्य में सभी औद्योगिक फेडरेशन के अधिकारियों के सुझाव और उनके अनुभव का लाभ लेगी। फेडरेशन के सहयोग से सरकार मप्र में निवेश को बढ़ाने के लिए ऐसे ही बड़े आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से हम मप्र को विकास के मामले में नंबर वन राज्य बनाएंगे।

#### व्लादिमीर ने कहा विकास की संभावनाओं में प्रगति होगी

मुख्यमंत्री ने रूस, ओमान और ताईवान से आए उद्यमियों से कहा कि आप सब इस एक्स्पो में मप्र के आइडिया, कैलिबर और कैपेसिटी को देख ही रहे हैं। उन्होंने विदेशी दल से आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश की यात्रा में शामिल होने का आह्वान भी किया। ▶▶ शेष पेज 11 पर

---

### पीएम मोदी का 'आदर'....दंडवत प्रणाम किया



**नई दिल्ली।** जी20 समिट में शामिल होने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर लोक कलाकार महिलाओं ने पहले नृत्य कर स्वागत किया फिर दंडवत प्रणाम कर उनके प्रति विशेष सम्मान प्रकट किया।

---

**महू कैंट ने 3 दिन में मकान ढहाने का दिया था नोटिस**

### अल-फलाह यूनि. के संस्थापक को राहत

# हाईकोर्ट ने महू में पैतृक घर गिराने पर 15 दिन की 'रोक' लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

देश में आतंकवाद का केंद्र बनकर सामने आई फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी के पिता हम्माद अहमद के महू स्थित पैतृक मकान पर जारी तोड़फोड़ नोटिस के खिलाफ दायर ▶▶ शेष पेज 11 पर



पैतृक मकान जिस पर होगी कार्रवाई

#### पहले भी जारी हुए थे नोटिस

बागड़िया ने कहा कि इसी तरह के नोटिस वर्ष 1996 और 1997 में भी जारी किए गए थे, लेकिन न तो कब्जा हटाया गया और न ही प्रशासन ▶▶ शेष पेज 11 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### गौतम गंभीर के खिलाफ केस रद्द



**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर. परिवार व गौतम गंभीर फाउंडेशन के खिलाफ कोविड-19 के दौरान कथित रूप से अवैध रूप से दवाओं के स्टॉक करने और वितरण के मामले को रद्द कर दिया।

---

**ग्रीन एनर्जी, आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम सेक्टर के उद्योगपति मप्र में निवेश के अवसरों से होंगे रू-ब-रू**


### सीएम डॉ. यादव आज हैदराबाद में

# निवेश को लेकर करेंगे रोड शो उद्योगपतियों से होगा 'संवाद'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र में बड़े औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए शनिवार 22 नवंबर को हैदराबाद में 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश' सत्र में दक्षिण भारत के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ संवाद करेंगे।

यह सत्र उद्योग समूहों के लिए मप्र की नीतियों, आधारभूत संरचना और निवेश के अवसरों को जानने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।



द लीली होटल फाइल फोटो

मुख्यमंत्री हैदराबाद में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में निवेश विस्तार, नई इकाइयों की स्थापना और विभिन्न सेक्टरों में दी जा रही सुविधाओं पर संवाद करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्रीनको मुख्यालय का भ्रमण करेंगे। साथ ही ग्रीनको समूह के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक भी होगी, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र में संभावित सहयोग और बड़े पैमाने के औद्योगिक निवेश पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद द लीला होटल में आयोजित मुख्य सत्र में वे उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे, जिनमें आईटी, ▶▶ शेष पेज 11 पर

#### महत्वपूर्ण राउंड टेबल मीटिंग होगी

सत्र में बायोटेक क्षेत्र पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण राउंड टेबल मीटिंग होगी। इसमें नवाचार आधारित उद्योगों और अनुसंधान-आधारित परियोजनाओं के लिए मप्र में बन रहे अनुकूल वातावरण पर विस्तृत चर्चा होगी। प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह निवेशकों के समक्ष ▶▶ शेष पेज 11 पर

---

**चौतरफा घिरे दिग्विजय सिंह फिर सवालों के घेरे में**


### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पलटवार, कहा

# प्रदेश के जांबाज शहीद को श्रद्धांजलि देने के बजाए दिग्विजय सिंह छग में हुई मुठभेड़ पर सवाल उठाने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छत्तीसगढ़ के इनामी नक्सली माड़वी हिड़मा के एनकाउंटर के बाद मध्य प्रदेश की राजनीति गरमा गई। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने इस एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं। दिग्विजय ने आदिवासी एक्टिविस्ट सोनी सोरी का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें सोनी एनकाउंटर को फर्जी बता रही हैं। इसमें कहा है कि यह एनकाउंटर नहीं, हत्या थी। सोरी के वीडियो को शेयर करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पलटवार किया है।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने नरसिंहपुर जिले के शहीद स्व. आशीष शर्मा को श्रद्धांजलि देने



डॉ. मोहन यादव



दिग्विजय सिंह



सोनी सोरी


के स्थान पर छत्तीसगढ़ में नक्सली नेता हिडमा के एनकाउंटर को लेकर सवाल उठा रहे हैं। वे वहां हुई मुठभेड़ को फर्जी करार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ▶▶ शेष पेज 11 पर

#### आतंकवादियों के पक्ष में बयान देते हैं दिग्विजय



आलोक शर्मा

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि राष्ट्र के लिए जो सैनिक शहीद होते हैं, उनके लिए दिग्विजय कुछ नहीं कहते। उनका बयान हमेशा आतंकवादियों के पक्ष में ही क्यों होता है? जनता सब जानती है, इसलिए उनकी पूरी पार्टी को चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दिग्विजय सिंह ने खुद को नक्सली हिंसा का विरोधी बताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- समझौते कर आत्मसमर्पण कराना चाहिए। मैं उसके पक्ष में हूं। विषय कुछ और है। उन्हें सामाजिक ▶▶ शेष पेज 11 पर



7 वार्ड नंबर 2 में आवारा कुत्तों को पकड़ा...

8 तीन दिवसीय फेड एक्सपो 2025 में 100 से अधिक...


घर पर मिली युवक की मां से बदमाशों ने झूमाझटकी की

वाहनों में तोड़फोड़ करने वालों और कैफे में तोड़फोड़ के हमलावरों का पुलिस ने जुलूस निकाला था, थम नहीं रही शहर में गुंडागर्दी की घटनाएं

# वीआईपी रोड पर कार में टक्कर के बाद विवाद... कार से शाहपुरा पहुंचे दो दर्जन से अधिक युवकों ने मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर दो कार में हुई मामूली टक्कर के बाद युवकों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक कार चालक ने अपने साथियों को बुला लिया। तीन चार गाड़ियों में पहुंचे युवकों को देख कार चालक वहां से भाग निकला। कार से आए युवकों ने उसका शाहपुरा तक पीछा किया और कार का रजिस्ट्रेशन नंबर देखकर उसके घर तक पहुंच गए। गनीमत रहा कि वह घर पर नहीं मिला नहीं तो उससे वह मारपीट करते। घर पर मिली युवक की मां से बदमाशों ने झूमाझटकी की है, जबकि उनके परिचित और बच्चों के दोस्तों से मारपीट करते हुए घर के पास खड़े पड़ोसियों के वाहन में तोड़-फोड़कर युवक फरार हो गए। महिला ने घटना की शिकायत शाहपुरा पुलिस से की है। शाहपुरा पुलिस ने मारपीट और धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार शाहपुरा पार्क के पास रहने वाली 50 साल की महिला फैशन डिजाइनर है। उनके पिता शासकीय विभाग में अधिकारी हैं और गुना में उनकी ड्यूटी हैं। यहां पर वह बेटी और बेटे के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि उनका 23 साल का बेटा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। गुरुवार को बेटे के दोस्त का बर्थ-डे था। बेटा अपनी कर्व कार से कोहेफिजा गया था। रात करीब डेढ़ बजे लौटते समय बेटे की कार को स्कोडा कंपनी की कार चला रहे युवक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बेटे और उसके दो दोस्तों ने कार चालक को ठीक से गाड़ी चलाने की समझाइश दी। इस पर वह भड़क गया और अपने साथियों को कॉल कर बुला लिया।

*कार को स्कोडा कंपनी की कार चला रहे युवक ने टक्कर मारी, समझाइश पर दोस्तों को बुलाया*

*पति के दोस्त सहित बेटे के दोस्तों से की मारपीट*

*पड़ोसियों की गाड़ियां गिराकर भागे*

## कार का रजिस्ट्रेशन नंबर चेक करने के बाद फैशन डिजाइनर के घर पहुंचे युवक


शाहपुरा में विवाद के मारपीट करते युवक।

कर्व कार का चालक अपने घर न जाते हुए रिश्तेदार के घर निकल गया। इधर पीछा कर रहे युवकों को जब कार नजर नहीं आई तो कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसके घर पहुंच गए। उन्होंने दरवाजा खटखटाया। घर में फैशन डिजाइनर और उनकी बेटी थी। उन्होंने खिड़की से बात की तो युवक धमकाने लगे। कहने लगे कि अपने बेटे को बाहर निकालो। उन्होंने कहा कि वह घर पर नहीं है तो वह कहने लगे कि मोबाइल पर उसकी फोटो दिखा दो। उन्होंने खिड़की का विंडो खोलकर मोबाइल पर बेटे का फोटा दिखा दिया। इस पर एक युवक ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया।

### कुछ ही देर में तीन गाड़ियों से पहुंचे युवक

स्कोडा कार में सवार युवक ने अपने साथियों को बुला लिया। इधर कर्व कार चला रहे युवक ने डायल 112 पर कॉल कर दिया। कुछ ही देर में पुलिस और स्कोडा कार में बैठे युवक के दोस्त पहुंच गए। तीन कार में आए युवकों को देखकर कर्व कार के युवक अपनी जान बचाकर भागा। इस पर युवक भी उसकी कार का पीछा करते हुए शाहपुरा तक पहुंच गए।

## युवक की मां से मोबाइल लेकर फोटो देखा फिर घर पर आने के लिए दबाव बनाया


युवकों ने गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया।

मोबाइल लेने के बाद युवक ने उनके बेटे को कॉल किया और कहा कि हम तुम्हारे घर पहुंच गए हैं और तुम्हारी मां हमारे पास है। फैशन डिजाइनर ने अपना मोबाइल वापस मांगा और बेटे से कहा कि घर नहीं आना नहीं तो यह लोग मारपीट करेंगे। बेटे ने अपने तीन दोस्तों को घर जाकर देखने का कहा। इधर फैशन डिजानर ने पति के दोस्त को बुला लिया। वे घर पहुंचे तो बाहर खड़े युवकों ने उनके साथ बेहरमी से मारपीट की और पड़ोसियों के घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ कर भाग निकले।

*काम पिछड़ने पर कलेक्टर ने किया ऐलान*

# एसआईआर में टारगेट पूरा करने बीएलओ को मिलेगी ट्रॉफी, चुने जाएंगे 'स्टॉर ऑफ द डे'


डीआईजी बंगला स्थित गौतम नगर में बीएलओ फार्म वितरित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार नवंबर से शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम चल रहा है। पिछले 18 दिन में बीस फीसदी गणना पत्रकों को डिजिटाइज किया गया है। काम में तेजी लाने के लिए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जिले के 2029 बीएलओ को प्रतिदिन टारगेट पूरा करने पर प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देने का ऐलान किया है। इसके साथ एसडीएम दफ्तर में नोटिस बोर्ड पर स्टार ऑफ द डे में बीएलओ का नाम लिखा जाएगा।

टारगेट में 22 नवंबर तक 40 फीसदी काम पूरा करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। जबकि 23 को 50, 24 को 60, 25 को 70, 26 को 80, 27 को 95 और 29 नवंबर तक 90 फीसद काम पूरा करने वाले बीएलओ को ट्रॉफी दी जाएगी। इसके साथ बैरसिया और हुजूर के बीएलओ को अलग टारगेट दिया गया है।

### गणना पत्रक नहीं मिलने पर बीएलओ से बदसलूकी एफआईआर

शुक्रवार को नरेला के छोला स्थित ब्लूमून कॉलोनी में बूथ नंबर-98 की बीएलओ शकुंतला बाथम एक जगह पर बैठकर गणना पत्रक भरने का काम कर रही थीं, तभी वहां पर मोहल्ले में रहने वाली शाबरा खातून और सफरान खान आए और गणना पत्रक नहीं मिलने पर बीएलओ से बदसलूकी करने लगे। बीएलओ के समझाने पर भी वह नहीं माने और झूमाझटकी कर दी। थाना प्रभारी सरस्वती तिवारी ने बताया कि बीएलओ ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### महिला बीएलओ को आया हार्ट अटैक

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदान 45 पर बीएलओ कीर्ति कौशल की तबीयत बिगड़ गई। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं टीटीनगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने बीएलओ को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने बताया कि उनको हार्ट अटैक आया था।



*राज्यपाल पटेल के नाम ज्ञापन सौंपा*

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने की धारा 54 लगाने सहित आरजीपीवी को तीन क्षेत्रों में बांटने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की नैक मूल्यांकन प्रक्रिया पर उठे सवाल अब एक बड़े अकादमिक विवाद में बदल गए हैं। अभाविप ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर आरजीपीवी में तत्काल धारा 54 लागू करने की मांग की है।

प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने इस ज्ञापन में कहा है कि गलत एवं भ्रामक एसएसआर तैयार करने वालों, नैक इंचार्ज डॉ. अर्चना तिवारी तथा गलत दस्तावेज तैयार करने वाले सभी दोषियों पर कार्रवाई की जाए। प्रदेश इतने बड़े तकनीकी विश्वविद्यालय का सुचारू संचालन के लिए आरजीपीवी को प्रदेश की तीन क्षेत्रों में विभाजित किया जाए। निर्णय न होने की स्थिति में अभाविप राजभवन के खिलाफ भी आंदोलन करने को बाध्य होगी। इसके पहले अभाविप के प्रतिनिधिमंडल द्वारा तकनीकी एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से मुलाकात कर आरजीपीवी में धारा 54 लागू करने और एसएसआर मूल्यांकन प्रक्रिया की जांच कराने की मांग की थी।




### विश्वविद्यालय के नए कुलपति की नियुक्ति होने तक पदभार संभालेंगे प्रो. चौबे

इधर, बढ़ते विरोध को देखते हुए मामले में कुलगुरु प्रो. राजीव त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत इस्तीफे को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वीकार कर लिया है। राज्यपाल पटेल ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम-1998 के प्रावधानों के अंतर्गत विश्वविद्यालय के नए कुलपति की नियुक्ति होने तक आरजीपीवी भोपाल के संकायाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोफेसर एससी चौबे को पदभार संभालने के लिए निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि अभाविप ने कुलपति के कक्ष के बाहर प्रदर्शन भी किया था।

*एनएसयूआई ने की गिरफ्तारी की मांग*

## देव मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल में न एमबीबीएस डॉक्टर, न नर्सिंग स्टाफ, ओपीडी भी बंद, लाइसेंस रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के देव मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल में भारी अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। शिकायतकर्ता रवि परमार की शिकायत पर जांच में अस्पताल में न एमबीबीएस डॉक्टर मिले, न नर्सिंग स्टाफ और ओपीडी भी बंद मिली। रजिस्टर के अनुसार पिछले एक महीने से एक भी मरीज भर्ती नहीं हुआ पाया गया। नियमों का उल्लंघन सामने आने पर अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर दिया है।

एनएसयूआई ने फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए अस्पताल संचालकों व डॉक्टरों पर एफआईआर और गिरफ्तारी की मांग उठाई है। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा द्वारा गठित जांच दल ने देव अस्पताल का निरीक्षण किया था। जांच में सामने आया कि 16 अक्टूबर के बाद कोई भी मरीज भर्ती नहीं हुआ। निरीक्षण दल ने पाया कि डॉ. नसीम खान अस्पताल में रेजिडेंट नहीं हैं, फिर भी उनके नाम पर मरीज आराम गुर्जर की प्री-एमएलसी बनाई गई। ऐसे में डॉ. खान द्वारा बनाई आरएसओ रिपोर्ट संदिग्ध है।



अस्पताल में अनियमितताएं मिली।

### लाखों का फर्जीवाड़ा

यह मामला सरकारी योजनाओं में लाखों के फर्जीवाड़े, मरीजों के फर्जी दस्तावेज तैयार करने और प्रशासन को गुमराह करने से जुड़ा हुआ है। अस्पताल बंद करना पर्याप्त नहीं। जब तक एफआईआर और गिरफ्तारी नहीं होती तथा सरकारी योजनाओं की ठगी की राशि वसूल नहीं की जाती, तब तक एनएसयूआई लड़ाई जारी रहेगी।
**रवि परमार**, उपाध्यक्ष, एनएसयूआई

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

*शॉर्ट-सर्किट से आग लगने का अनुमान*

आग की लपटें दूसरी दुकानों तक भी पहुंची, दुकानदारों की सतर्कता से फैलाव रुका

## कोलार में ब्यूटी सैलून में लगी आग से लाखों का नुकसान, जनहानि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार के आईबीडी इंपोरिया मॉल के सेकंड फ्लोर पर शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे एक ब्यूटी सैलून में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकलों ने आग पर काबू पाया। तब तक सैलून में लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो चुका था।

दुकानदारों की सर्कतकता से आसपास की दुकानें आग की चपेट में आने से बच गईं। आसपास की दुकानों में मामूली नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार माल के सेकंड फ्लोर पर इलाइट ब्यूटी सैलून है। सुबह जब दुकान का शटर खोला गया तो आग लगी हुई थी। यह दृश्य देखकर आसपास के लोग भी घबरा गए और दहशत फैल गई। इसकी सूचना तत्काल फायर बिग्रेड को दी गई। मौके पर पहुंची तीन दमकलों ने आग पर काबू पाया। आसपास की दुकानों तक पहुंची आग की लपट को देखते हुए वहां भी दमकलों ने पानी का छिड़काव किया गया। आग से करीब 15 लाख रुपए का नुकसान आंका गया है। फायर अमला मौके पर पौने दो घंटे मौजूद रहा। कोलार फायर सब-स्टेशन के प्रभारी पंकज खरे ने बताया कि इंपोरिया माल में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकलें मौके पर रवाना हुईं। तीन दमकलों ने आग पर काबू पाया। आग से एक ब्यूटी सैलून को नुकसान हुआ है। आसपास भी आग की लपटें पहुंची, लेकिन किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ।


आग से सैलून का सामान जल गया।

### कपड़े का सामान अधिक था

ब्यूटी सैलून में कपड़े का सामान अधिक था। इसलिए आग तेजी से भड़क गई। यहां लगे एसी, पंखें व सैलून में उपयोग की जाने वाली मशीनें भी बुरी तरह से झुलस गईं।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 22 नवंबर 2025


संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. मनमोहन वैद्य की पुस्तक 'हम और यह विश्व' के विमोचन समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा

# वैश्विक मंच पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी व निर्णायक देश के रूप में उभर रहा है भारत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

'हम और यह विश्व' सिर्फ एक पुस्तक नहीं, बल्कि भारत के गौरवशाली अतीत का दर्पण और भविष्य निर्माण की दिशा दिखाने वाला ग्रंथ है। यह पुस्तक आठ वर्षों के अनुभवों का संग्रह है, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी पर दो महत्वपूर्ण लेख भी शामिल हैं। आज का भारत तेजी से बदल रहा है, हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और विश्व मंच पर एक

▸▸ शेष पेज 11 पर



जगदीप धनखड़

### ▸▸ डॉ. वैद्य ने कहा- भारत को जानें, भारत को मानें, भारत के बनें और फिर भारत को बनाएं



विमोचन करते हुए

### डॉ. वैद्य बोले- संघ को लेकर समाज में संवाद की गहरी उत्सुकता

*डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि भारत को बनाने से पहले आवश्यक है कि हम पहले भारत को मानें, उसके बाद भारत को जानें, फिर भारत के बनें और उसके बाद भारत को बनाएं। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत उस अनुभव से की जिसने उन्हें लेखन की ओर प्रेरित किया। संघ के तृतीय वर्ष प्रशिक्षण वर्ग में जब प्रणब मुखर्जी को संबोधन के*

▸▸ शेष पेज 11 पर

**वेलफेयर स्टेट की अवधारणा भारत की अपनी अवधारणा नहीं**

डॉ. वैद्य ने भारत की अवधारणा पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें उन कथनों को समझना होगा जो हमारी सोच को प्रभावित करते हैं। उन्होंने लोकप्रिय गीत सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा की पंक्ति हम बुलबुले हैं इसके पर बताया कि ऐसे भाव हमें अपनी मूल चेतना से दूर करते हैं। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि भारत में

▸▸ शेष पेज 11 पर

## मैक्सिकन मॉडल फातिमा बॉश मिस यूनिवर्स 2025 की विजेता बनी

# उनको भरे मंच से बेवकूफ कहा गया, वे बोलीं-किसी को यह मत कहने दो कि तुम 'कम' हो

◆ सफाई देने मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम तक को सामने आना पड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



फातिमा बॉश

मिस यूनिवर्स 2025 के ताज पर मैक्सिको की मॉडल मिस मैक्सिको फातिमा बॉश की दावेदारी रही। टॉप 5 में जगह बनाने के बाद विजेता के रूप में फातिमा के नाम का ऐलान हुआ।

मंच पर जब उन्हें ताज पहनाया गया तो वे भावुक हो गईं। मानो यह जीत उनकी वर्षों की मेहनत, महीनों के धैर्य और डेडिकेशन का फल था। फिनाले से पहले इस महीने की शुरुआत में फातिमा को लेकर विवाद हुआ था।

उन्हें कथित तौर पर भरे मंच से बेवकूफ कहा गया। इसका फातिमा ने विरोध जताया। इस बार इस सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन थाईलैंड में हुआ। उन्हें मिस थाइलैंड के निदेशक नवात इत्साराग्रिसिल के तीखे शब्दों का सामना करना पड़ा। कथित तौर पर निदेशक ने थाइलैंड से संबंधित प्रमोशनल कंटेंट न साझा करने की वजह से सभी के सामने अपमानजनक शब्द बोलते हुए फातिमा को फटकार लगाई थी। नवात ने फातिमा को बेवकूफ कहा था।

फातिमा ने कहा कि दुनिया को यह देखना चाहिए। यह मंच हमारी आवाज उठाने का है।


हम मजबूत महिलाएं हैं। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम तक को प्रतिक्रिया देनी पड़ी। बाद में डायरेक्टर ने माफी मांगी। इंस्टाग्राम पर फातिमा के 2.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

### इस जवाब से जीता दिल

उनसे पूछा गया कि वह अपने टाइटल का इस्तेमाल दुनियाभर को एक सुरक्षित स्थान बनाने के लिए कैसे करेंगी? इस पर उन्होंने कहा-खुद पर विश्वास करो। आपके सपने मायने रखते हैं। आपका दिल मायने रखता है। किसी को यह मत कहने दो कि तुम कम हो, क्योंकि तुम हर चीज की हकदार हो। अपने इस जवाब से उन्होंने दिल जीत लिया।

## खबर संक्षेप

### जेईई में कैलकुलेटर पूरी तरह प्रतिबंधित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन 2026) के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा तिथियां किसी अन्य प्रतियोगी परीक्षा से टकराती है तो एनटीए परीक्षा तिथि या पाली में कोई परिवर्तन नहीं करेगा। एजेंसी ने साफ किया कि तय की गई तारीखें और स्लॉट कंप्यूटर द्वारा रैंडम तरीके से आवंटित होते हैं और इन्हें बदला नहीं जा सकता। एनटीए ने स्पष्ट किया परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।

### मनरेगा के 99.67 प्रतिशत श्रमिक आधार से जुड़े



**नई दिल्ली।** ग्रामीण विकास मंत्रालय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत प्रयासरत है। ताकि ग्रामीण परिवार इस अधिनियम के प्रावधानों का लाभ प्राप्त कर सकें। मनरेगा का दायरा बहुत बड़ा है। इसमें देश भर के 2.69 लाख ग्राम पंचायतों में 26 करोड़ से अधिक पंजीकृत श्रमिक हैं।

**इस फॉर्मूले का क्या होगा?**
ढाई साल सिद्धारमैया व ढाई साल डीके शिवकुमार के लिए तय की गई थी कुर्सी

## कर्नाटक में सीएम की कुर्सी को लेकर बढ़ गई तकरार...दोनों गुटों के विधायकों का दिल्ली कूच

# सिद्धारमैया पद छोड़ने को नहीं तैयार पर डीके शिवकुमार हैं बेहद बेकरार

*कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर उठ रहा राजनीतिक विवाद फिलहाल पार्टी के भीतर अनुशासन लागू करने के फैसले के साथ शांत करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन आने वाले महीनों में पार्टी नेतृत्व के फैसलों और विधायकों के व्यवहार से यह स्पष्ट हो जाएगा कि कर्नाटक में सत्ता संतुलन किस दिशा में आगे बढ़ता है*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के भीतर नेतृत्व को लेकर उठ रही चर्चाओं ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। इसी बीच, एआईसीसी ने राज्य के विधायकों और नेताओं को सख्त चेतावनी जारी की है कि वे नेतृत्व से जुड़े किसी भी मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बयान न दें। यह कदम उस समय उठाया गया है जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है।

एआईसीसी महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी ने सभी विधायकों को निर्देश दिए हैं कि वे मीडिया में नेतृत्व से जुड़े मुद्दों पर अनावश्यक बयानबाजी न करें। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं की ओर से दिए जा रहे बेवजह बयानों से भ्रम और सियासी अटकलें बढ़ी हैं, जिससे पार्टी और सरकार दोनों की छवि प्रभावित हो रही है। सुरजेवाला की चेतावनी उस समय आई जब एक मंत्री और शिवकुमार

▸▸ शेष पेज 11 पर

**सिद्धारमैया बोले- मैं ही अगला बजट पेश करूंगा**



फाइल फोटो

**शिवकुमार गुट के विधायकों के शक्ति प्रदर्शन पर कांग्रेस सख्त, सुरजेवाला बोले अनावश्यक बयान न दें**

### रोटेशनल फॉर्मूले पर अब भी सस्पेंस

मई 2023 में विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार में कड़ी टक्कर थी। तब यह खबरें चली थीं कि पार्टी ने एक रोटेशन फॉर्मूला तय किया है, जिसके तहत ढाई साल बाद शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि, पार्टी ने इसे कभी आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया। अब सिद्धारमैया ने स्पष्ट कहा है कि वे पांच साल का पूरा कार्यकाल पूरा करेंगे।

**मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा**

### नेतृत्व परिवर्तन का फैसला हाईकमान करेगा

नेतृत्व परिवर्तन पर मंत्रियों और विधायकों को सार्वजनिक रूप से बोलने से रोकने के निर्देश पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पार्टी हाई कमांड जो भी फैसला करता है, उसे सभी को मानना होगा चाहे वह मंत्री हों या विधायक। मुझे और शिवकुमार को भी इसका पालन करना चाहिए। जब उनसे कहा गया कि शिवकुमार के भाई डी के सुरेश ने कहा था कि सिद्धारमैया कभी अपनी बात से पीछे नहीं हटते हैं। इस पर सीएम ने कहा, हां...वह सही हैं। मैं

▸▸ शेष पेज 11 पर

**डीके शिवकुमार ने कहा**

### गुटबाजी करना मेरे खून में नहीं

राज्य में सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों पर डीके शिवकुमार ने कहा कि गुटबाजी करना मेरे खून में नहीं है। सभी 140 एमएलए मेरे एमएल हैं। मुख्यमंत्री ने तय किया कि वह सरकार, कैबिनेट में फेरबदल करेंगे। इसलिए वे सभी मंत्री बनने में दिलचस्पी रखते हैं। यह स्वाभाविक है कि वे दिल्ली जाकर नेताओं से मिलेंगे। इसके अलावा मैं क्या कह सकता हूं? उन्हें पूरा अधिकार है। मैं किसी को नहीं ले गया। उनमें से कुछ लोग खरगे साहब से भी मिले। क्या गलत है? यह उनकी जिंदगी है। किसी ने उन्हें बुलाया नहीं है, वे अपनी मर्जी से जा रहे हैं और अपना चेहरा दिखा रहे हैं। वे अपनी मौजूदगी दिखाना चाहते थे कि वे सबसे आगे हैं और काम कर सकते हैं और उन्हें जिम्मेदारी चाहिए।

## प्रमोशन में आरक्षण पर हाईकोर्ट में सुनवाई

# सपाक्स ने कहा-नई प्रमोशन पॉलिसी पर रोक लगाई जाए

**राज्य सरकार अपना पक्ष प्रस्तुत करेगी**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

मध्य प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण जबलपुर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान सपाक्स की ओर से पेश वकीलों ने नई प्रमोशन पॉलिसी को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से तय किए गए मापदंडों का पालन नहीं किया। उन्होंने बिना आंकड़े जुटाए पॉलिसी लागू करने का आरोप लगाया। सपाक्स ने दलील दी कि नई नीति जल्दबाजी में और बिना संवैधानिक आधार के लागू की गई। याचिकाकर्ता पक्ष ने तर्क दिया कि

▸▸ शेष पेज 11 पर

**राजगढ़-इंदौर में** 8 डिग्री रहा तापमान, भोपाल में 9.6 डिग्री

## भोपाल और राजगढ़ में शीतलहर से मिलेगी राहत.... पचमढ़ी जमा



पचमढ़ी में सुबह के समय धुंध में छिपे पहाड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

हवाओं का रुख बदलने से रात के तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने लगी है। जिससे भोपाल, इंदौर, राजगढ़ सहित कई शहरों में तेज ठंड से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। उधर, शुक्रवार को भोपाल, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर, नरसिंहपुर और शिवपुरी में शीतलहर और खंडवा, खरगोन में तीव्र शीतलहर का प्रभाव रहा। रात का सबसे कम 5.8 डिग्री सेल्सियस तापमान पचमढ़ी में रिकॉर्ड हुआ।

जबकि राजगढ़ और इंदौर में तापमान आठ डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। हालांकि ज्यादातर शहरों में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी से आम लोगों को ठंड से राहत

▸▸ शेष पेज 11 पर

**रात का सबसे कम 5.8 डिग्री सेल्सियस तापमान पचमढ़ी में रिकॉर्ड हुआ**

### रात के तापमान में बढ़ोतरी

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि हवाओं का रुख पूर्वी होने से दिन और रात के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। इस वजह से दो दिन में प्रदेश को शीतलहर से राहत मिलने के आसार हैं। हवाओं के साथ अब कुछ नमी भी आने लगी है। इस वजह से कई शहरों में सुबह के समय हल्की धुंध छाने से मामूली रूप से दृश्यता भी प्रभावित होने लगी है। इस तरह की स्थिति अभी तीन-चार दिन तक बनी रह सकती है। उसके बाद तापमान में फिर गिरावट का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

**मुख्यमंत्री ने** 140 करोड़ मंजूर किए

## महाकाल लोक के बाद अब उज्जैन में बनेगा 'शनि लोक'



2 हजार वर्ष पुराने मंदिर में शनि शिवरूप में विराजमान

**उज्जैन।** विकास यात्रा में अब उज्जैन एक और भव्य धार्मिक स्थल का साक्षी बनने जा रहा है। महाकाल लोक की तर्ज पर शनि लोक का भव्य निर्माण किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 140 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। यहां अति प्राचीन शनि मंदिर में शनि लोक का भव्य नजारा दिखाई देगा। यह वही स्थान है, जहां शनि महाराज शिवलिंग स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं और उनके कष्ट हरते हैं। मंदिर के पुजारी राकेश बैरागी के अनुसार यह मंदिर लगभग

▸▸ शेष पेज 11 पर

**केरल, यूपी समेत** अन्य राज्यों में सर को चुनौती

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब



केरल की याचिका पर जल्द सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केरल, यूपी समेत कई राज्यों में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करने की सहमति दी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने विभिन्न राज्यों में सर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली नेताओं की नई याचिकाओं पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। केरल की याचिका पर जल्द सुनवाई होगी, क्योंकि वहां स्थानीय

▸▸ शेष पेज 11 पर

**दिल्ली के बाद** रीवा में स्टूडेंट ने दी जान

## सुसाइड नोट में ये लिखा टीचर परेशान करता था



दिल्ली में 4 टीचर सस्पेंड एफआईआर भी

**रीवा/नई दिल्ली।** यहां पर एक निजी विद्यालय की छात्रा ने शिक्षक की हरकतों से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। दरअसल, पूरा मामला जिले के सेमरिया स्थित संस्कार शिक्षा निकेतन विद्यालय का है। छात्रा के पास से मोबाइल और सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इस नोट में लिखा कि शिक्षक पीटने के दौरान हाथ पकड़ते थे और अनुचित तरीके से छूते थे। इस घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूटा है। आगे लिखा कि टीचर अपनी मुट्ठी बंद कर

▸▸ शेष पेज 11 पर

**खनिज कारोबारी के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की दबिश**

सर्चिंग में 5 कारतूस, 22 से ज्यादा चेकबुक और 21 लाख नगद मिले

## मां-बेटे से ठगे 35 करोड़, रिटर्न के नाम पर थमा दिया बोगस चेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश की आर्थिक अपराध शाखा ने भोपाल के कारोबारी दिलीप गुप्ता के दफ्तर और घर पर छापे मारे हैं। दो अलग-अलग टीमें शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एमपी नगर जोन 2 में ऑफिस और चूना भट्टी में गुप्ता के घर पर पहुंची।

उनके ऑफिस से 5 कारतूस और एक दर्जन चेकबुक और 21 लाख नगद जब्त किए गए हैं। बड़ी संख्या में रजिस्ट्री और प्रॉपर्टी संबंधी एग्रीमेंट भी मिले हैं। उनके घर से भी 10 से ज्यादा चेक बुक और रजिस्ट्री सहित बैंकिंग दस्तावेज मिले हैं। अफसर दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रहे हैं। ईओडब्ल्यू ने एक महीने पहले गुप्ता और उनकी कंपनियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। गुप्ता और उनकी कंपनियों- मेसर्स डीजी माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स श्री मां सीमेंटेक प्राइवेट लिमिटेड

▸▸ शेष पेज 11 पर

**10 रुपए के शेयर को 12 हजार रुपए में बेचा**



दिलीप गुप्ता के दफ्तर में कार्रवाई

### दो बैंकों से लोन लेकर निवेश किया

भोपाल निवासी विनीत जैन और उनकी मां लता जैन ने ईओडब्ल्यू से मामले की शिकायत की थी। जैन ने कहा था कि उन्होंने आईसीआईसीआई बैंक से 2.75 करोड़ और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस से 4.45 करोड़ रुपए का लोन लिया। इसकी पूरी राशि गुप्ता को निवेश के लिए दे दी। जैन ने आरोप लगाया कि गुप्ता ने उन्हें भारी

▸▸ शेष पेज 11 पर




# अब नहीं मिलेगा जीएसटी कटौती में घटे दाम का लाभ

# एमपीसीडीएफ ने जीएसटी कटौती के डेढ़ महीने बाद ही बढ़ा दिए सांची घी में 30 रुपए लीटर दाम

## भोपाल सहित प्रदेशभर के सांची घी प्रेमी ग्राहकों की जेब पर महंगाई का बोझ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में संशोधन 22 सितंबर 2025 से प्रभावी किया। जिसके बाद सांची घी पर जीएसटी की दर 12 फीसदी से घटकर 5 हो गई थी और दाम प्रति लीटर 40 रुपए सस्ता हुआ था। लेकिन डेढ़ महीने बाद ही एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) के निर्देश पर भोपाल सहकारी दुग्ध संघ सहित सभी दुग्ध संघों ने सांची गाय घी और सांची भैस घी दोनों में ही 30 रुपए प्रति लीटर की मूल्य वृद्धि कर दी। इस मूल्य वृद्धि के बाद अब उपभोक्ताओं की जीएसटी कटौती का लाभ नहीं मिलेगा। क्योंकि जीएसटी कटौती के पहली यानी 22 सितंबर 2025 के पूर्व सांची घी की एमआपी 630 रुपए लीटर थी, जो जीएसटी कटौती के बाद 40 रुपए की कटौती के बाद सांची घी की एमआरपी 590 रुपए प्रति लीटर हो गई। मगर अब एमपीसीडीएफ के निर्देश पर भोपाल सहित प्रदेश भर के दुग्ध संघों द्वारा सांची घी के दाम में 30 रुपए की मूल्य वृद्धि किए जाने के बाद अब इसकी एमआरपी 620 रुपए प्रति लीटर हो गई है। अतः जीएसटी दर में कटौती से घटे दाम का लाभ अब ग्राहकों को इस मूल्य वृद्धि के बाद नहीं मिलेगा।

एमपीसीडीएफ के डीपी सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन दुग्ध संघों के जरिए समूचे प्रदेश में सालाना 5 हजार मीट्रिक टन घी की बिक्री की जाती है। बात रोजाना की करें तो समूचे प्रदेश में करीब 14 टन रोजाना सांची घी बिकता है। वहीं भोपाल दुग्ध संघ के मार्केटिंग प्रभारी शलभ सियोते ने बताया कि राजधानी भोपाल जिले में प्रतिमाह घी की खपत 100 टन की है। शलभ सियोते ने बताया कि सांची के दाम में मूल्य वृद्धि 16 नवंबर 2025 से लागू है। गाय और भैस घी में क्रमशः 30-30 रुपए प्रति लीटर की मूल्य वृद्धि हुई है। अतः मूल्य वृद्धि के बाद सांची भैस घी की एमआरपी 620 रुपए और सांची गाय घी की एमआरपी 667 रुपए हो गई है। इसके साथ ही 5 लीटर, आधा लीटर और 200 एमएल पैक के घी में भी मूल्य वृद्धि हो गई है। उल्लेखनीय है कि सांची घी के दाम में हुई इस मूल्य वृद्धि के बाद सांची घी प्रेमी ग्राहकों की जेब पर अब महंगाई का बोझ पड़ेगा और 30 रुपए प्रति लीटर घी के दाम अधिक चुकाना पड़ेगा।



सांची घी

### सांची घी के प्रति लीटर दाम पर एक नजर

- जीएसटी कटौती के पहले — एमआरपी 630 रुपए
- जीएसटी कटौती के बाद — एमआरपी 590 रुपए
- **अब 30 रुपए मूल्य वृद्धि के बाद**

सांची भैंस घी की एमआरपी 620 रुपए और सांची गाय घी की एमआरपी 667 रुपए हुई

## फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसो. की बैठक

# तीन दिवसीय महाअधिवेशन आयोजित करने पर हुई चर्चा


बैठक करते पदाधिकारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन की कोर कमेटी एवं भोपाल टेंट लाइट कैटर्स एसोसिएशन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश का तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी महाधिवेशन 31 अगस्त से 2 सितंबर 2026 में राजधानी स्थित फोर लेक गार्डन में आयोजित किया जाएगा।

फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से कोर कमेटी संयोजक रामबाबू शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना वर्मा, राकेश तिवारी, रिंकू भटेजा, स्वदेश सोनी महासचिव, गुड्डा अग्रवाल महासचिव राजेश हांडियां कोषाध्यक्ष, संजय जैन प्रवक्ता, योगेश श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, मोहम्मद इस्माइल नर्मदापुरम संभाग प्रभारी, ललित शर्मा उज्जैन सह संभाग प्रभारी, हरि नारायण राठौर उपस्थित थे।

## वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस को आईपीओ का मिला अप्रूवल

**नई दिल्ली।** वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने घोषणा की कि उसे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया से अपने इक्विटी शेयरों को एनएसई के इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट करने के लिए इन-प्रिंसिपल अप्रूवल प्राप्त हुआ है। यह मंजूरी कंपनी की ओर से सभी नियामकीय आवश्यकताओं और आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी करने के अधीन है। इन-प्रिंसिपल अप्रूवल, कंपनी के ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करने के बाद एक महत्वपूर्ण नियामकीय उपलब्धि है।

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण सक्सेना की पुण्य स्मृति में राधारमण ग्रुप में रक्तदान



रक्तदान

**भोपाल।** स्वर्गीय राधारमण सक्सेना (संस्थापक राधारमण समूह) की पुण्य स्मृति में राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सभी संस्थानों द्वारा भावपूर्ण रक्तदान शिविर का आयोजन राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल में किया गया। यह शिविर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा भोपाल एवं एचडीएफसी बैंक, शक्ति नगर शाखा के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुआ। स्वर्गीय राधारमण सक्सेना के जीवन मूल्यों, सर्वजन कल्याण, सेवा और मानवता को नमन करते हुए इस पावन कार्यक्रम का शुभारंभ आरजीआई समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने अपने कर-कमलों से किया। कार्यक्रम के आरंभ में उनकी आवाज में भावनाएं स्पष्ट झलक रही थीं। उन्होंने कहाकि रक्तदान केवल दान नहीं, जीवन देने वाला अनमोल उपहार है।

### आरकेडीएफ में कॅरियर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित



सम्मान

**भोपाल।** कॉर्पोरेट जगत में सफलता के लिए ईमानदारी, अद्यतन ज्ञान और प्रोफेशनल एथिक्स अनिवार्य हैं। यह विचार सीएस पीके राय, पूर्व चेयरमैन, आईसीएसआई भोपाल चैप्टर ने आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, भोपाल में आयोजित करियर अवेयरनेस प्रोग्राम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन कॉमर्स फैकल्टी और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक स्थित सेमिनार हॉल में किया गया। राय ने कंपनी सेक्रेटरी प्रोफेशन के बढ़ते दायरे, कॉर्पोरेट गवर्नेंस की प्रासंगिकता और स्टार्टअप इकोसिस्टम में प्रोफेशनल्स की बढ़ती मांग पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के निर्देशन में हुआ। कुलपति प्रो. विजय कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को बहुआयामी कौशल विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल कोर्सेज और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग आज के समय की प्रमुख जरूरत हैं। रजिस्ट्रार डॉ. सतेंद्र सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के करियर निर्माण के लिए उपयोगी बताया।

### सिस्टेक बिजनेस स्कूल में इंटर कॉलेज मैनेजमेंट फेस्ट का आयोजन



आयोजन

**भोपाल।** सागर ग्रुप के सिस्टेक बिजनेस स्कूल ने अपने गांधी नगर कैंपस में बी-स्कूल इंटरकॉलेज मैनेजमेंट फेस्ट सागर एक्सुबेरैंस 4.0' का आयोजन किया। दो दिवसीय फेस्ट में राज्य के 75 कॉलेजों के 800 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फेस्ट का उद्देश्य मैनेजमेंट के छात्रों को कौशल, रचनात्मकता, टीम वर्क, प्रतिस्पर्धी भावना और उद्यमशीलता की सोच को बढ़ावा देना रहा। मैनेजमेंट फेस्ट का उद्घाटन मुख्य अतिथि राकेश भौजनगरवाला, कार्यकारी उपाध्यक्ष, एक्सिस बैंक, पश्चिम क्षेत्र, मुंबई और मुकेश पंजवानी, प्रबंध निदेशक, हर्ष एक्सप्रेस ने किया।

### सीडीएसएल ने छात्रों के लिए एक नवाचार चुनौती का पहला आइडियाथॉन शुरू किया

**मुंबई।** एशिया की पहली सूचीबद्ध डिपॉजिटरी और 16.7 करोड़ से ज़्यादा डीमैट खातों की विश्वसनीय संरक्षक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) ने छात्रों के लिए एक नवाचार चुनौती, अपना पहला आइडियाथॉन शुरू किया है। रीइमेजिन आइडियाथॉन, सीडीएसएल के वार्षिक रीइमेजिन सिम्पोजियम के तीसरे संस्करण के तहत एक पहल है। डिपॉजिटरी इकोसिस्टम 21 करोड़ से ज़्यादा निवेशकों के डीमैट खातों की संपत्तियों को सुरक्षित रखता है। प्रतिभूति बाजार में भागीदारी को और मजबूत करने और नागरिकों को इस विकास गाथा से लाभान्वित होने से रोकने वाली बाधाओं को रणनीतिक रूप से दूर करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

## अवैध कॉलोनियों पर नियंत्रण सहित कई मुद्दों का सुझाव क्रेडाई ने आयुक्त को सौंपा

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ाने पर जोर, रियल एस्टेट और शहरी विकास से जुड़े मुद्दों पर बनी सहमति

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

डेवलपर्स और बिल्डरों की शीर्ष संस्था क्रेडाई भोपाल का एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम आयुक्त से मिला और अवैध कॉलोनियों पर नियंत्रण संबंधी सुझाव के साथ अन्य कई विषयों से संबंधी सुझाव पत्र सौंपा। ज्ञात को कि आयुक्त संस्कृति जैन से मनोज मीक के नेतृत्व में क्रेडाई भोपाल का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उनके कार्यालय में मिला और इस दरमियान सीएस मॉनिटरिंग मीटिंग में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बैठक भी हुई। जिसमें निगम-स्तर पर त्वरित समाधान की दिशा में कार्यवाही, क्रेडाई द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में शामिल विषय जैसे- भवन अनुमति प्रक्रियाएं, त्रिपक्षीय अनुबंध, संपत्ति कर, मरम्मत शुल्क, लेबर सेस, अवैध कॉलोनियों पर नियंत्रण आदि पर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर आयुक्त ने इन बिंदुओं को निगम-स्तर पर शीघ्र निराकरण के लिए नोट कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### शासन व संचालनालय-स्तर के मुद्दों पर संयुक्त पहल

इसके अलावा ऐसे बिंदु जिनका समाधान शासन या संचालनालय स्तर पर संभव है, उन पर आयुक्त ने क्रेडाई के साथ संयुक्त रूप से आगे बढऩे की सहमति व्यक्त की। आयुक्त ने कहा कि नगर निगम भवन अनुमति, कॉलोनी अनुमोदन, कंप्लीशन, संपत्ति कर सहित सभी प्रक्रियाओं को पूरी तरह ऑनलाइन करने की दिशा में काम कर रहा है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी, समय-सीमा सुनिश्चित होगी और राजधानी में ईज ऑफ़ डूइंग बिजऩेस को मजबूती मिलेगी। क्रेडाई अध्यक्ष ने इस पूरी प्रक्रिया में तकनीकी एवं संस्थागत सहयोग का आश्वासन दिया और अवैध कॉलोनियों पर नियंत्रण के लिए सुझावों पर सहमति प्रदान की। अवैध कॉलोनियों की पहचान, रोकथाम व नागरिक जागरूकता के लिए क्रेडाई द्वारा दिए गए सुझावों को आयुक्त ने व्यवहारिक और आवश्यक बताते हुए इनके क्रियान्वयन में सहयोग का भरोसा दिलाया।

## एक्सिस मल्टी-एसेट एक्टिव फंड ऑफ फंड लांच

**मुंबई।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस मल्टी-एसेट एक्टिव फंड ऑफ फंड (एफओएफ) लांच करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड्स स्कीम है, जो इक्विटी-ओरिएंटेड और डेट-ओरिएंटेड म्यूचुअल फंड स्कीम्स और कमोडिटी-आधारित ईटीएफ में निवेश करेगी। इस न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) की सब्सक्रिप्शन अवधि 21 नवंबर 2025 से 5 दिसंबर 2025 तक रहेगी। यह फंड एक समझदारी से मैनेज किए गए पोर्टफोलियो में इक्विटी, डेट, सोना और चांदी—इन सभी में निवेश का एक्सपोज़र एक साथ उपलब्ध कराता है। इस प्रक्रिया में वैल्यूएशन, मैक्रो इंडिकेटर्स, मार्केट ट्रेंड्स और कमोडिटी फैक्टर्स को ध्यान में रखा जाएगा।

## एयर इंडिया ने की नए ग्लोबल मैन्यू के शुरूआत की घोषणा

एजेंसी ▶▶ गुरूग्राम

अग्रणी ग्लोबल एयरलाईन एयर इंडिया ने अपने फ्लीट में नए ग्लोबल मैन्यू की शुरूआत की घोषणा की है। देश की विविध पाककला से प्रेरित इस मैन्यू में अवध के शाही व्यंजनों से लेकर दक्षिण भारत के तटीय फ्लेवर्स तथा पैन-एशियाई, यूरोपीय बिस्त्रो एवं विभिन्न भोगौलिक क्षेत्रों के बेहतरीन व्यंजन शामिल किए गए हैं। इस नए मैन्यू को भारत के बाहर ज़्यादातर अंतर्राष्ट्रीय रूट्स जैसे दिल्ली से लंदन हीथ्रो, न्यूयॉर्क, मेलबर्न, सिडनी, टोरंटो और दुबई तथा मुंबई एवं बैंगलुरू से सैन फ्रांसिस्को; और मुंबई से न्यूयॉर्क पर पेश किया गया है। धीरे-धीरे इसे शेष सभी अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतर्राज्यीय रूट्स पर भी शुरू किया जाएगा। भारत के फ्लेवर्स से लेकर विश्वस्तरीय व्यंजनों के प्रभाव के संयोजन के साथ यह मैन्यू स्वाद से भरपूर एक कहानी बुनता है। हर यात्री को लुभाने के लिए इसमें क्षेत्रीय व्यंजनों से लेकर यूरोपीय बिस्त्रो और पैन-एशियाई जैसे विश्वस्तरीय व्यंजनों का अनूठा मिश्रण पेश किया गया है। इसी तरह बिजनेस क्लास में कस्टमाइज़ विकल्पों के साथ मल्टी-कोर्स गॉरमे मील और क्युरेटेड ड्रिंक्स परोसी जाती हैं।

## ओप्पो इंडिया ने पेश की फाइंड एक्स9 सीरीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ओप्पो इंडिया ने भारत में अपनी फाइंड एक्स9 सीरीज पेश की। यह भारत में प्रीमियम सेगमेंट में एक बेहतरीन पेशकश है। फाइंड एक्स की विरासत को आगे बढ़ाते हुए इस नई सीरीज में फाइंड एक्स9 और फाइंड एक्स9 प्रो स्मार्टफोन शामिल हैं, जो फ्लैगशिप स्मार्टफोन के लिए नए मानक स्थापित कर रहे हैं। यह नई सीरीज शानदार ऑल-राउंड अनुभव प्रदान करती है। इसमें नए युग का हैसलब्लैड कैमरा सिस्टम, जबरदस्त बैटरी लाईफ, शक्तिशाली परफॉरमेंस और सुगम एवं स्मार्ट कलर ओएस16 जैसी अनेक खूबियां हैं। यह नई सीरीज भारत में ओप्पो की जबरदस्त मार्केट परफॉरमेंस के बाद पेश की गई है। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन के अनुसार ओप्पो 2025 की तीसरी तिमाही में 13.9 प्रतिशत बाजार अंश के साथ दूसरे स्थान पर आ गया है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, नजूल शहर वृत्त, भोपाल (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक-02/अ-20(1)/2025-26
भोपाल, दिनाँक 21/11/2025

// सार्वजनिक इश्तेहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद अहमद खान आ. मोहम्मद अनवर खान निवासी म.नं. 04 न्यु इतवारा रोड भोपाल द्वारा जुमेराती इतवारा भोपाल स्थित नजूल शीट क्रमांक 616 भूखण्ड क्रमांक 208 क्षेत्रफल 249.12 वर्गमीटर पट्टे के लीज नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त लीज नवीनीकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर इश्तेहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तेहार आज दिनांक 21/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल शहर वृत्त, भोपाल (म.प्र.)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 48/2025-26/एस.ए.सी/का.यं./ लो.स्वा.यां.वि/राजगढ़ दि.13.11.2025

निम्न कार्यो निविदा हेतु ऑन लाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर आमंत्रित की गई है। राजगढ जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय उपखण्ड राजगढ के अतर्गत राजगढ एवं ब्यावरा के विभिन्न ग्रामों में स्थित अनुपयोगी हेण्डपंप को निकालने का कार्य करने हेतु निम्नानुसार निविदा आमंत्रित है।

| निविदा क्र / दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखंड | ग्राम का नाम | निविदा की कुल लागत रू लाख में | धरोहर राशि रू में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 48/25-26 दि. 13.11.2025 | 2025_PHED_462638_pack1 | राजगढ़ | राजगढ़ जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय उपखण्ड राजगढ के अतर्गत राजगढ एवं ब्यावरा के विभिन्न ग्रामों में स्थित अनुपयोगी हेण्डपंप को निकालने का कार्य | 3.36 | 6720.00 | 2000.00 | 2 माह | |

ऑन लाईन निविदा क्रय कॅरने की अंतिम तिथि - 01.12.2025
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि - 03.12.2025

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

G-21764/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़**

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 19/ निविदा/2025-26 राजगढ़, दिनांक 20.11.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| स. क्रं. | टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2025_PWDRB_463771 | राजगढ़ | विशेष मरम्मत कार्य | विशेष मरम्मत कार्य एस.डी.एम. क्वार्टर सारंगपुर | प्रथम | 4.23 | 8460.00 | 2 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2025_PWDRB_463772 | राजगढ़ | विशेष मरम्मत कार्य | विशेष मरम्मत कार्य सब इंजीनियर जी-टाइप क्वार्टर सेक्शन पचोर नरसिंहगढ़ | प्रथम | 4.23 | 8460.00 | 2 माह वर्षाकाल सहित |
| 3. | 2025_PWDRB_463773 | राजगढ़ | विशेष मरम्मत कार्य | विशेष मरम्मत कार्य एस.डी.ओ.पी. क्वार्टर सारंगपुर | प्रथम | 4.14 | 8280.00 | 2 माह वर्षाकाल सहित |
| 4. | 2025_PWDRB_463775 | राजगढ़ | मरम्मत एवं रखरखाव | वार्षिक मरम्मत अंतर्गत पुल-पुलिया मरम्मत एवं रखरखाव कार्य उपसंभाग सारंगपुर | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | | योग | | 22.60 | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 08.12.2025 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट मे देखा जा सकता है। निविदा मे होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

अमानत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन स्वीकार किये जावेगें ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/प
संभाग राजगढ़

G-21782/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि./यॉ.)**
**लोक निर्माण विभाग, वि./ यॉ. संभाग क्र. 2,**
**बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)**

// निविदा सूचना //

सूचना प्रकाशन क्रमांक 24/व.ले.लि./2025-26 भोपाल, दिनांक 19/11/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है :

| सं. क्रं. | पोर्टल टेन्डर क्रं. | एनआईटी क्रं. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | ठेके की अनु. राशि | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_463850_1 | 43/SAC 2025-26 | वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य आवासीय एवं गैर आवासीय भवन अनुभाग नर्मदापुरम सोहागपुर जिला नर्मदापुरम | प्रथम आमंत्रण | 1500000.00 | 30000.00 | 2000.00 |
| 2 | 2025_PWDRB_463582_1 | 44/SAC 2025-26 | वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य आवासीय एवं गैर आवासीय भवन अनुभाग पचमढी पिपरिया जिला नर्मदापुरम | प्रथम आमंत्रण | 1500000.00 | 30000.00 | 2000.00 |
| 3 | 2025_PWDRB_463584_1 | 45/SAC 2025-26 | पोल शिफ्टिंग एवं इन्टालेशन 33 केव्ही 11 केव्ही एल टी लाईन एवं ट्रांसफार्मर फॉम औबेदुल्लागंज ओल्ड एनएच 69 से डोंगरवाड़ा ग्राम (3.00 कि.मी) रोड जिला नर्मदापुरम | प्रथम आमंत्रण | 1629199.00 | 32584.00 | 2000.00 |
| 4 | 2025_PWDRB_463585_1 | 46/SAC 2025-26 | आयटम फॉर प्रोवाईडिंग सेमी स्किल्ड/स्किल्ड पर्सन फॉर इलेक्ट्रिकल मेंटनेंस वर्क फॉर राजभवन, रविशंकर भवन (व्ही व्ही आई पी) एवं सर्किट हाउस (ओल्ड होटल) इत्यादि पचमढी सेक्शन जिला नर्मदापुरम | प्रथम आमंत्रण | 425424.00 | 8508.00 | 2000.00 |
| | | | योग | | 5054623.00 | | |

नोट- निविदा विक्रय दिनांक 20/11/2025 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 08/12/2025 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

(इंजी. हिमांशु उपाध्याय)
कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि(वि/यां) संभाग क्र.02 भोपाल

G-21804/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास**
**35 - राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स मध्यप्रदेश भोपाल**

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/भंडार शाखा/2025/631 भोपाल, दिनांक 18.11.2025

कार्यालय संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास, 35 राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल के लिए टैक्सी कोटे का वाहन किराये से लिए जाने हेतु ऑन-लाइन निविदा www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं जानकारी उक्त वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा की धरोहर राशि (EMD) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| भोपाल संभाग के जिलों में भ्रमण हेतु वाहन चालक रहित किराये के वाहन हेतु निविदा सिडान (स्विफ्ट डिजायर, ह्यूंडई ऑरा) (वर्ष 2024 से 2025 के बीच का मॉडल) | रू. 07.00 लाख रू. सात लाख मात्र | रू. 15000/- रू. पन्द्रह हजार मात्र | अनुबंध दिनांक से एक (01) वर्ष तक |

1. इच्छुक फर्म/कम्पनी MP Tenders के पोर्टल पर विवरण देख सकते हैं।
2. NIT (निविदा आमंत्रण सूचना) में किसी प्रकार के परिवर्तन सूचना केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।
3. निविदा प्रपत्र की उपलब्धता का विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्रस्ताव जमा करने की प्रक्रिया केवल उपरोक्त पोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से की जाएगी।
5. संशोधन/परिशिष्ट/स्पष्टीकरण/शुद्धि पत्रक केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।
6. संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास, भोपाल संभाग भोपाल को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

संभागीय उपायुक्त
जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास
भोपाल संभाग भोपाल

G-21759/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# तेजस विमान हादसे की जांच आवश्यक

दुबई एयर शो में भारतीय तेजस लड़ाकू विमान का प्रदर्शन उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाना केवल एक दुखद घटना नहीं, बल्कि भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता के सामने खड़े गंभीर प्रश्नों की ओर भी संकेत करता है। दुनिया के सबसे बड़े एविएशन आयोजनों में से एक माने जाने वाले दुबई एयर शो में जब शुक्रवार दोपहर तेजस अचानक नियंत्रण खोकर नीचे गिर पड़ा, तो कुछ ही पलों में अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर काले धुएं का विशाल गुबार उठता दिखाई दिया। हादसे में एक अनुभवी पायलट की जान चली गई। तेजस, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने विकसित किया है, भारत की आधुनिक रक्षा तकनीक का प्रतीक माना जाता रहा है। यह 4.5-जनरेशन का मल्टी-रोल कॉम्बैट विमान है, जिसे एयर-डिफेंस, ग्राउंड अटैक और नजदीकी लड़ाई जैसे विविध सैन्य अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका हल्का और छोटा ढांचा इसे फुर्तीला बनाता है और इसकी एक बड़ी विशेषता मार्टिन-बेकर की जीरो-जीरो इजेक्शन सीट है, जो पायलट को शून्य गति और शून्य ऊंचाई पर भी सुरक्षित बाहर निकलने की क्षमता देती है। यह विशेषता आधुनिक लड़ाकू विमानों में एक मजबूत सुरक्षा कवच मानी जाती है लेकिन यही विशेषताएं इस हादसे को और अधिक हैरान करने वाली बनाती हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि इतनी उन्नत सुरक्षा तकनीक के बावजूद पायलट सुरक्षित क्यों नहीं बच पाया? क्या इजेक्शन सिस्टम को सक्रिय करने के लिए समय नहीं मिल पाया, या क्या तकनीकी स्तर पर कोई चूक हुई? इन प्रश्नों के उत्तर न सिर्फ तकनीकी जांच पर निर्भर हैं, बल्कि भारत की वायु सुरक्षा नीतियों और प्रोटोकॉल पर भी। चिंता का दूसरा बड़ा पहलू यह है कि बीते दो वर्षों में यह दूसरा तेजस हादसा है। मार्च 2024 में जैसलमेर के पास हुए दुर्घटनाग्रस्त तेजस में पायलट सुरक्षित बच गया था। वह घटना 2001 में पहली टेस्ट फ्लाइट के बाद तेजस का पहला बड़ा हादसा थी। लेकिन अब एक और दुर्घटना ने यह समझने की ज़रूरत पैदा कर दी है कि क्या यह केवल संयोग है या किसी गहरी प्रणालीगत कमी का संकेत। एयर शो में हुए हादसे अलग तरह से महत्वपूर्ण होते हैं। यहां उड़ानें सिर्फ तकनीकी प्रदर्शन नहीं, बल्कि दुनिया के सामने देश की सैन्य और विमानन क्षमता का प्रदर्शन भी होती हैं। ऐसे मंच पर हुआ दुर्घटनाग्रस्त प्रदर्शन न केवल भारत की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर सकता है, बल्कि संभावित अंतरराष्ट्रीय रक्षा साझेदारियों और निर्यात योजनाओं पर भी सवाल खड़े कर करता है। इसके अलावा, यह घटना तेजस की युद्ध परिस्थितियों में विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि नियंत्रित प्रदर्शन वातावरण में सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही, तो वास्तविक युद्ध परिस्थितियों में उच्च दबाव, ऊंचे तापमान और अचानक आने वाली चुनौतियों का सामना यह विमान किस स्तर पर कर पाएगा, यह गंभीर विमर्श का विषय है। इस दुर्घटना के बाद अनिवार्य रूप से व्यापक तकनीकी जांच होगी, लेकिन उससे अधिक आवश्यक है कि तेजस परियोजना के हर पहलू, डिज़ाइन, रख-रखाव, गुणवत्ता नियंत्रण, पायलट प्रशिक्षण और उड़ान सुरक्षा की समग्र समीक्षा की जाए। भारत ने तेजस को दशकों की मेहनत के बाद विकसित किया है और यह राष्ट्रीय गौरव का प्रोजेक्ट है। इसलिए इसका सुरक्षित, भरोसेमंद और युद्ध-सक्षम होना अनिवार्य है। तेजस की उड़ान तभी आसमान में स्थिर रह सकेगी, जब उसकी नींव तकनीकी और संस्थागत दोनों, और अधिक मजबूत बनाई जाए।



भाषायी विवाद
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# भाषायी असहिष्णुता की मानवीय कीमत

हाल ही में महाराष्ट्र की घटना ने देश को गहराई से विचलित किया है। ठाणे जिले में ट्रेन में सफर कर रहे 19 वर्षीय अर्णव खैरे, जो स्वयं मराठी भाषी परिवार से थे, धक्का-मुक्की के दौरान सहज ही हिंदी में बोल बैठे "थोड़ा आगे हो जाएं।" इस छोटे-से वाक्य ने कुछ लोगों के भीतर छिपे भाषाई कट्टरवाद को सुलगा दिया। उन पर सवाल उठाया गया कि वह मराठी में क्यों नहीं बोलते। देखते ही देखते बात तंज, अपमान और मारपीट तक पहुंच गई। एक साधारण-सा संवाद हिंसक असहिष्णुता में बदल गया। अर्णव इस घटना से अंदर तक टूट गया। यदि हम सहिष्णुता, संवाद और बहुभाषिक सौहार्द को अपना मूल्य बना लें, तो भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

भाषा वह मौलिक शक्ति है जो मनुष्य के विचारों, भावनाओं, संस्कारों, संबंधों और पहचान को एक सूत्र में पिरोती है। भाषा केवल बोलने का माध्यम नहीं है बल्कि मनुष्य की संस्कृति, इतिहास और सामूहिक स्मृति का जीवंत रूप है। इसलिए भाषा को लेकर सम्मान, सौहार्द और सहिष्णुता किसी भी सभ्य समाज के अनिवार्य तत्त्व माने जाते हैं। लेकिन जब यही भाषा अहंकार, आक्रोश और पहचान की राजनीति का मंच बन जाए, तो इसकी संजीदगी रक्तरंजित भी हो सकती है। भारत जहां भाषाओं की विविधता का अद्भुत संगम दिखाई देता है। वहीं यह भाषाओं की विविधता संवेदनशील और नाजुक भी दृष्टिगोचर होती है। इसी संवेदनशीलता के साथ किए गए किसी भी खिलवाड़ का परिणाम सामाजिक तनाव, हिंसा और कभी-कभी अमानवीयता तक पहुंच जाता है। हाल ही में महाराष्ट्र की घटना ने देश को गहराई से विचलित किया है। ठाणे जिले में ट्रेन में सफर कर रहे 19 वर्षीय अर्णव खैरे, जो स्वयं मराठी भाषी परिवार से थे, धक्का-मुक्की के दौरान सहज ही हिंदी में बोल बैठे "थोड़ा आगे हो जाएं।" इस छोटे-से वाक्य ने कुछ लोगों के भीतर छिपे भाषाई कट्टरवाद को सुलगा दिया। उन पर सवाल उठाया गया कि वह मराठी में क्यों नहीं बोलते। देखते ही देखते बात तंज, अपमान और मारपीट तक पहुंच गई। एक साधारण-सा संवाद हिंसक असहिष्णुता में बदल गया। अर्णव इस घटना से अंदर तक टूट गया। उसके पिता के अनुसार, वह घटना के बाद घबराए हुए, अवसादग्रस्त और भीतर से अस्थिर दिखने लगे थे। उनका आत्मविश्वास चकनाचूर हो चुका था। कुछ ही दिनों में उन्होंने आत्महत्या कर ली, एक ऐसी मौत जो किसी बीमारी, असफलता या व्यक्तिगत संकट की वजह से नहीं, बल्कि भाषा पर आधारित अपमान और भय की वजह से हुई। यह त्रासदी केवल एक युवक की मृत्यु नहीं है; यह उस समाज के अंतःकरण पर लगा गहरा प्रश्नचिह्न है जिसने भाषा के नाम पर हिंसा को स्वीकृति जैसा मौन समर्थन दे दिया है। यह बताती है कि भाषाई असहिष्णुता सिर्फ मारपीट जैसी सतही घटनाओं तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति की मानसिक संरचना, आत्मसम्मान और अस्तित्व-बोध पर प्रहार करती है। यह कोई पहली घटना भी नहीं है। महाराष्ट्र में भाषा की राजनीति और मराठी अस्मिता के सवाल दशकों से उबलते रहे हैं। कभी गैर-मराठी दुकानदारों, टैक्सी चालकों या कामगारों को अपमानित कर पीटा जाता है तो कभी लोकल ट्रेन, दफ्तर या हॉस्टल में हिंदी भाषियों को तिरस्कार झेलना पड़ता है। लेकिन इन सबके बीच पहली बार ऐसा उदाहरण सामने आया है जहां एक मराठी युवक को हिंदी बोलने के कारण उत्पीड़न झेलना पड़ा और अंततः उसने जान दे दी। यह इस बात का प्रमाण है कि असहिष्णुता का दानव किसी भी समय दिशा बदल सकता है, क्योंकि उसकी जड़ें भाषा में नहीं, बल्कि मनोवृति में होती हैं। जब समाज में भाषा पहचान के बजाय श्रेष्ठता साबित करने का माध्यम बन जाती है, तब वह अपनों को भी नहीं छोड़ती। महाराष्ट्र की यह घटना उस व्यापक भारतीय कहानी का हिस्सा है जिसमें भाषा अक्सर संवेदनशील राजनीतिक और सामाजिक प्रश्न बन जाती है। तमिलनाडु इसका सबसे प्रमुख उदाहरण है, जहां 1965 में हिंदी-विरोध आंदोलन ने शिक्षा नीति,



संघवाद और स्थानीय अस्मिता को लेकर बड़े संघर्ष को जन्म दिया था। इसी तरह कर्नाटक-तमिलनाडु सीमा पर भाषा और क्षेत्रीय पहचान ने कई बार तनाव को जन्म दिया। पूर्वोत्तर भारत में भी भाषाई पहचान अक्सर संघर्षों का मूल रही है, असम बनाम बंगाली समाज, असम-मिज़ोरम की सीमा पर विवाद और बांग्लाभाषियों के खिलाफ आंदोलन इसके उदाहरण हैं। पंजाब में गैर-पंजाबी मजदूरों तथा हिंदी-उर्दू भाषी समुदायों से दूरी ओर अविश्वास कई बार उग्र रूप लेता रहा है। दिल्ली और उत्तर भारत में भी हिंदी-अंग्रेज़ी की प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय भाषाओं की उपेक्षा, एक अलग तरह की भाषाई असमानता को जन्म देती है। इन सभी घटनाओं से पता चलता है कि भाषाई तनाव किसी एक क्षेत्र की समस्या नहीं है; यह पूरे भारत के सामाजिक मनोविज्ञान में मौजूद एक पुराना, जटिल और बहुपरत तनाव है। भाषाई असहिष्णुता की सबसे बड़ी कीमत युवा पीढ़ी चुका रही है। किशोर और युवा, जो समाज के बदलते वातावरण को सबसे तेजी से ग्रहण करते हैं, भाषा आधारित अपमान और हिंसा के कारण गहरे मानसिक तनाव का सामना करते हैं। अर्णव की घटना इसका चरम रूप है, लेकिन उससे पहले भी न जाने कितने युवा भाषा के कारण भेदभाव, शर्मिंदगी और अवसाद से गुजर चुके हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बार-बार अपमानित होने पर व्यक्ति का आत्मविश्वास टूट जाता है। इस समस्या की जड़ें केवल समाज के व्यवहार में नहीं हैं, बल्कि राजनीति के उन विघटनकारी प्रयासों में भी हैं जहां भाषा को वोट बैंक का औजार बनाया जाता है। भाषायी अस्मिता को उभारना आसान है, क्योंकि यह गौरव और पीड़ित भाव दोनों को एक साथ जगाती है। कई राज्यों में नेताओं ने भाषा को भावनात्मक हथियार बनाकर मतदाताओं के बीच विभाजन पैदा किया। महाराष्ट्र इसका एक प्रमुख उदाहरण है। लेकिन इसका परिणाम यह हुआ कि भाषाई पहचान की राजनीति ने समाज के दैनिक जीवन में भी कटुता पैदा कर दी। यही वजह है कि समय-समय पर सामाजिक चिंतक, साहित्यकार और शिक्षाविद यह चेतावनी देते रहे हैं कि भाषा की राजनीति आर्थिक विकास, सामाजिक शांति और सांस्कृतिक सामंजस्य को चोट पहुंचाती है। समाधान का रास्ता केवल कानूनी नहीं हो सकता। समाज को सांस्कृतिक, शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर खुद को बदलना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में भाषाई विविधता और सहिष्णुता पर आधारित गतिविधियां, परिचर्चाएं और बहुभाषी उत्सवों का आयोजन करना होगा। बच्चों को यह सिखाना होगा कि किसी व्यक्ति की भाषा उसकी योग्यता का मापदंड नहीं होती। उसे सम्मान देना हमारी मानवीय जिम्मेदारी है। इसके साथ ही रेलवे, बस सेवाएं, लोकल प्रशासन और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में भाषा विविधता को लेकर संवेदनशीलता प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। डिजिटल दुनिया में भी भाषा-आधारित उत्पीड़न तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर भाषा का उपहास, तिरस्कार या नफरत फैलाना एक आम प्रवृत्ति बन चुकी है। इसके लिए भी कठोर नियम, दंड और जागरूकता अभियान जरूरी हैं। मीडिया को अपनी भूमिका निभाते हुए भाषाई विविधता को भारतीयता की शक्ति के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए, न कि विभाजन का आधार बना देना चाहिए। भाषा संवाद का माध्यम है, परख का नहीं। हमें तय करना होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को किस प्रकार का समाज सौंपना चाहते हैं, एक ऐसा समाज जहां विविधता को त्योहार की तरह मनाया जाए या एक ऐसा समाज जहां छोटी-सी भाषाई भिन्नता हिंसा का कारण बन जाए। यदि हम सहिष्णुता, संवाद और बहुभाषिक सौहार्द को अपना मूल्य बना लें, तो भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

( लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

प्रतिस्पर्धा
डॉ. एन. के. सोमानी



# खतरनाक है परमाणु परीक्षण का विचार

विश्व बिरादरी में जिस बात को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी अंततः वह सत्य साबित हुई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार इस बात की अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या राष्ट्रों के बीच एक बार फिर परमाणु हथियारों की खतरनाक प्रतिस्पर्धा शुरू होने जा रही है और दुनिया एक बार फिर शीत युद्ध के मुहाने पर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गुपचुप तरीके से परमाणु परीक्षण किए जाने के बाद मॉस्को से जो प्रतिक्रिया आई है, उससे भी इस बात की तस्दीक हो जाती कि बहुत जल्द विश्व भर में भू-राजनीतिक तापमान बढ़ने वाला है। हालांकि मॉस्को ने नवंबर के पहले सप्ताह में ही सुरक्षा परिषद को चेता दिया था कि यदि अमेरिका या व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर करने वाला कोई भी देश परमाणु हथियार का परीक्षण करता है तो रूस भी इस तरह का कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। दरअसल परमाणु प्रतिस्पर्धा को लेकर बयानबाजी का दौर पिछले महीने उस वक्त शुरू हुआ, जब अक्टूबर के अंत में रूस ने अपनी नई परमाणु पनडुब्बी लॉन्च की। पोसाइडन परमाणु ड्रोन से लैस इस पनडुब्बी को डूम्सडे (कयामत का दिन ) मिसाइल भी कहा जाता है। पानी के अंदर हथियारों और रोबोटिक सिस्टम वाली यह पनडुब्बी रूस को अपनी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने मे सक्षम बनाती है। मास्को के इस कदम के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने 30 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने से पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि उन्होंने अपने युद्ध विभाग को अन्य परमाणु-सशस्त्र शक्तियों के साथ 'समान आधार' पर तुंरत परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने का आदेश दिया है। लेकिन रूस की स्टेट न्यूज एजेंसी आरटी. कॉम ने इस बात का दावा कर सनसनी फैला दी कि अमेरिका ने अगस्त माह में ही गुपचुप तरीके से बी 61-12 थर्मोन्यूक्लियर बम का परीक्षण कर लिया है।

ऑपरेशन शैडो डाप कोडनेम के साथ किए गए इस परीक्षण में अमेरिका ने बिना वारहेड वाले बी-61-12 बम को एफ-35 विमान से गिराकर टेस्ट किया और दुनिया को इसकी भनक तक नहीं लगने दी। ऐसे में अहम सवाल यह है कि अमेरिका ने दुनिया को अंधरे में क्यों रखा। क्या ट्रंप ने दुनिया को उलझाए रखने के लिए ही सोशल मीडिया पर झूठे निर्देश दिए या इसका असल मकसद कुछ ओर था। कहा तो यह भी जा रहा है कि मॉस्को व बीजिंग पर रणनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए यह ट्रंप का महज एक रणनीतिक कदम है। अमेरिका ने आखिरी बार पूर्ण पैमाने पर परमाणु परीक्षण 1992 में किया था। इसके बाद 1996 में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने किसी भी तरह के परीक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब 33 साल के लंबे अंतराल के बाद ट्रंप ने परमाणु हथियार का परीक्षण कर दुनिया को अमेरिकी धमक से परिचित करवाया है। हाल के दिनों में जिस खतरनाक ढंग से दुनिया के सबसे बड़े परमाणु शस्त्रागार वाले देशों के बीच अचानक तनाव बढ़ा है, उसमें अमेरिका का यह कदम चिंता बढ़ाने वाला है। पिछले दिनों जब यूक्रेन युद्ध को रोकने के तमाम प्रयासों के असफल होने से तमतमाए ट्रंप ने हंगरी में पुतिन के साथ होने वाली वार्ता को रद्द करने का ऐलान किया, उसके बाद से ही इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही थी कि रूस पर युद्ध रोकने का दबाव बनाने के लिए अमेरिका की ओर से कुछ 'बड़ा कदम' उठाया जा सकता है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या यह परीक्षण यूक्रेन युद्ध को रोकने में विफल रहे ट्रंप की हताशा का परिणाम है। पिछले तीन दशक में न तो मॉस्को ने और न ही बीजिंग ने किसी तरह का परीक्षण किया है। अब मास्को की घोषणा के बाद बीजिंग भी देर-सबेर इसकी घोषणा कर सकता है। दुनिया पहले ही परमाणु हथियारों के ढेर पर है। चीन, फ्रांस, यूनाइडेट किंगडम, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजरायल को छोड़ दे तो भी अकेला अमेरिका और रूस के पास परमाणु हथियारों का बड़ा जखीरा है।

बताया जा रहा है कि रूस के पास अमेरिका की तुलना में न केवल अधिक परमाणु हथियार हैं बल्कि उसकी परमाणु तैयारी भी बेहतर है। ऐसे में अपनी-अपनी परमाणु ताकत दिखाने को उत्सुक ट्रंप और पुतिन के बयानों से साफ है कि संपूर्ण मानव जाति को खतरे में डालने वाली खतरनाक प्रतिस्पर्धा फिर से शुरू होने वाली है। हालांकि अब दुनिया वैसी नहीं है , जैसी 6 दशक पहले थी। लेकिन फिर भी महाशक्तियों को इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि तात्कालिक रणनीतिक लाभ हासिल करने के लिए परमाणु परीक्षण के इस्तेमाल का विचार खतरनाक भी साबित हो सकता है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## सटाका




## आज की पाती

### नीतीश की आगे की राह

नीतीश कुमार का बिहार की सत्ता पर लंबे समय से लगातार विराजमान होने पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। नीतीश कुमार देश की राजनीति के बेशक दिग्गज खिलाड़ी हैं, लेकिन वह भी दल बदलने में माहिर हैं। वह समय समय पर दल बदलकर बिहार से लेकर दिल्ली तक राजनीति में हलचल मचा देते हैं। उन्होंने जनता दल से रुठ कर समता दल बनाया, फिर जनता दल यूनाइटेड, कभी भाजपा में शामिल हुए तो कभी भाजपा से नाराजगी, कभी कांग्रेस की तरफ, शायद इनका झुकाव रहा। नीतीश कुमार ऐसा क्यों करते हैं, यह तो वो ही अच्छी तरह जानते हैं, लेकिन फिर भी इनकी फिर से जीत यह भी सवाल खड़े करती है कि बिहार ने इन पर भरोसा किया या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू बरकरार रहा? नीतीश के सामने चुनौती अब यह है कि उन्हें जनता से किए वादे निभाने हैं। - **प्रमोद जोशी**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### कृषि सहयोग पर चर्चा



इज़राइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिचर से मिलकर खुशी हुई। कृषि में हमारे मज़बूत सहयोग को और मज़बूत करने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें सटीक खेती, ड्रिप सिंचाई, रेगिस्तानी कृषि और टिकाऊ कृषि पद्धतियों में इज़राइल की विशेषज्ञता का लाभ उठाया जा सके।
**-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### नए श्रम कानून



नए श्रम कानून के तहत अब टेक्सटाइल वर्कर्स, एक्सपोर्ट सेक्टर, आईटी सेक्टर, तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों समेत सभी श्रमिकों के अधिकार और सुरक्षा को मज़बूती मिली है। श्रमिकों के सम्मान और भविष्य की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक फैसला।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### पायलट के निधन से दुःख



दुबई एयर शो में तेजस विमान दुर्घटना में हमारे बहादुर भारतीय वायुसेना पायलट के निधन से गहरा दुःख हुआ है। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। राष्ट्र उनके साहस और सेवा का सम्मान करते हुए उनके साथ खड़ा है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### पहली अटल कैंटीन



दिल्ली से किया एक और वादा पूरा होने जा रहा है। आज पहली अटल कैंटीन की नींव रखी गई है। जल्द ही 100 अटल कैंटीनें जरूरतमंदों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए शुरू होंगी।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर

# दुनिया को मिलकर जलवायु संबंधी वित्त बढ़ाने की जरूरत

पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने यहां कहा कि भारत जलवायु कार्रवाई के हिस्से के तौर पर घरेलू अनुकूलन के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वैश्विक खाई बढ़ने के चलते जलवायु अनुकूलन संबंधी वित्त को बढ़ाने की जरूरत है। यादव ने यह भी कहा कि जलवायु संबंधी वार्षिक शिखर सम्मेलन 'सीओपी 30' को एक साफ राजनीतिक संदेश देना चाहिए कि ''अनुकूलन कोई वैकल्पिक उपाय नहीं, बल्कि एक जरूरी निवेश है।" उन्होंने जारी 'यूएन सीओपी 30' शिखर सम्मेलन में बृहस्पतिवार को अनुकूलन पर 'बाकू उच्चस्तरीय संवाद' में अपने संबोधन के दौरान कहा, ''वर्ष 2025 की अनुकूलन अंतराल रिपोर्ट का अनुमान है कि विकासशील देशों को 2035 तक सालाना 310–365 अरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत होगी, जबकि अभी केवल 26 अरब अमेरिकी डॉलर मिल रहे हैं।'' यादव ने चिंता जताई कि अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो सार्वजनिक अनुकूलन वित्त को 2019 के स्तर से दोगुना करके 2025 तक लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर करने का 'ग्लासगो जलवायु समझौते' का लक्ष्य शायद पूरा नहीं हो पाएगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा, ''बाकू से बेलेम रोडमैप में बताए गए 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर तक जलवायु वित्त को बढ़ाने के लिए दुनिया भर को मिलकर कोशिश करनी होगी।''



## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं। लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं। बिल्ली की लार के माध्यम से इस प्रोटीन के कण उसके बालों और त्वचा पर आ सकते हैं।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

**सीमा सुरक्षा बल के हीरक जयंती समारोह में गृह मंत्री अमित शाह**

# पांच साल में विश्व का सबसे आधुनिक 'सुरक्षा बल' होगा बीएसएफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल के हीरक जयंती समारोह को संबोधित किया। शाह ने कहा है कि आने वाला एक साल बीएसएफ के पूर्ण आधुनिकीकरण को समर्पित होगा। उसके बाद का एक साल हमारे वीर जवानों और उनके परिजनों के कल्याण को पूरी तरह समर्पित होगा। गृह मंत्रालय ने संकल्प लिया है कि बीएसएफ को अगले पांच साल में विश्व का सबसे आधुनिक सीमा सुरक्षा बल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में हम अनेक योजनाएं लाने वाले हैं। वह मुश्किल हालात में सीमा पर तैनात जवानों के परिजन को आश्वस्त करना चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार आपके कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

*अमित शाह ने कहा कि आगामी दिनों में हम अनेक योजनाएं लाने वाले हैं। वह मुश्किल हालात में सीमा पर तैनात जवानों के परिजन को आश्वस्त करना चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार आपके कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी*

'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को दिया था करारा जवाब

यह संकल्प है 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा

## भारत की सीमा से छेड़खानी के नतीजे भुगतने होंगे


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए हमने तो सीमित ही जवाब दिया, परंतु पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर हमारे हमले को खुद पर हमला मान लिया। जब पाकिस्तान की सेना हरकत में आई, तब बीएसएफ के जवानों ने उन्हें करारा जवाब देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कुछ ही दिनों में बीएसएफ और सेना के पराक्रम के कारण पाकिस्तान ने एकतरफा संधि की घोषणा की। इसके कारण पूरे विश्व में यह संदेश गया कि भारत की सीमा और भारत के सुरक्षा बलों के साथ छेड़खानी नहीं करते, वरना नतीजे भुगतने पड़ते हैं।

### 2,013 बहादुर जवानों ने सर्वोच्च आहुति दी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अब तक सीमा सुरक्षा बल के 2,013 बहादुर जवानों ने देश की सीमाओं को अखंड एवं सुरक्षित रखते हुए अपने प्राणों की सर्वोच्च आहुति दी है। न केवल सीमा-रक्षा में, बल्कि संयुक्त राष्ट्र के अनेक शांति मिशनों में तथा देश के भीतर उत्पन्न कितनी ही आपात स्थितियों में, चाहे आतंकवाद का मुकाबला करना हो या चाहे नक्सलवाद का, बीएसएफ के जवानों ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। सुरक्षा एजेंसियों के पराक्रम से देश 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।

### 2.76 लाख जवान सीमा सुरक्षा में जुटे

शाह ने कहा कि 1 दिसंबर 1965 को सीमा सुरक्षा बल की स्थापना के समय से ही यह बल सभी ऊंचाइयों को प्राप्त करने में सफल रहा है। आज 193 बटालियनों और 2.76 लाख से अधिक जवानों की ताकत के साथ बीएसएफ पाकिस्तान से सटी 2,279 किमी और बांग्लादेश से सटी 4,096 किमी लंबी सीमा की पूरी सुरक्षा कर रहे हैं।

### पूरा देश ई-सुरक्षा के मजबूत घेरे में होगा

गृह मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में हम 'ई-बॉर्डर सिक्योरिटी' का नया कॉन्सेप्ट लेकर आ रहे हैं। इसका शुरुआती इनिशिएटिव भी बीएसएफ ने ही लिया है। आने वाले एक साल में इसे जमीन पर पूरी तरह लागू करने के लिए हरसंभव प्रयास होंगे और अगले पाँच वर्षों में हमारी देश की संपूर्ण भू-सीमा ई-सुरक्षा के मजबूत घेरे में होगी।

### चुन-चुन कर घुसपैठियों को निकालेंगे

शाह ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल तथाकथित घुसपैठियों के सफाए के अभियान को कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हम इस देश में से घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे, यह हमारा प्रण है।

**खबर संक्षेप**

### पाक में फैक्ट्री में धमाका, 15 की मौत



**फैसलाबाद।** पाकिस्तान के फैसलाबाद में मलिकपुर इलाके के पास एक फैक्ट्री में बड़ा गैस धमाका हुआ है। इस धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। राहत अधिकारियों के हवाले से बताया कि शुक्रवार सुबह फैक्ट्री का बॉयलर फटने के बाद एक बिल्डिंग और आसपास का ढांचा गिर गया। गैस लीक होने की वजह से एक फैक्ट्री में आग लग गई और दूसरी फैक्ट्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। 7 घर चपेट में आ गए।

### कॉप30 पवेलियन में लगी आग, 21 घायल



**बेलम।** ब्राजील के बेलेम शहर में चल रहे 30वें यूएन क्लाइमेट चेंज कॉन्फ्रेंस (कॉप30) के एक पवेलियन में आग लग गई। आग की इस घटना में कम से कम 21 लोग घायल हो गए। ब्राजील के टूरिज्म मंत्री सेल्सो सबिनो ने कहा कि आग दोपहर 2 बजे के लगभग में लगी थी और दोपहर करीब 2:30 बजे तक उस पर काबू पा लिया गया था। यहां यूएन महासचिव गुटेरस मौजूद थे उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## दक्षिण अफ्रीका में पहली बार हो रहे जी20 सम्मेलन का बहिष्कार करने पर अड़ा अमेरिका

**दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा की दो टूक**

# जूनियर अधिकारी को नहीं सौपेंगे अध्यक्षता

एजेंसी ▶▶ केपटाउन/वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से सार्वजनिक मंचों पर दक्षिण अफ्रीका को लेकर दिए गए बयानों और उनके जी20 सम्मेलन में न आने की पुष्टि होने के बाद दोनों देशों के रिश्ते में तनाव और बढ़ गया है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने स्पष्ट कर दिया है कि वह जी20 अध्यक्षता का प्रतीकात्मक हस्तांतरण किसी जूनियर अमेरिकी अधिकारी को नहीं करेगा।

बता दें कि जी20 आयोजनों में अब तक चलन रहा है कि जो भी देश इस संगठन की अगली अध्यक्षता संभालता है, उसके राष्ट्र प्रमुख या विशेष नेता-प्राधिकारी ही आयोजक देश से अध्यक्षता का प्रतीकात्मक हैंडओवर लेता है। अमेरिका ने जी20 अध्यक्षता के हस्तांतरण के लिए आठ सदस्यीय एक दल को भेजने के लिए दक्षिण अफ्रीका से अनुमति मांगी। इसका नेतृत्व अमेरिका के राजनयिक मार्क जिलार्ड करेंगे। राष्ट्रपति रामाफोसा के प्रवक्ता विंसेंट मैग्वेन्या ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राष्ट्रपति किसी जूनियर अधिकारी को अध्यक्षता नहीं सौंपेंगे। मैग्वेन्या ने कहा कि राष्ट्रपति किसी राजनयिक (चार्ज डी'अफेयर्स) को जी20 की अध्यक्षता नहीं सौंपेंगे। यह स्थापित प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। दुनिया का कोई भी राष्ट्राध्यक्ष ऐसा नहीं करेगा।


दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा

### बहिष्कार की राजनीति काम नहीं करती

रामफोसा ने एक कार्यक्रम का वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया जिसमें वह कहते दिखाई दे रहे हैं कि बहिष्कार की राजनीति काम नहीं करती। जी20 के टेंट के अंदर रहना, टेंट के बाहर रहने से बेहतर है।

रामफोसा ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका में मौजूद अमेरिकी दूतावास ने पहले ही नोटिस भेजकर यह बता दिया था कि वह इस शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होगा। इसमें कहा गया है कि दक्षिण अफ्रीका की जी20 प्राथमिकताएं अमेरिकी नीति विचारों के विपरीत हैं और हम आपकी अध्यक्षता में बातचीत किए गए किसी भी डॉक्यूमेंट पर आम सहमति का समर्थन नहीं कर सकते।

**रामफोसा पर भड़का अमेरिकी ट्रंप प्रशासन**

# बहुत मुंह चला रहे हो यह तरीका पसंद नहीं

व्हाइट हाउस ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में अमेरिकी दूतावास का प्रतिनिधि जोहांसबर्ग में जी-20 सम्मलेन के आखिर में औपचारिक हस्तांतरण समारोह में शामिल होगा क्योंकि अमेरिका अगले साल फ्लोरिडा में ट्रंप के स्वामित्व वाले एक गोल्फ क्लब में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिका दक्षिण अफ्रीका में जी20 की आधिकारिक वार्ता में भाग नहीं ले रहा है। मैंने दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति को आज सुबह अमेरिका और अमेरिका के राष्ट्रपति के खिलाफ अपना मुंह चलाते हुए देखा। अमेरिकी राष्ट्रपति या उनकी टीम को बोलने का वो तरीका पसंद नहीं आया। लेविट ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के बयानों से डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम नाराज है। लेविट का बयान दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा की टिप्पणी के बाद आया है जिसमें उन्होंने इशारा किया कि अमेरिका ने बॉयकॉट को लेकर अपना मन बदल लिया है। जी-20 की बैठक 22-23 नवम्बर को जोहांसबर्ग में होने जा रही है।


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### गोरे अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार

पहले दक्षिण अफ्रीका ने घोषणा की थी कि अमेरिका ने जी20 शिखर सम्मेलन के बहिष्कार का अपना फैसला आखिरी समय पर बदल लिया है। लेकिन अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने गुरुवार को इस दावे का जोरदार खंडन किया। ट्रंप ने कहा कि जी-20 बैठक में कोई भी अमेरिकी अधिकारी शामिल नहीं होगा। ट्रंप ने इस बहिष्कार के पीछे अपने उन दावों को कारण बताया जिसमें उनका कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में गोरे अल्पसंख्यक किसानों पर हिंसक अत्याचार हो रहा है। ट्रंप के दावों को दक्षिण अफ्रीका ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। रामाफोसा ने निराशा जताई थी और कहा था कि अमेरिका के बॉयकॉट का मतलब होगा कि वह सम्मेलन के अंत में अध्यक्षता एक 'खाली कुर्सी' को सौंप देंगे।

**जी20 में शामिल होने दक्षिण अफ्रीका पहुंचे पीएम**

## हवाईअड्डे पर हुआ रेड कार्पेट वेलकम, भारत मजबूती से उठाएगा ग्लोबल साउथ के मुद्दे



जोहान्सबर्ग एयरपोर्ट पर पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग पहुंचे। जहां हवाईअड्डे पर अफ्रीकी सैन्यबलों की मौजूदगी में उनका जोरदार अंदाज में रेड कार्पेट वेलकम हुआ। एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए पीएम ने बताया कि जी20 सम्मेलन से जुड़े हुए कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए जोहान्सबर्ग पहुंच गया हूं। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर दुनियाभर के नेताओं के साथ उपयोगी चर्चा होने की संभावना है। हमारे देश का ध्यान सहयोग को मजबूत करने, विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने पर रहेगा। वहीं, पीएम मोदी की ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीस के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई है।

### प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

पीएम ने अपनी इस यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए अपने वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण 21 से 23 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर रवाना हो रहा हूं। यह सम्मेलन विशेष रूप से महत्वपूर्ण होगा क्योंकि ये अफ्रीका में आयोजित किया जाने वाला जी20 का पहला शिखर सम्मेलन है। 2023 में भारत की समूह की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ इसका सदस्य बना था। पीएम ने कहा कि मैं इस सम्मेलन में वसुधैव कुटुंबकम और एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के हमारे देश के दृष्टिकोण को दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करूंगा। इस वर्ष जी20 की थीम एकजुटता, समानता और स्थिरता है। मैं भागीदार देशों के नेताओं से मुलाकात और छठे आईबीएसए शिखर सम्मेलन में भागीदारी की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा हूं।

**दिल्ली बम धमाके में बड़ा खुलासा**

# आटा पीसने की मशीन से बना रहे थे बम, कैब ड्राइवर के घर से मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट मामले में जांच एजेंसियों को बड़ा सुराग मिला है। गिरफ्तार आरोपी मुजम्मिल शकील गनई ने विस्फोटक तैयार करने के लिए आटा चक्की और इलेक्ट्रिकल मशीनों का इस्तेमाल किया था। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा निवासी गनई फरीदाबाद में किराए के कमरे में आटा चक्की की मदद से यूरिया को बारीक पीसता था और फिर इलेक्ट्रिकल मशीन से उसे रिफाइन करके केमिकल तैयार करता था। 9 नवंबर को पुलिस ने इसी जगह से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की थी। पूछताछ के दौरान आरोपी गनई ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से इसी तरीके से अमोनियम नाइट्रेट को यूरिया से अलग कर विस्फोटक तैयार कर रहा था। वह फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी में डॉक्टर था।


कैब ड्राइवर के घर से मिली मशीन

### टैक्सी ड्राइवर भी हिरासत में

जांच के दौरान पुलिस को हरियाणा के फरीदाबाद में एक टैक्सी ड्राइवर के घर से यह चक्की और मशीनें बरामद हुई हैं। एनआईए की टीम ने टैक्सी ड्राइवर को भी हिरासत में लिया है। ड्राइवर ने बताया कि उसकी मुलाकात गनई से लगभग चार साल पहले हुई थी, जब वह अपने बेटे का इलाज कराने अल-फलाह गया था।

### एजेंसियों की रडार पर 200 से ज्यादा डॉक्टर

जांच के दौरान एजेंसियों के रडार पर अब अल-फलाह यूनिवर्सिटी के 200 से ज्यादा डॉक्टर हैं। धमाके वाले दिन ही कई डॉक्टर एकाएक इस यूनिवर्सिटी को छोड़कर चले गए। अब इस बात का भी पता लगाने की कोशिश है कि धमाके के बाद कितने डॉक्टर व अन्य स्टाफ ने यूनिवर्सिटी छोड़कर गए थे। कई लोग ऐसे भी हैं जिन्होंने इस धमाके के बाद अपने मोबाइल का डाटा भी डिलीट कर दिया।

**तेल तस्करी पर अमेरिकी कार्रवाई**

# कई देशों की 17 कंपनियों को किया बैन, इनमें 2 भारत की

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ईरान की तेल तस्करी और गुप्त व्यापार नेटवर्क को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। इन प्रतिबंधों में भारत की एक शिपिंग कंपनी और एक पेट्रोलियम ट्रेडर समेत कई देशों की 17 कंपनियां, व्यक्ति और जहाज शामिल हैं।

अमेरिकी विदेश विभाग के सचिव स्कॉट बेसेंट ने बताया कि ये कदम इसलिए उठाए गए हैं ताकि उस पैसों के प्रवाह को रोका जा सके जिससे ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम, सेना और आतंकवादी समूहों को समर्थन देता है। अमेरिका


अमेरिकी विदेश सचिव स्कॉट बेसेंट

के अनुसार यह ईरानी तेल की खरीद की श्रेणी में आता है, जो प्रतिबंधों का उल्लंघन है। इसलिए कंपनी को कड़े आर्थिक प्रतिबंधों में डाल दिया गया। अमेरिकी द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की श्रेणी में मुंबई स्थित आरएन शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है। कंपनी से जुड़े दो भारतीय नागरिक जैर हुसैन इकबाल हुसैन सैयद और जुल्फिकार हुसैन रिजवी सैयद को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

**लेफ्टिनेंट जनरल सेठ बोले**

# मशीनों से नहीं, सैनिकों की कौशल क्षमता से ही जीती जाती हैं सभी जंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय सेना के साउदर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने साफ कहा कि असली युद्ध मशीनें नहीं, बल्कि उन्हें चलाने वाले सैनिकों के साहस, कौशल और फैसला लेने की क्षमता से जीते जाते हैं। नासिक के कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल (सीएएटीएस) में आयोजित पासिंग आउट परेड के दौरान उन्होंने बदलती युद्ध परिस्थितियों और उसकी नई चुनौतियों पर गहरी बात रखी। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने कहा कि युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, जिसमें प्रिसिशन अटैक, हाई-टेंपो ऑपरेशन, मल्टी-डोमेन इंटीग्रेशन और लगातार चुनौतीपूर्ण एयरस्पेस शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आर्मी एविएशन सेना को तीसरा और बेहद प्रभावी आयाम देता है, जो उसे तेज, सटीक और निर्णायक शक्तियों से लैस बनाता है। इसी क्षमता के कारण आज एविएशन फोर्स सेना का एक प्रमुख कॉम्बैट मल्टीप्लायर बन चुका है।


लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ

### एविएशन मजबूत होगा

उन्होंने कहा कि मानव-संचालित और मानव-रहित प्लेटफॉर्म का संयुक्त उपयोग सेना को रिकॉनाइसेंस, सर्विलांस, लिफ्ट, अटैक और प्रिसिशन एंगेजमेंट जैसी क्षमताएं प्रदान करता है। नई तकनीकों के जल्द शामिल होने से आर्मी एविएशन और अधिक मजबूत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएएटीएस को आरपीए का केंद्र बनाने का फैसला बिल्कुल उचित है।

### चूक की गुंजाइश नहीं

लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने कहा कि हर धावे में पूरी सतर्कता, नियमों का पालन और मशीन के प्रति सम्मान जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि कॉम्बैट फ्लाइंग में चूक की गुंजाइश नहीं होती क्योंकि दांव बहुत बड़े होते हैं और गलती की कोई जगह नहीं। उन्होंने कहा कि रेड लाइन को कभी पार न करें और मिशन की सुरक्षा से समझौता न करें।

**आईएसएस के 25 साल पूरे, दुनिया के चार बड़े शहरों की तस्वीरें साझा की**

# दिल्ली की चमक ने टोक्यो और सिंगापुर जैसे शहरों को दी टक्कर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) ने रात के समय दुनिया के बड़े शहरों की नई तस्वीरें साझा की हैं। इनमें दिल्ली सबसे ज्यादा प्रभावशाली दृश्यों में से एक के रूप में सामने आई है। इन तस्वीरों में राजधानी की जगमगाहट और सड़कों का नेटवर्क साफ दिखाई दे रहा है। तस्वीर के साथ दिए गए विवरण में बताया गया कि दिल्ली, जिसकी आबादी करीब 3.4 करोड़ है, टोक्यो के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र है। इतनी विशाल आबादी और घनी बसावट के कारण दिल्ली का नाइटस्केप अंतरिक्ष से भी बेहद स्पष्ट और चमकदार नजर आता है। आईएसएस ने बताया कि यह तस्वीर रात 10:54 बजे के आसपास ली गई


20 नवंबर की रात स्पेस स्टेशन से दिखी दिल्ली की चमकदार तस्वीर

थी, जिसमें दिल्ली के बीच बहने वाली यमुना नदी साफ नजर आती है। इसके अलावा दाईं ओर का उजला आयताकार क्षेत्र इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो दक्षिण एशिया के सबसे व्यस्त एयर हब में शामिल है। इन रोशनियों से शहर का नक्शा अंतरिक्ष से भी साफ झलकता है।

*टोक्यो और सिंगापुर जैसे शहरों के साथ की गई तुलना*

आईएसएस ने दिल्ली की तुलना दुनिया के अन्य चमकदार शहरों जैसे टोक्यो, सिंगापुर और साओ पाउलो से की। सिंगापुर की तस्वीर में वह मलेशिया के जोहोर बाहुरू से अलग दिखाई देता है, जबकि एक अन्य तस्वीर में टोक्यो की बे एरिया रात में दमकती नजर आती है। इन छवियों में दिल्ली भी उसी श्रेणी में दिखाई देती है।


जापान के टोक्यो शहर की तस्वीर

### स्पेस स्टेशन के 25 साल पूरे

बता दें कि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। स्टेशन पर मानव उपस्थिति 2 नवंबर 2000 से लगातार बनी हुई है। यहां पहले दल के रूप में नासा के विलियम शेफर्ड के साथ, रूस के यूरी गिद्जेनको और सर्गेई क्रिकालेव 31 अक्टूबर 2000 को कजाखस्तान से उड़ान भरने के 2 दिन बाद स्टेशन पहुंचे थे।

### 26 देशों के करीब 300 से ज्यादा अंतरिक्ष यात्री जा चुके

पिछले 25 वर्षों में आईएसएस पर 26 देशों के करीब 300 से ज्यादा अंतरिक्ष यात्री जा चुके हैं। यहां हजारों वैज्ञानिक प्रयोग किए गए हैं, जिनका सीधा फायदा पृथ्वी पर विज्ञान, चिकित्सा और तकनीक के विकास में हुआ है। यही स्टेशन भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों के लिए भी नींव तैयार कर रहा है।

**भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के बाद बंद थी वीजा सुविधा**

## दुनियाभर में भारत के दूतावासों से मिलेगा चीन के नागरिकों को पर्यटक वीजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में 2020 के मध्य में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शुरू हुए विवाद के पिछले साल 2024 में पूरी तरह से समाप्त होने के बाद भारत और चीन अपने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशों में जुटे हुए हैं।

इसी कड़ी में अब भारत ने दुनियाभर में मौजूद अपने तमाम दूतावासों और मिशन के जरिए चीन के नागरिकों को पर्यटक वीजा देने का निर्णय लिया है। जिसके लिए वह मौजूदा सप्ताह के दौरान आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में भारत द्वारा चीन के नागरिकों के लिए शुरू की गई पर्यटक वीजा सेवाओं के



वीसा

जरिए वह बीजिंग में मौजूद भारतीय दूतावास और शंघाई, ग्वांगझू और हांगकांग में मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावासों के जरिए ही इसके लिए आवेदन कर सकते थे। एलएसी विवाद की समाप्ति में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं (पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग) के बीच रूस के कजान में पिछले साल हुई द्विपक्षीय बैठक की अहम भूमिका है।

## खबर संक्षेप



### खेल प्रतियोगिताओं का डॉ. नागर ने किया प्रारंभ

**औबेदुल्लागंज।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिनेका, बोरदा एवं हर्राई में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री व सांसद शिवराज सिंह चौहान व भोजपुर विधानसभा के विधायक सुरेन्द्र पटवा के मार्गदर्शन में यह महोत्सव युवा शक्ति में खेल संस्कृति, अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता कन्हैयालाल नंदवंशी, सर्वोदय अहिरवार, माधव यादव, शंकर पाल, राजाराम मर्सकोले, रूपेश चौहान, माया राय, राधा मालवीय, सरपंच दिनेश मर्सकोले, कोमल सिंह चौहान, सुरजीत चौहान, अतर सिंह राजपूत, रमेश जनपद, शंकर प्रजापति सहित लोग उपस्थित रहे।

### नर्स को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद पुलिस ने निजी अस्पताल की स्टाफ नर्स की शिकायत पर डॉक्टर के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। स्टाफ नर्स का आरोप है कि शादी का प्रलोभन देकर डॉक्टर उसके साथ लिव इन रिलेशन में रह रहा था। छह महीने साथ रहने के बाद अब वह शादी से इंकार कर रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 25 साल की युवती ईदगाह हिल्स इलाके में रहती हैं और एयरपोर्ट रोड पर निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स की नौकरी करती है। अस्पताल में अजय विश्वकर्मा नाम का डॉक्टर है। अजय ने उसे शादी का प्रलोभन दिया और उसके साथ लिव इन रिलेशन में रहने लगा।

### आरोपों से उन्मोचित किए जाने का आवेदन खारिज

**भोपाल।** परिवहन विभाग के जेल में बंद पूर्व करोड़पति आरक्षक सौरभ शर्मा को ईडी के प्रकरण में आरोपों से उन्मोचित किए जाने के आवेदन को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रवीण पटेल ने सारहीन होने से निरस्त कर दिया है। सौरभ शर्मा के अधिवक्ता द्वारा प्रकरण में सौरभ शर्मा के पास से किसी भी प्रकार की नगदी, आभूषण अथवा संपत्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद नहीं किए जाने के आधार पर उसे आरोपों से उन्मोचित किए जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। वहीं सौरभ शर्मा के साले और प्रकरण के सहआरोपी रोहित तिवारी के अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रकरण में आरोपों से उन्मोचित किए जाने के आवेदन पर ईडी के जबलपुर से आए अधिवक्ता एवं रोहित के अधिवक्ता द्वारा ईडी के विशेष न्यायालय में तर्क प्रस्तुत किए गए।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 9416 | | |
| दिनः | 160 | 70 | 479 |
| रातः | 236 | 17 | 269 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 234 | 94 | 248 |
| रातः | 469 | 94 | 112 |

## घर से शराब बेचने वाला पकड़ाया 20 लाख रुपए की शराब जब्त

बुधवारा के गिन्नौरी मोहल्ले में विदेशी शराब की 98 पेटियां मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवारा के गिन्नौरी मोहल्ले में धार्मिक स्थल के सामने से राहुल यादव के मकान से महंगे ब्रांड की विदेशी मदिरा की 98 पेटिया जब्त की गई हैं। जिसमे ब्लेंडर्स प्राइड, ग्लेनलिविट ब्लैक लेबल, रेड लैबल, जेम्सन, रणथम्भौर, जागर मास्टर, सिग्नेचर ऐब्सलूट वोडका, आइकोनिक, ग्रेगोस, बकार्डी, रॉयल चैलेंज, हंड्रेड पाइपर, ब्लैक डॉग, इम्पीरियल ब्लू, ओल्ड मोंक, बैकबेंचर, मैजिक्मोमेंट, ब्लेंडर, सहित अन्य ब्रांड की शराब जब्त की गई है।

जब्त शराब की कीमत 20 लाख रुपए आंकी गई है। मौके पर गायत्री यादव को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पुत्र राहुल यादव के खिलाफ पहले भी आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया गया था।

### बावड़ियाकलां में किराए के मकान में शराब का स्टॉक, टीम पहुंचने के पहले भागा तस्कर

बावड़ियाकलां स्थित आकृति स्ट्रीट कॉलोनी में किराये का मकान लेकर शराब तस्करी करने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को आबकारी की टीम जब मकान पर दबिश देने पहुंची, तो तस्कर पहले ही मकान से गायब हो गया था। टीम ने मौके से तीन पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। मकान मालिक से भी कियायाना और पुलिस वेरिफिकेशन के दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेज पेश नहीं करने पर मकान मालिक को भी शराब तस्करी में आरोपी बनाया जाएगा। जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि शाहपुरा इलाके में पॉश कॉलोनी से तस्कर द्वारा किराये के मकान से अवैध शराब बेची जा रही थी, जिसका सुराग मिलते ही टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बरामद की है। टीम ने तस्कर के बारे पूछताछ की तो पता चला कि भगवंत मीणा द्वारा यह मकान करीब एक साल पहले किराये पर लिया था। उसने मकान के अंदर बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब का भंडारण कर रखा था। इधर दो दिन पहले भी टीम ने आकृति रिट्रीट कॉलोनी से एक कार जब्त करते हुए 34 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद की थी। जिसकी कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए आंकी गई थी। वहीं कजलीखेड़ा, धौली उमर क्षेत्र में झुग्गी से करीब 300 किलो महुआ लहान और 35 लीटर अवैध देसी शराब बरामद की है। झुग्गी में मंगली बाई द्वारा अवैध शराब छिपाकर रख रखी थी।

## स्कूटर सवार चार बदमाशों ने एक्टिवा सवार युवकों से की मारपीट, मोबाइल और गाड़ी छीनकर ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित भोपाल टॉकीज और काजी कैंप के बीच गुरुवार तड़के दो स्कूटर पर सवार होकर आए चार लुटेरों ने दो युवकों को जमकर पीटा और उनकी एक्टिवा सहित मोबाइल छीनकर ले गए। बदमाशों ने उक्त वारदात मारपीट के अलावा चाकू की नोक पर की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मोहम्मद फैजान पिता मोहम्मद हसीब (19) और उसका साथी आबिद मूलतः उत्तर प्रदेश के हैं। इन दिनों वह काजीकैंप क्षेत्र में रहते हैं और वहीं चिकन की दुकान पर काम करते हैं। गुरुवार तड़के फैजान और आबिद का कोई दोस्त ट्रेन से जा रहा था। गुरुवार तड़के करीब सवा तीन बजे के आसपास वह नादरा बस स्टैंड से काजी कैंप की तरफ जा रहे थे, तभी दो स्कूटर सवार चार बदमाशों ने उनका पीछा किया। भोपाल टॉकीज से काजी कैंप जाने वाली सड़क पर मेट्रो प्रोजेक्ट के पास पहुंचते ही एक स्कूटर वाले ने फैजान की एक्टिवा के सामने स्कूटर अड़ाई, तभी पीछे से उनके साथी दूसरी स्कूटर से पहुंच गए। सभी ने फैजान और आबिद के साथ मारपीट की। इसके बाद चाकू अड़ाकर मोबाइल और एक्टिवा छीनकर फरार हो गए। फैजान और आबिद ने दुकान मालिक को साथ लेकर थाने में केस दर्ज कराया।

### रात के फुटेज में चेहरा नहीं आ रहा नजर

पुलिस का कहना है कि नादरा बस स्टैंड से घटनास्थल और आगे तक मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए थे। फुटेज में बदमाश नजर तो आए, लेकिन अंधेरा होने के कारण उनका चेहरा और स्कूटर का नंबर स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अन्य सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही लूट का खुलासा करते हुए लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नजीराबाद स्थित खराड़िया गांव में हुई दुर्घटना में पुत्र हुआ घायल

# यात्री बस ने पिता-पुत्र को मारी टक्कर, पिता की मौत

रिश्तेदार में निधन होने के कारण बेटे के साथ बाइक से नजीराबाद आए थे 80 वर्षीय वृद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव खराड़िया गांव में शुक्रवार दोपहर यात्री बस ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। इस हादसे में अस्सी साल के पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र को मामूली चोट है। टक्कर मारने के बाद बस का चालक बस लेकर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात बस चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार नारायण सिंह गुर्जर (80) गांव चौड़ई, थाना शमशाबाद, जिला विदिशा में रहते थे। वे खेती किसानी करते थे। नजीराबाद कस्बे में उनकी रिश्तेदारी है। रिश्तेदार में किसी का निधन होने के कारण वह बेटे जय नारायण गुर्जर के साथ बाइक से नजीराबाद आए थे। पिता पुत्र बाइक से दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास गांव खराड़िया पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। चलती बाइक में टक्कर लगने से जयनारायण और उसके पिता नारायण सड़क पर गिर गए थे। सिर के बल गिरने के कारण बुजुर्ग नारायण को सिर में पीछे की तरफ गंभीर चोट थी। बेटा उन्हें पास ही स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बाइक ब्रेकर पर उछलकर गिरी, युवक की मौत




इधर, ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित वसुंधरा फैक्ट्री के पास बाइक ब्रेकर से उछलने के बाद अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोट थी। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां करीब पांच दिन चले इलाज के बाद युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सुनील मीणा पिता फूलसिंह मीणा (40) गांव चांदपुर, ईटखेड़ी में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 16 नवंबर की शाम वह बाइक से ईटखेड़ी आया था और अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान वसुंधरा फैक्ट्री के पास ब्रेकर पर उसकी बाइक उछलकर अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक फिसलने से उसे गंभीर चोट थी। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचला

सूखीसेवनिया बायपास रेलवे ब्रिज के पास शुक्रवार सुबह अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सड़क पर गिरे युवक पर ट्रक का पहिया चढ़ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसका साथी घायल हुआ है, जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद ट्रक का चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आरोपी ट्रक चालक की तलाश कर रही है। हेड कांस्टेबल संजय शर्मा ने बताया कि प्रीतम निरोठा पिता कैलाश निरोठा (19) भगवानपुरा, थाना उमरावगंज, जिला रायसेन में रहता था और हार्वेस्टर चलाता था। हार्वेस्टर अभी सूखी सेवनिया इलाके में चल रहा है। गुरुवार को हार्वेस्टर चलाने के बाद वह अपने गांव चला गया था। हार्वेस्टर सूखीसेवनिया चौराहा पर खड़ा था। शुक्रवार सुबह वह गांव में रहने वाले 35 साल के मुन्नालाल के साथ बाइक से सूखीसेवनिया आ रहा था। बाइक प्रीतम खुद चला रहा था, जबकि पीछे मुन्नालाल बैठा हुआ था। सूखीसेवनिया में बायपास पर रेलवे ब्रिज के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार प्रीतम और मुन्नालाल सड़क पर गिर गए। सड़क पर ट्रक की तरफ गिरने से ट्रक का पहिया प्रीतम के सिर से होता हुआ गुजर गया। जबकि सड़क पर दूसरी ओर गिरे मुन्नालाल को मामूली चोट आई है। मुन्नालाल ने बताया कि प्रीतम को कुचलने के बाद ट्रक के चालक ने कुछ ही पल के लिए ट्रक रोका फिर तेजी से ट्रक लेकर भाग निकला।

### कंटेनर ने बाइक टक्कर मारी, महिला की मौत

खरगोन जिले के बड़वाह-इंदौर हाईवे पर शुक्रवार दोपहर पढ़ाली के पास एक कंटेनर ने बाइक सवार बुजुर्ग दंपती को टक्कर मार दी। कंटेनर की टक्कर के बाद बाइक असंतुलित होकर गिर गई। जयवंती बाई कंटेनर के पिछले पहिए की चपेट में आ गईं थी। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठी 55 वर्षीय जयवंती बाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति घासीराम मालवीय सुरक्षित हैं। यह घटना निमार्णाधीन ब्रिज के पास हुई। घटना के बाद कंटेनर चालक मौके से भागने लगा। हालांकि, बुजुर्ग पति की गुहार पर एक कार चालक ने कंटेनर को आगे से रोक लिया। वह ड्राइवर को बड़वाह थाने ले गया। पुलिस ने महिला के शरीर के अंगों को जमा कर पोस्टमॉर्टम के लिए बड़वाह सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बलवाड़ा एएसआई एसएन मंडलोई ने बताया कि देवास जिले के सुमरीखेड़ा निवासी घासीराम मालवीय (60) अपनी पत्नी को कोइडा भगावा ले जा रहे थे।

### वार्ड नंबर 2 में आवारा कुत्तों को पकड़ा



**औबेदुल्लागंज।** वार्ड नंबर 2 महावीर कॉलोनी में आवारा कुत्तों की बार-बार शिकायत पार्षद नरेश सेठी के पास आ रही थी, जिसकी सूचना उन्होंने सीएमओ किरण रहंगडाले को दी। सीएमओ ने अमले को निर्देश देकर महावीर कॉलोनी में आवारा कुत्तों को पकड़वाया। यह कार्रवाई नगर में आगे भी चलती रहेगी। आवारा कुत्तों से निजात दिलाने पर नागरिकों ने सेठी का आभार व्यक्त किया है।

## प्रमुख क्षेत्रों में लग रहा ट्रैफिक जाम

## आवारा मवेशियों का सड़कों पर डेरा, दुर्घटना का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर में आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या यातायात के लिए समस्या बनती जा रही है। मुख्य बाजार, बस स्टैंड चौक-चौराहा, महावीर कॉलोनी, अर्जुन नगर, स्टेशन रोड, लोधी मोहल्ला, वार्ड नंबर 13 और प्रमुख सड़कों पर दिनभर मवेशी दिखाई देते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम को बाजार क्षेत्र में मवेशियों के झुंड सड़क पर बैठ जाते हैं, जिससे वाहन चालक अक्सर संतुलन खो बैठते हैं। कई बार बच्चों और बुजुर्गों को भी मवेशियों से बचकर निकलने में दिक्कत होती है। व्यापारियों ने बताया कि ग्राहकों को परेशानी होती है। नगरवासियों का आरोप है कि नगर परिषद को आवारा मवेशियों को कांजी हाउस पहुंचाने के लिए विधायक सुरेंद्र पटवा ने निर्देश दिए थे, मगर नगर परिषद निर्देशों का पालन नहीं कर पा रही है। जबकि विधायक ने स्वयं अस्थाई गोशाला की व्यवस्था कराई थी। कई बार शिकायतें के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द कार्रवाई कर सड़क जन सुविधा सुनिश्चित की जाए।

## विधायक पटवा ने बताया मील का पत्थर

## क्षेत्रीय विकास को गति व रोजगार देगा तामोट का प्लास्टिक पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामोट



तामोट में प्लास्टिक पार्क बनाया जाएगा। विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि यह पार्क क्षेत्रीय विकास को गति देगा। नए तकनीकी नवाचार और निवेश के अवसर प्रदान करेगा। प्लास्टिक पार्क का लक्ष्य प्लास्टिक आधारित उद्योगों का एकीकृत केंद्र विकसित करना है, जहां आधुनिक तकनीक, पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्थानीय अर्थव्यवस्था में निवेश बढ़ेगा। पटवा ने कहा कि प्लास्टिक पार्क युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा केंद्र बनेगा। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार में विशाल वृद्धि होगी। तकनीकी कौशल प्रशिक्षण व औद्योगिक अनुभव का अवसर मिलेगा। स्थानीय युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार की संभावनाएं होंगी। इस पार्क में रीसाइक्लिंग आधारित उद्योगों को विशेष महत्व दिया गया है, जिससे प्लास्टिक कचरे का प्रभावी उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण किया जाएगा। तामोट का यह प्लास्टिक पार्क, रायसेन जिले क़े साथ भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए औद्योगिक क्रांति का द्वार है।

## सार्वजनिक सुविधा केंद्र का लोकार्पण



औबेदुल्लागंज में पुरुष मूत्रालय का लोकार्पण पर उपस्थित नगरवासी।

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 13 में शुक्रवार को सार्वजनिक सुविधा केंद्र का लोकार्पण नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, वार्ड नंबर 13 पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, नगर पालिका सीएमओ किरण रहंगडाले, इंजीनियर मुकेश जैन, नीरज चावला, पुरुषोत्तम शर्मा ने किया। इस अवसर पर नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। इससे लोगों को लाभ होगा।

## महिला पदाधिकारियों ने किया विचार-विमर्श

## वैश्य समाज के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर बैठक में हुई चर्चा



वैश्य समाज की बैठक में शामिल महिला पदाधिकारी और सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

शुक्रवार को वैश्य समाज की जिला अध्यक्ष नगर परिषद की उपाध्यक्ष नामिता बागिश अग्रवाल की अध्यक्षता में वैश्य समाज की महिला सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें जिला प्रभारी एवं मारवाड़ी समाज अध्यक्ष विद्या अग्रवाल ने वैश्य समाज के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद हेमलता चौरसिया, अनुराधा विजयवर्गीय, मानसी मित्तल, सोनल, दिव्या, अनीता, सपना, रेनू आदि ने हिस्सा लिया।

**HDFC BANK** एचडीएफसी बैंक लि., परकोटा वार्ड, लेक सागर के पास, मध्य प्रदेश

**नीलामी सूचना**

अधोलिखित देनदार ने प्लेज स्टॉक के खिलाफ ऋण प्राप्त किया है। बैंक द्वारा डिमांड/ लिक्विडेशन नोटिस जारी किये जाने के बावजूद देनदार ने पूर्णतः बकाया नहीं चुकाया। अतः बैंक ने इंडियन कांट्रेक्ट एक्ट 1872 की सेक. 176 के तहत तथा निम्न गोदाम में स्टोर सामान के स्टॉक को इच्छुक पार्टियों से जैसी है जहां है व कोई ''रिकोर्स नही'' आधार पर बेचना तय किया है। कॉमोडिटि यानि **सोयाबीन, श्री शुभम लॉजिस्टिक्स लि. एवं आर्या कोरेटरल वेयरहाउसिंग सर्विसेस प्रा. लि.** की लॉक व चाबी के तहत गोदाम में स्टोर है। यदि चाहे तो निम्न देनदार मौजूद रह सकता है।

**नीलामी का स्थान: एचडीएफसी बैंक लि., परकोटा वार्ड, लेक सागर के पास, सागर, मध्य प्रदेश**

| ऋणकर्ता का नाम | गोदाम का पता | कमोडिटी की मात्रा एमटी में | कमोडिटी का आरक्षित मूल्य प्रति एमटी |
|---|---|---|---|
| संतोष एंड ब्रदर्स | श्री बालाजी लॉजिस्टिक्स, बालाजी धर्म कांटा के पास, ग्राम अमावनी वार्ड, गाँव अमावनी, शहर जिला सागर, मध्य प्रदेश 470002 | सोयाबीन: 98.39 | Rs.40,000/- |
| | श्री कृष्ण वेयरहाउसिंग, ग्राम - बम्होरी रगुआ भोपाल बाय पास सागर मध्य प्रदेश 470002 | सोयाबीन (एवरेज) B : 31.72 | Rs.38,000/- |

**बिड आवेदन : एचडीएफसी बैंक लि., परकोटा वार्ड, लेक सागर के पास, सागर, मध्य प्रदेश** पर कार्यदिवस में दिनांक **24.11.2025 से 28.11.2025 तक** सुबह 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच जमा करें।

बिड को बैंक के प्राधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा **29.11.2025** को 2.00 बजे से 4.00 बजे के बीच (नीलामी की तिथि) उपलब्ध/इच्छुक बिडर्स के सामने **एचडीएफसी बैंक लि., परकोटा वार्ड, लेक सागर के पास, सागर, मध्य प्रदेश** की ब्रांच पर खोली जाएगी।

निविदाकर्ताओं/संभावित खरीददारों को यदि वे चाहें तो निविदाएं खोले जाने के बाद अपने प्रस्तावों को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। इसलिए, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे स्वयं/व्यक्तिगत रुप से या अपने विधिवत अधिकृत और अधिकार प्राप्त प्रतिनिधियों के माध्यम से प्राधिकरण के दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें।

**नीलामी की शर्तें एवं नियम हमारी ऊपर दी गई शाखा में श्री गौरव कुर्मी मो. 8959810855 के पास उपलब्ध हैं।**

**दिनांक : 22-11-2025** एचडीएफसी बैंक लि.
**स्थान : सागर (म.प्र.)** हस्ता- प्राधिकृत अधिकारी

## अंधविश्वास की हद : रतलाम मेडिकल कॉलेज में 'आत्मा' लेने पहुंचे लोग

# घंटेभर पूजा की, ढोल व थाली बजाई न गार्ड ने रोका, न मेडिकल स्टाफ ने

मेडिकल कॉलेज से इस पर कोई बयान नहीं आया, मरीज और उनके परिजनों ने जताई हैरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

रतलाम के मेडिकल कॉलेज में बुधवार शाम करीब 4 बजे आदिवासियों की एक टोली मृत व्यक्ति की आत्मा लेने पहुंची। ढोल और थाली बजाते महिला-पुरुष भीतर घुस गए। महिलाएं गीत गा रही थीं। एक व्यक्ति तलवार लहरा रहा था।

एक शख्स के सिर से खून बह रहा था। हाथों में पूजा की थाली और नारियल था। एक महिला सिर पर लकड़ी की टोकरी में एक पत्थर रखकर चल रही थी। अस्पताल में जिसने भी यह नजारा देखा, वहीं रुक गया। पूछने पर पता चला कि तीन महीने पहले गांव के शांतिलाल झोड़िया की मौत मेडिकल कॉलेज में हो गई थी। जिसके बाद परिजन और ग्रामीण, आदिवासी मान्यता के अनुसार उसकी आत्मा को लेने आए हैं। उसे देवता के रूप में गांव में ओटला बनाकर स्थापित करेंगे। कुछ लोगों ने इसे अंधविश्वास तो कुछ ने परंपरा कहा है। ये सभी बेधड़क मेडिकल कॉलेज की लिफ्ट में सवार होकर तीसरी मंजिल पर पहुंचते हैं। कुछ देर में लौट आते हैं। इनके लौटते ही अस्पताल के गेट पर इंतजार कर रहे महिला-पुरुषों में चीख-पुकार शुरू हो जाती है। ढोल और थाली की थाप तेज हो जाती है। करीब एक घंटे तक यह नजारा मेडिकल कॉलेज में चलता रहा, लेकिन इसे रोकने वाला कोई नहीं था।



तलवार लहराई, नाचते हुए पहुंचे। (इनसेट में) खून से रंगा शख्स

### *भतीजे की मौत, पत्थर में आत्मा लेकर जा रहे हैं*

*झावनी झोड़िया गांव के ग्रामीण जिस मृतक की आत्मा को लेने आए थे, उसका नाम शांतिलाल झोड़िया था। कीटनाशक पीने से उसकी तीन माह पहले मौत हो गई थी। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। वे भी मेडिकल कॉलेज आए थे। मृतक की बुआ नीता झोड़िया ने बताया- मेरे भतीजे शांतिलाल की मौत हो गई थी। अब वह बड़े भाई की बेटी के शरीर में आकर उसे परेशान कर रहा है। बोल रहा है कि मुझे मेडिकल कॉलेज से लेकर आओ, इसलिए हम सब उसे लेने आए हैं। पत्थर में उसकी आत्मा को लेकर जा रहे हैं।*

## सतलापुर में शोक की लहर

## बीएलओ रमाकांत पांडेय की हृदयाघात से मौत

**मंडीदीप।** नगर पालिका क्षेत्र के सतलापुर निवासी एवं मतदाता सूची संशोधन कार्य से जुड़े बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) रमाकांत पांडेय का बीती रात गुरुवार को अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनकी उम्र करीब 55 वर्ष थी। परिजनों के अनसार रमाकांत पांडेय रात में अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने प्राथमिक मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया है। सुबह जैसे ही यह दुखद समाचार क्षेत्र में फैला, लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय पांडेय मेहनत व मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव स्वयं सतलापुर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर गहरा दुख प्रकट किया।

# तीन दिवसीय फेड एक्सपो 2025 में 100 से अधिक औद्योगिक इकाईयों के उत्पादों का प्रदर्शन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ एमपी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) का गोविन्दपुरा इंडस्ट्री एरिया स्थित जीआईए एक्जीबीशन सेंटर में आयोजित फेड एक्सपो 2025 का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। आयोजित फेड एक्सपो 2025 में 100 से अधिक एमएसएमई अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे है।

फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य उद्योगों, सरकारी उपक्रमों एवं एमएसएमई इकाइयों के मध्य आपसी संवाद, व्यवसायिक सहयोग और नये व्यापारिक अवसरों का सृजन करना है। कार्यक्रम में बीएसचईएल, भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, रेलवे, रक्षा प्रतिष्ठान, एचईजी, रेलवे, बीना रिफायनरी एवं अन्य बड़ी इकाईयां, राज्य शासन के विभागों तथा विभिन्न क्षेत्रीय औद्योगिक इकाइयों की सक्रिय भागीदारी है।

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ
- कई क्षेत्रीय औद्योगिक इकाईयों की सक्रिय भागीदारी



फेड एक्सपो 2025 का दृश्य।




फेड एक्सपो 2025 का दृश्य।

### रूस, ओमान, ताईवान समेत कई देशों के प्रतिनिधिमंडल हुए शामिल

एक्सपो में रूस से 10, ओमान से 4, ताईवान से 1 एवं अन्य कई देशों के उद्योग प्रतिनिधि शामिल है। इनके आने से प्रदेश की औद्योगिक इकाईयों को अंतरराष्ट्रीय उद्यमियों से व्यापारिक संबंध स्थापित करने का अवसर प्राप्त होगा। इस एक्सपो से भारत एवं विभिन्न देशों के मध्य औद्योगिक संबंध मजबूत होंगे एवं बाईलेटरल ट्रेड को बढ़ावा मिलेगा।

### मेक इन इंडिया तथा तकनीकी नवाचारों पर सेमिनार

*फेडरेशन के प्रबंध समिति सदस्य योगेश गोयल के अनुसार फेड एक्सपो में एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से वेंडर बनने के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही एक्सपो के दौरान विशेष सत्रों में सरकारी क्रय नीतियों, मेक इन इंडिया पहल तथा तकनीकी नवाचारों पर चर्चा की जाएगी। वेंडर डेवलपमेंट एवं बायर सेलर मीट के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनियां अपने प्रोक्योरमेंट प्लान, वेंडर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और सप्लाई चेन अवसरों को साझा करेंगी। इस दौरान आयोजित वर्कशाप एवं सेमिनार में नवाचार, तकनीकी उन्नयन, एमएसएमई वित्त, निर्यात प्रोत्साहन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नाम ज्ञापन सौंपा

**भोपाल।** बिहार में आचार संहिता लागू होने के बाद भी जीविका दीदी स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं 18 से 60 वर्ष की विवाहित महिलाओं को मिलाकर लगभग 130 करोड़ रुपये की राशि 10,000 प्रति महिला सीधे खातों में वितरित की गई। यह चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला स्पष्ट उल्लंघन है। महाराष्ट्र सहित अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी सरकारें इसी प्रकार आचार संहिता की धज्जियां उड़ाकर चुनाव को अपने पक्ष में मोड़ने का कार्य कर रही हैं। मध्यप्रदेश में 2023 के चुनाव में भी तत्कालीन सरकार ने लाड़ली बहना योजना के माध्यम से सरकारी धन का चुनावी उपयोग कर परिणाम प्रभावित किए। सरकारी धन के ऐसे वितरण से चुनावों की निष्पक्षता समाप्त हो रही है। आचार संहिता को लेकर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नाम ज्ञापन सौंपा।

### फीडर कैडर कर्मचारियों को सीएमओ का प्रभार सौंपा जाएगा

**भोपाल।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने राज्य के विभिन्न नगरीय निकायों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रिक्त पदों के कारण व्यवस्थाओं को प्रभावित न होने देने के उद्देश्य से आदेश जारी किए हैं। विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार अब मुख्य नगर पालिका अधिकारी का प्रभार संबंधित नगर निकायों में पदस्थ फील्ड कैडर के योग्य अधिकारियों को सौंपा जाएगा। जारी आदेश के अनुसार फील्ड कैडर के जिन पदों को मुख्य नगर पालिका अधिकारी का प्रभार देने के लिए उपयुक्त माना गया है उनमें राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, कार्यालय अधीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक वर्ग-1, मुख्य लिपिक सह लेखापाल व लेखापाल शामिल हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं।

### 15 हजार किलोमीटर की यात्रा कर वापस भारत लौटा 'मारीच'

**भोपाल।** आसमान की ऊंचाइयों को चीरता हुआ 'मारीच' एक बार फिर हिंदुस्तान लौट आया है। मार्च 2025 में इस गिद्ध को विदिशा-रायसेन की सीमा से वैज्ञानिक ट्रैकिंग के उद्देश्य से छोड़ा गया था। चार देशों का लंबा सफर तय करने के बाद लगभग यह गिद्ध 15,000 किलोमीटर की विस्मयकारी उड़ान पूरी कर भारत वापस पहुंचा है। इसकी हर गतिविधि, दिशा और यात्रा को सौर ऊर्जा से चलने वाले उन्नत जीपीएस सिस्टम ने लगातार रिकॉर्ड किया। डीएफओ हेमंत यादव के अनुसार मारीच ने अपनी प्रवासी यात्रा के दौरान अफगानिस्तान, पाकिस्तान सहित कई देशों के आसमान को पार किया। वह कभी बंजर पहाड़ियों के ऊपर से तो कभी दुर्गम सीमाई इलाकों से होता हुआ अंततः उसी भूमि पर लौट आया है, जहां से उसका सफर शुरू हुआ था। जीपीएस डेटा के अनुसार यह गिद्ध फिलहाल भारत की सीमा में है और वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ उसकी हर हलचल पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। मारीच की सुरक्षित वापसी ने वन्यजीव विशेषज्ञों और संरक्षणकतार्ओं में उत्साह भर दिया है।

### सीएम डॉ. यादव ने आदर्श ग्राम पंचायत कागपुर को दी नए हाट बाजार की सौगात

# मप्र की समृद्धि के लिए गांवों को विकास की धारा से जोड़ा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के गरीब, किसान, बहनों और युवाओं के कल्याण के लिए राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश की समृद्धि के लिए गांवों को विकास और स्वावलंबन की धारा से जोड़ा जा रहा है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए गोपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार ने अनेक किसान हितैषी निर्णय लिए हैं। किसानों को भावांतर योजना की राशि दी जा रही है। प्रदेश के हर गांव और हर खेत को पानी मिले, यही हमारी सरकार का संकल्प है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव विदिशा के कागपुर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कागपुर में मप्र टूरिज्म बोर्ड के माध्यम से वॉटर पार्क बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बड़े पैमाने पर जल स्त्रोतों का संरक्षण किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक आदर्श वृंदावन ग्राम विकसित करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। शुक्रवार को शमशाबाद का कागपुर जनसहयोग से श्रेष्ठतम ग्राम बनने का एक आदर्श उदाहरण है। सर्व सुविधा युक्त इस गांव को नए हाट बाजार की सौगात मिली है, जिसमें 128 दुकानें तैयार की गई हैं। यह बाजार आसपास की बड़ी आबादी के लिए हाट बाजार का प्रमुख केंद्र है।

*मुख्यमंत्री ने कागपुर में 39.80 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन*

**खास बातें**

- दो हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप सौंपी चाबी
- हर गांव की खुशहाली राज्य सरकार की प्राथमिकता



विकास कार्यों का शुभारंभ करते सीएम डॉ. यादव व मंत्री पटेल।

### किसानों को भावान्तर योजना से मिल रहा फसलों का उचित मूल्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कागपुर में आदर्श ग्राम योजना के तहत 5.75 करोड़ लागत के हाट बाजार का लोकार्पण किया। उन्होंने 2 हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप दुकानों की चाबी सौंपी। साथ ही विदिशा जिले के लिए 34 करोड़ लागत से 135 नवीन स्वीकृत सामुदायिक भवनों का भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को भावान्तर योजना के माध्यम से फसलों का उचित दाम दे रही है।

### जल स्रोतों के विकास का कार्य हुआ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के विकास का कार्य किया गया है। केन-बेतवा परियोजना से विदिशा जिले में सिंचाई के लिए कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। हर ग्राम पंचायत में वर्ष 2026 तक श्मशान घाट और सड़कों सहित सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों, लखपति दीदियों, पशुपालकों से किया संवाद



लखपति दीदियों को चेक वितरित करते सीएम।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कागपुर प्रवास के दौरान लाड़ली बहनों, लखपति दीदीयों, पशुपालकों से संवाद किया। लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री का प्रतिमाह 1500 रुपए देने पर आभार माना। संवाद में मुख्यमंत्री ने लखपति दीदीयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और पशुपालकों को उनके हित में संचालित योजनाओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कागपुर बगिया में आम का पौधा रोपा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कागपुर उद्यान में तालाब के विहंगम दृश्य का अवलोकन भी किया।

### पहली बार तीन मंजिला पंचायत भवनों का हो रहा निर्माणः मंत्री पटेल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत पहली बार पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायतों के तीन मंजिला भवन निर्माण की शुरुआत की गई है। इन भवनों को डिजाइन के अनुरूप मजबूत आधार प्रदान किया जा रहा है। राज्य सरकार से 5वें वित्त की 6 हजार करोड़ राशि पंचायतों को मिल रही है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कहा कि पहले 450 लोगों की आबादी वाले उनके गांव कागपुर में पेयजल की समस्या रहती थी। शिक्षा, पेयजल सुविधाओं के के साथ अब कागपुर को आज हाट बाजार की सौगात मिल रही है।

### नागरिकों, संगठनों के सुझाव वित्त विभाग को भेजे जाएंगे

# बजट बनाने सरकार ने मांगे सुझाव, पारंपरिक व्यवसाय को बढ़ावा देने पर कर रहे फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अगले साल पेश होने वाले एमपी के बजट को लेकर मोहन सरकार ने प्रदेश के युवाओं, नागरिकों, संगठनों से सुझाव मांगे हैं। यह सुझाव ई मेल और पत्रों के जरिए राज्य सरकार के वित्त विभाग को भेजे जा सकेंगे। सरकार ने कहा है कि उन सभी सुझावों पर सरकार अमल करेगी जो प्रदेश के ग्रामीण विकास, पारंपरिक व्यवसायों के पुनरुद्धार, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, गोचर भूमि के सुरक्षित उपयोग से जुड़े होंगे। साथ ही स्थानीय पर्यटन, धार्मिक-ऐतिहासिक धरोहरों के विकास, पुराने शहरों के पुनर्विकास, सड़कों एवं गलियारों के चौड़ीकरण, अतिक्रमण मुक्त मॉडल, शहरी अधोसंरचना, प्रशासनिक सुधार और राजस्व वृद्धि वाले सुझावों को भी वरीयता दी जाएगी।

वित्त विभाग द्वारा इन दिनों बजट की तैयारियों को लेकर विभागों के सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अफसरों से चर्चा शुरू की गई है। इस बीच विकसित मध्यप्रदेश 2047 के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 बजट तैयार करने में हर साल की तरह इस वर्ष भी नागरिकों की भागीदारी तय करने का फैसला किया गया। नागरिक अपने सुझाव टोल फ्री नंबर 0755-2700800, डाक के माध्यम से भी भेज सकते हैं। सुझाव देने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर 2025 है।

### अर्थव्यवस्था में सुधार पर ध्यान आर्थिक नियोजन की तैयारी

*योजनाओं और परियोजनाओं को पूरी करने में जुटी सरकार ने सुझाव मांगने के साथ कहा है कि विकसित प्रदेश बनाने के लिए प्रदेश के वित्तीय प्रशासन का एक मजबूत ढांचा तैयार किया जा रहा है। इसके लिए अभी से एक आर्थिक नियोजन की तैयारी करना आवश्यक होगा।*

### इन बिन्दुओं पर जनता से विशेष मार्गदर्शन मांगा

*राज्य सरकार ने हरित ऊर्जा के विस्तार, विद्युत वितरण प्रणालियों में सुधार, स्मार्ट मीटर, वास्तविक बिलिंग, पुराने तारों के स्थान पर सुरक्षित केबल लाइन, ई-परिवहन को बढ़ावा और सड़क नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण जैसे क्षेत्रों में जनता से विशेष मार्गदर्शन मांगा है।*

### कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य एवं पशुपालन, औषधि निर्माण के लिए भी सुझाव मांगे

प्रदेश के नागरिक कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य एवं पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, निर्यात उन्मुख उद्योगों, वनोपज प्रसंस्करण, औषधि निर्माण तथा अन्य संभावित स्थानीय उद्योगों के विकास से जुड़ी अवधारणाओं को साझा करने के लिए भी आमजन को प्रोत्साहित किया गया है। नदियों, तालाबों एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण-संवर्धन तथा स्थानीय पर्यटन, धार्मिक-ऐतिहासिक धरोहरों के विकास से संबंधित सुझाव भी बजट निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

# ओंकारेश्वर में पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ

सांसद पाटिल एवं विधायक पटेल ने यात्रियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने और पर्यटकों को त्वरित, सुगम और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर भोपाल से "पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा" का शुभारंभ किया था। इसके तहत ओंकारेश्वर में शुक्रवार को हेलीकॉप्टर से उज्जैन से पांच तीर्थयात्रियों का आगमन ग्राम कोठी के हेलीपैड पर हुआ।

खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और मांधाता विधायक नारायण पटेल ने हेलीकॉप्टर से आने वाले सभी तीर्थयात्रियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, पुनासा एसडीएम पंकज वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओंकारेश्वर एवं सहायक कलेक्टर डॉ. कृष्णा सुशीर,



पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा का स्वागत करते सांसद, विधायक

ओंकारेश्वर नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा परिहार तथा जनपद अध्यक्ष पुनासा एवं राजा मांधाता राव पुष्पेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि पार्षदगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे। हेलीकॉप्टर से आए 5 तीर्थ यात्रियों ने ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन किए । इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मुकेश काशिव एवं मंदिर ट्रस्ट के आशीष दीक्षित ने सभी यात्रियों का माल्यार्पण कर एवं प्रसाद श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

## प्रदेश के 13 जिलों में खुलेंगे नए आयुष अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत देते हुए 13 जिलों में नए आयुष अस्पताल खोलने का निर्णय लिया है। इनमें 12 जिलों में 50-50 बिस्तर और बड़वानी जिले में 30 बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित किया जाएगा।

इन अस्पतालों के संचालन के लिए 373 नियमित पदों के सृजन को भी मंजूरी प्रदान की गई है। इसके साथ ही 806 ह्यूमन रिसोर्स सर्विस पदों को कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर स्वीकृति दी गई है। नए पदों में 52 क्लास-1, 91 क्लास-2 और 230 क्लास-3 पद शामिल हैं। ह्यूमन रिसोर्स सर्विस के लिए अतिरिक्त 91 क्लास-2, 117 क्लास-3 और 598 क्लास-4 पद भी स्वीकृत किए गए हैं। यह कार्य नेशनल आयुष मिशन के माध्यम से किया जाएगा। आयुष चिकित्सा के लिए ऐतिहासिक कदम मप्र में नए आयुष अस्पतालों की स्थापना और 373 नियमित पदों की स्वीकृति आयुष चिकित्सकों तथा चिकित्सा सेवाओं के लिए ऐतिहासिक कदम है।

## सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नरेशचंद्र सिंह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मप्र विधानसभा भवन पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नरेशचंद्र सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेशचंद्र सिंह राज गोंड प्रदेश के इतिहास में एकमात्र जनजातीय और मध्यप्रदेश के 6वें मुख्यमंत्री रहे। उनकी कार्य अवधि 13 मार्च 1969 से 25 मार्च 1969 तक कुल 13 दिन रही। उनके मुख्यमंत्री बनने का समय संविद सरकार थी। राजनीतिक अस्थिरता की वजह से उनका कार्यकाल बहुत छोटा रहा। इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी, विधानसभा के प्रमुख सचिव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। पूर्व मुख्यमंत्री नरेशचंद्र सिंह का जन्म 21 नवम्बर 1908 को हुआ था।



श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएम।

### मतदाता सूची के शुद्धिकरण में भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण : हितानंद

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शुक्रवार को रीवा भाजपा कार्यालय में रीवा संभाग की संभागीय बैठक को संबोधित किया। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। पार्टी कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा के साथ इस अभियान को सफल बनाने में जुटे। वास्तविक मतदाताओं का नाम सूची में सुरक्षित रहे और किसी पात्र मतदाता को कोई परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इस प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और संकल्प के साथ सफल बनाएं। कार्यकर्ताओं की बूथ-स्तरीय सक्रियता से मतदाता सूची का शुद्धिकरण अभियान निश्चित रूप से सफल होगा और लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी।

- भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने रीवा में की संभागीय बैठक

HDFC BANK

**एचडीएफसी बैंक लि.,** तल मंजिल, वार्ड नं. 09,मेन रोड़, फ्लायओवर के पास, बुदनी,म.प्र. 466445

**नीलामी सूचना**

अधोलिखित देनदार ने प्लेज स्टॉक के खिलाफ ऋण प्राप्त किया है। बैंक द्वारा डिमांड/लिक्विडेशन नोटिस जारी किये जाने के बावजूद देनदार ने पूर्णतः बकाया नहीं चुकाया। अतः बैंक ने इंडियन कांट्रेक्ट एक्ट 1872 की सेक. 176 के तहत तथा निम्न गोदाम में स्टोर सामान के स्टॉक को इच्छुक पार्टियों से जैसी है जहां है व कोई ''रिकोर्स नही'' आधार पर बेचना तय किया है। कॉमोडिटी यानि **धान बासमती, श्री शुभम लॉजिस्टिक्स लिमिटेड** की लॉक व चाबी के तहत गोदाम में स्टोर है। यदि चाहे तो निम्न देनदार मौजूद रह सकता है।

**नीलामी का स्थान: एचडीएफसी बैंक लि., तल मंजिल, वार्ड नं. 09, मेन रोड़, फ्लायओवर के पास, बुदनी,म.प्र. 466445**

| ऋणकर्ता का नाम | गोदाम का पता | कमोडिटी की मात्रा एमटी में | कमोडिटी का आरक्षित मूल्य प्रति एमटी |
|---|---|---|---|
| शिवा ट्रेडर्स | श्री शुभम लॉजिस्टिक्स लिमिटेड खसरा नंबर 407 1 407 2 409, इटारसी होशंगाबाद रोड ग्राम रैसलपुर, तहसील इटारसी जिला होशंगाबाद म.प्र. 461111 | धान बासमती (1718): 185.37 | Rs.27,500/- |

**बिड आवेदन : एचडीएफसी बैंक लि., तल मंजिल, वार्ड नं. 09, मेन रोड़, फ्लायओवर के पास, बुदनी, म.प्र. 466445** पर कार्यदिवस में दिनांक **24.11.2025 से 28.11.2025 तक** सुबह 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच जमा करें।

बिड को बैंक के प्राधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा **29.11.2025** को 2.00 बजे से 4.00 बजे के बीच (नीलामी की तिथि) उपलब्ध/इच्छुक बिडर्स के सामने **एचडीएफसी बैंक लि., तल मंजिल, वार्ड नं. 09, मेन रोड़, फ्लायओवर के पास, बुदनी, म.प्र. 466445** की ब्रांच पर खोली जाएगी।

निविदाकर्ताओं/संभावित खरीददारों को यदि वे चाहें तो निविदाएं खोले जाने के बाद अपने प्रस्तावों को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। इसलिए, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे स्वयं/व्यक्तिगत रुप से या अपने विधिवत अधिकृत और अधिकार प्राप्त प्रतिनिधियों के माध्यम से प्राधिकरण के दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें।

**नीलामी की शर्तें एवं नियम हमारी ऊपर दी गई शाखा में श्री अल्पेश सिंह मो. 8962256693 के पास उपलब्ध हैं।**

**दिनांक : 22-11-2025**
**स्थान : इटारसी (म.प्र.)**

एचडीएफसी बैंक लि.
हस्ता- प्राधिकृत अधिकारी

### राज्यपाल पटेल से मिले प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर

# भौतिक सुविधाओं का सुख क्षणिक, अच्छे व्यक्तियों को मिलता है उच्च स्तरीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हर समय, हर समाज में अच्छे व्यक्तियों का सदैव सम्मान होता है। संवेदनशीलता पूर्वक किए सेवा कार्यों से आत्मिक आनंद मिलता है। भौतिक सुविधाओं का सुख क्षणिक होता है। पूरी एकाग्रता और समर्पण के साथ सीखना ही भावी जीवन की सफलताओं का आधार है।

प्रशिक्षण के दौरान छोटी सी चूक भविष्य की बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। राज्यपाल पटेल शुक्रवार को राजभवन में आए आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी और अपर सचिव उमाशंकर भार्गव भी मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि प्रकृति के जीवों में सबसे शक्तिशाली मानव है, जिसे बुद्धि और वाणी के रूप में अद्वितीय शक्ति मिली है।



राज्यपाल का संबोधन।

### सिविल सेवक सरकार और जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी

*राज्यपाल ने कहा कि भावी जीवन में सदैव सीखने और अनुभवों से समझने का भाव रहना चाहिए। महत्वपूर्ण उपयोगी व्यवहारिक ज्ञान समाज के सबसे वंचित, पिछड़े और गरीब व्यक्तियों से ही मिलता है। सुशासन का आधार होते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा योजनाओं का निर्माण वंचित, गरीब और पिछड़े व्यक्तियों, समुदायों की मदद और उत्थान के उद्देश्यों से होता है।*



पत्नी व बच्चों के साथ जनगढ़ श्याम का एक पुराना चित्र।

### जनगढ़ श्याम के पुत्र मयंक श्याम ने जापान के मिथिला म्यूजियम के संस्थापक-निदेशक टोकियो हासेगावा से कहा

# पिता की आत्महत्या से आहत मेरा परिवार उनकी याद में एक दीया जापान के म्यूजियम में लगाना चाहता है



मधुरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल

**'हरिभूमि' का 'भावुक संवाद'**

जापान के मिथिला संग्रहालय में मेरे पिता प्रसिद्ध गोंड चित्रकार जनगढ़ श्याम ने अपने अंतिम समय में एक मछली का चित्र बनाया, जिसमें पिता ने मछली की आंख नहीं बनाई और जब इस चित्र को मैंने और मेरे परिवार ने प्रोजेक्टर पर देखा तो लगा कि हम तीनों भाई बहन अपने पिता की आंख के तारे थे और शायद इस चित्र के माध्यम से वो यही कहना चाहते थे कि मेरे जाने के बाद मेरे बच्चे मेरी कला को सहेज कर रखेंगे और आगे बढ़ाएंगे।

मेरे पिता की आत्महत्या से मैं और मेरा परिवार टूट गया था, और तब से लेकर अब तक मैं अपने पिता की तलाश में लगा हूं, कहीं से वो मुझे मिलें, मुझसे बात करें, क्योंकि उनके जाने के बाद मेरा पूरा जीवन ही उनकी याद बनकर रह गया। मात्र 14 वर्ष की आयु में मेरे सिर से पिता का साया उठ गया, अपने दो छोटे भाई बहन और बेबस मां का ख्याल रखने के साथ साथ परिवार की पूरी जिम्मेदारी मुझपर आ गई, लेकिन इन सबके बीच मेरे पिता की यादें मेरे दिल में बसी रहीं। 737678... जापान के म्यूजियम का नंबर है, जिस पर मैं अपने पिता से घंटों बातें करता था। आज भी उस नंबर को डायल करने का सोचता हूं, शायद दूसरी आवाज मेरे पिता की हो।

**737678...** जापान के म्यूजियम का नंबर है, जिस पर मैं अपने पिता से घंटों बातें करता था। आज भी उस नंबर को डायल करने का सोचता हूं, शायद दूसरी आवाज मेरे पिता की हो।



अपने काम में तल्लीन जनगढ़ श्याम। (फाइल फोटो)



जनजातीय संग्रहालय में मयंक श्याम मां और छोटी बहन के साथ।

## मेरी आत्मा आज भी कौंधती हैं कहीं से पिता से बात हो जाए

**ताकि पिता को मिल जाए मोक्ष...**

मयंक ने 'हरिभूमि' से कहा कि मेरी आत्मा आज भी कौंधती हैं कि कहीं से पिता से बात हो जाए, उनके होने को मैं महसूस कर पाऊं। उन्होंने कहा कि हमारे जनजातीय समाज में मिथक है कि मृत शरीर के पास एक दिया लगाया जाता है, ताकि वह आत्मा या तो मोक्ष पा सके या पुर्नजन्म ले सके। लेकिन मुझे आज भी 2001 जुलाई का वो दिन याद है जब पिता की मृत्यु की सूचना आई और उनके मृत शरीर को जापान से भोपाल तक लाने में दस दिन से ज्यादा का समय लगा, उनके शरीर को जापानी ताबूत में लाया गया, पूरा शरीर फूल चुका था, लग रहा था कि कितने दिनों के सफर के बाद मेरे पिता आ पाए, हम उनके शरीर को छू भी नहीं पाए। मुझे लगता है कि आज भी मेरे पिता की आत्मा वहीं कहीं है और मैं उस म्यूजियम के उसी कोने में जाकर अपने पिता के नाम का दीया लगाना चाहता हूं। ताकि उनकी आत्मा को मोक्ष मिल सके और हमें सुकून।

### अपने पिता के अंतिम समय में बनाए चित्रों को देखना चाहता हूं

मयंक ने कहा कि गोंडवाना चित्रकारी को जन्म देने वाले मेरे पिता ही हैं और उनकी देखा देखी कई जनजातीय चित्रकारों ने न केवल नाम कमाया बल्कि पद्मश्री और पद्मभूषण जैसे सर्वोच्च सम्मान भी प्राप्त किए, लेकिन मेरे पिता के नाम इनमें से कोई भी राष्ट्रीय पुरस्कार नहीं है। मयंक ने कहा कि गुरुवार को जब जापान के मिथिला म्यूजियम के संस्थापक-निदेशक टोकियो हासेगावा जनजातीय संग्रहालय में एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आए तो मैंने अपने दिल की बात उनसे शेयर की, मैंने हासेगावा से सपरिवार जापानी म्यूजियम विजिट करने की बात कही कि मैं अपने पिता के अंतिम समय में बने चित्रों को देखना चाहता हूं, उनके लेखों को पढ़ना चाहता हूं, लेकिन उनकी तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। लेकिन ये एक पुत्र की गुहार है कि जब उसके पिता से अंतिम समय में वो बात नहीं कर पाया तो कम से कम पिता के अंतिम समय की स्मृतियों को संजोने का हक मुझे मिलना चाहिए।


### कौन हैं जनगढ़ श्याम?

पूर्वी मध्य प्रदेश के मंडला जिले (डिंडोरी जिला) के पाटनगढ़ गांव में प्रधान गोंड परिवार में बेहद गरीबी में पले-बढ़े, जनगढ़ श्याम, बचपन में भैंस चराते और दूध बेचते थे। भारत भवन में जगदीश स्वामीनाथन से मुलाकात के बाद उनकी चित्रकला में निखार आया और उन्हें 26 साल की छोटी उम्र में ही मप्र सरकार के सर्वोच्च नागरिक सम्मान शिखर सम्मान से नवाजा गया। उनके बने चित्र नए विधानसभा भवन में भी लगे हैं। 1989 में उनकी कला पेरिस में पॉम्पीडौ सेंटर की मैजिशियंस डे ला टेरे (पृथ्वी के जादूगर) प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई। इसके बाद उन्होंने जापान के टोकामाची स्थित मिथिला संग्रहालय में कार्य किया और तीन माह के भीतर की जनगढ़ श्याम ने इसी संग्रहालय में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या क्यों की? यह अभी अज्ञात है।

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय तानसेन सम्मान से पं. राजा और पं. तरुण भट्टाचार्य होंगे विभूषित





**भोपाल।** संस्कृति, पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि राष्ट्रीय तानसेन सम्मान वर्ष-2024 के लिए पं. राजा काले, मुंबई तथा वर्ष-2025 के लिए पं. तरुण भट्टाचार्य, कोलकाता को प्रदाय किया जाएगा। इसी तरह राष्ट्रीय राजा मानसिंह तोमर सम्मान वर्ष-2024 के लिए साधना परमार्थिक संस्थान समिति, खरगोन एवं वर्ष-2025 के लिए रागायन, ग्वालियर को प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान 15-19 दिसंबर तक ग्वालियर में तानसेन समारोह के 101वें संस्करण में दिए जाएंगे।

### विश्व धरोहर सप्ताह पर पुरातत्व एवं संग्रहालय ने किया प्रवेश निःशुल्क

**भोपाल।** विश्व धरोहर सप्ताह 2025 पर राज्य के सभी संग्रहालयों, संरक्षित स्मारकों एवं धरोहर स्थलों में प्रवेश निःशुल्क किया गया है। आम लोगों से इसका लाभ लेने को कहा गया है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और भोपाल में विशेष धरोहर यात्रा श्रृंखला तैयार की गई है, जिनके माध्यम से शहरों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं का अनुभव कराया जा रहा है।

### 'मेपेक्स 2025' डाक टिकट प्रदर्शनी का सांसद शर्मा ने किया शुभारंभ

# 325 फ्रेमों में सजी विरासत और विज्ञान यात्रा दुर्लभ, ऐतिहासिक दस्तावेज आकर्षण का केंद्र



डाक टिकटों को देखता दर्शक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

14वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी "मेपेक्स 2025" का शुभारंभ समन्वय भवन में शुक्रवार को भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने किया। प्रदर्शनी में नागरिकों, फिलाटेलिस्टों, विभागीय अधिकारियों तथा विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### 8000 वर्ग फीट क्षेत्र में 325 फ्रेमों की प्रदर्शनी

डाक टिकट प्रेमियों के लिए यह आयोजन किसी उत्सव से कम नहीं रहा। 170 डाक टिकट संग्रहकर्ताओं की मेहनत से तैयार 325 फ्रेम, समन्वय भवन के 8000 वर्ग फीट क्षेत्र में प्रदर्शित किए गए। इन फ्रेमों में कई दुर्लभ डाक टिकट, विशेष आवरण और ऐतिहासिक दस्तावेज शामिल हैं।

### विविध विषयों पर अद्भुत टिकट संग्रह

भारतीय सेना, स्वतंत्रता पूर्व भारत, होल्कर एस्टेट, अंतरिक्ष विज्ञान यात्रा, 1857–1947 स्वतंत्रता संग्राम, रामायण, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत रत्न अवार्ड, स्वच्छ भारत, मप्र टूरिज़म, भारतीय रेल, विज्ञान एवं तकनीकी विकास, दुर्लभ टिकटों और स्पेशल कवर ने दर्शकों का मन मोह लिया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए बच्चों से मिलते सांसद आलोक शर्मा।

### सांसद आलोक शर्मा ने की प्रदर्शनी की सराहना

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि "भारत की विज्ञान यात्रा और आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित यह प्रदर्शनी हमारी विशाल विरासत का दर्पण है।" पिछले 78 वर्षों से आयोजित ये प्रदर्शनियां नई पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी से जोड़ने का काम कर रही हैं। उन्होंने कलाकार रेखा भटनागर द्वारा बनाए गए रेखांकन की प्रशंसा की।



टिकटों की जानकारी देते डाक विभाग के अधिकारी।



प्रदर्शनी में सजे दुर्लभ डाक टिकटों की श्रृंखला।

### विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक गतिविधियां

आयोजन में विद्यार्थियों के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें पत्र लेखन प्रतियोगिता,एकल एवं समूह नृत्य प्रस्तुतियां, उमंग वेल्फेयर सोसायटी द्वारा समूह गान। इसके साथ ही समाज सुधारक स्व. शंकर प्रसाद ताम्रकार पर विशेष आवरण का विमोचन किया गया। इंदौर के फिलाटेलिस्ट ओ.पी. केडिया की पुस्तक का विमोचन भी कार्यक्रम का आकर्षण रहा। भेल के एजीएम सुनील सचदेवा द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### पहला स्वतंत्र भारत का डाक टिकट भी बना आकर्षण

स्वतंत्र भारत का पहला डाक टिकट "जय हिन्द", 21 नवंबर 1947 को जारी किया गया था। प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर भारत 2047 को ध्यान में रखते हुए भी विशेष टिकटों का समावेश किया गया है।

## माता-पिता ने पहले से ही डरा दिया था, बहुत पिटाई लगेगी यदि उल्टे-पुल्टे गाने गाए तो....

**हरिभूमि चर्चा**

### महाकाल दर्शन के बाद भोपाल आए सिंगर जुबिन नौटियाल ने हरिभूमि से साझा किए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब से इंडस्ट्री में कदम रखा और गाने को अपना प्रोफेशन चुना तब से मेरी यह कोशिश रही है कि ऐसे गीत गाऊं जो अर्थ पूर्ण हों, ऐसे शब्द चूनूं जिनका कोई ना कोई अर्थ निकले और मेरे माता-पिता ने भी मुझे पहले से ही डरा दिया था कि बहुत पिटाई लगेगी यदि उल्टे पुल्टे गाने गाए तो। और भगवान की कृपा रही कि अभी तक मेरे गीतों में कहीं माशूका का प्यार नजर आता है तो कहीं भगवान की भक्ति और इसे मैं महाकाल की कृपा ही कहता हूं कि मेरा यह सुंदर गीतों का कारवां चलता आ रहा है.... यह कहना है जाने माने सिंगर जुबिन नौटियाल का, जो उज्जैन महाकाल दर्शन के बाद भोपाल आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने इंडिया टूर के बारे में चर्चा की।

**अवार्ड से ज्यादा फैंस का प्यार और माता-पिता का आशीर्वाद**

जुबिन ने कहा कि यदि मेरे पसंदीदा गीत की बात की जाए तो रफी साहब का गीत बड़ी दूर से आए हैं.... है, वही आईफा अवार्ड पर उन्होंने कहा कि आईफा अवार्ड से ज्यादा जरूरी मेरे लिए मेरे फैंस का प्यार और माता-पिता का आशीर्वाद है। इन्हीं की वजह से आज मेरी शख्सियत है।



**महाकाल के दर्शन के साथ कर रहा हूं इंडिया टूर की शुरुआत**

इंडिया टूर के बारे में उन्होंने कहा कि मैंने वर्ल्ड टूर तो कर लिया है, कई कंट्रीज में परफॉर्मेंस दे चुका हूं और अब मैं भारत टूर करना चाहता था और इसकी शुरुआत अपने आराध्य महाकाल के दर्शन के साथ की है और इंदौर में मेरा पहला शो है। इसके अलावा 10 शहरों के माध्यम से मैं अपना इंडिया टूर पूरा करूंगा।

**मेरे गीतों में पैरेंट्स का फेवरेट सांग अपना पता जिंदगी....है**

मेरे गीतों में मेरे पैरेंट्स का फेवरेट कुछ तो बता जिंदगी, अपना पता जिंदगी....है। क्योंकि इस गीत में मेरे परिवार को मेरा गाने के प्रति अपार स्नेह ओर श्रद्धा दिखती है साथ ही मेरी कामयाबी के पीछे छिपा संघर्ष भी।



रंग श्री लिटिल बैले में नाटक का मंचन करते कलाकार।

## 11वें रंग त्रिवेणी नाट्य उत्सव में नाटक 'चारूलता' का मंचन

### अशोक बुलानी को मिला 'रंग सिद्धि सम्मान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सघन सोसायटी फॉर कल्चरल एंड वेलफेयर द्वारा आयोजित 11वां रंग त्रिवेणी नाट्य उत्सव रंगश्री लिटिल बैले ग्रुप, स्मार्ट रोड, साइंस सेंटर के पास हुआ। नाटक "चारूलता" ने दर्शकों को गहराई तक प्रभावित किया। समारोह में अशोक बुलानी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए रंग सिद्धि सम्मान से विभूषित किया गया। नाटक चारूलता ने रिश्तों, संवेदनाओं और स्त्री-स्वाभिमान की अंतर्ध्वनियों को मंच पर अत्यंत प्रभावी रूप से उकेरा। कहानी अखबार मालिक भूपति, पत्नी चारूलता तथा साले उमापति और भाई अमल के इर्द-गिर्द घूमती है। चारूलता की साहित्यिक रुचि और अमल का प्रभावित होना धीरे-धीरे संबंधों में जटिलता पैदा करता है। अमल ने चारूलता की रचनाएं प्रकाशित करवाए जाने से प्रशंसा और आलोचना उनके बीच दूरी और ईर्ष्या दोनों को जन्म देती है। विदेश में बसे अमल से कोई समाचार न मिलने पर चारूलता टूटने लगती है, जबकि दूसरी ओर उमापति अखबार के प्रबंधन में हेरफेर कर अखबार को ।संकट में डाल देता है। मंच पर चारूलता, भूपति, उमापति, सोमा चक्रवर्ती, गिरीश मोहन, अनिल वर्मा और मंदा की भूमिका में अर्पिता घोष सहित सभी कलाकारों ने उत्कृष्ट अभिनय से दर्शकों की भरपूर प्रशंसा अर्जित की।

### 47वीं ऑल इंडिया पीआर कॉन्फ्रेंस में भोपाल चैप्टर होगा सम्मानित

**भोपाल।** 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस का आयोजन आगामी 13 से 15 दिसंबर तक देहरादून में होगा। इसमें भोपाल चैप्टर को जनसंचार एवं जन जागरुकता के सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। चैप्टर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक ने बताया कि इस दौरान भोपाल चैप्टर को सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम आयोजित करने पीआरएसआई भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी, सचिव डॉ. पंकज मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष के.के. शुक्ला को सम्मानित किया जाएगा।

## संस्कृत विवि में नाटक वसुधैव कुटुंबकम का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में एकीकृत शिक्षक शिक्षा प्रथम सत्रार्द्ध के इतिहास विषय के छात्र छात्राओं द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम' नाटक का मंचन किया गया।

इस नाटक में छात्र-छात्राओं ने संदेश दिया कि किस प्रकार सभी धर्म के लोग मिलकर प्रेम, सहयोग एवं एकता से रह सकते हैं एवं सारी वसुधा को अपना कुटुंब मान सकते हैं। नाटक का निर्देशन डॉ. चन्नबसवस्वामि हीरेमठ ने किया एवं संगीत निर्देशन डॉ. हरि प्रसाद पौड्याल का रहा। नाटक में दिखाया गया कि कैसे वसुधेव कुटुम्बकम की भावना से अतिथि देवो भव की भावना को साकार किया जा सकता है।



नाटक का मंचन करते विवि के छात्र-छात्राएं।

## यूआईटी-आरजीपीवी प्रवाह 2.0 का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूआईटी-आरजीपीवी), भोपाल के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव प्रवाह 2.0 - 2025 का शुभारंभ शुक्रवार को सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर आरजीपीवी के कुलसचिव प्रो. मोहन सेन, यूआईटी-आरजीपीवी के निदेशक प्रो. सुधीर सिंह भदौरिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रो. रवींद्र पटेल, संकाय सदस्य तथा विद्यार्थी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रवाह 2.0 की शुरुआत नाट्य उत्सव प्रतियोगिता से हुई, जिसमें 43 छात्र और 21 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता की थीम कॉलेज जीवन और हॉरर रहीं।



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते छात्र।

### डिजिटल समय में हमारा साहित्य और हमारी कलाएं

# डिजिटल टेक्नॉलॉजी से कलाओं पर सतही चमक पर गहराई का लोप

**विश्वरंग विशेष**



संतोष चौबे

फिलहाल, जब मैं डिजिटल समय में साहित्य और कलाओं की स्थिति पर विचार कर रहा हूं तो बरबस ही चालीस के दशक में वॉल्टर बेंजामिन द्वारा लिखित लंबे आलेख 'आर्ट इन द इरा ऑफ मैकेनिकल रिप्रॉडक्शन' (यांत्रिक पुनरुत्पादन के समय में कलाएं) की याद आ गई है। प्रिंटिंग प्रेस तब तक व्यापक रूप से प्रचलन में आ गई थी, जिसने पेंटिंग्स का बड़े पैमाने पर मुद्रण संभव बना दिया था। जिस कला का आस्वाद पहले संग्रहालयों में या चित्रकार के निवास पर जाकर घंटों उसे निहारते हुए किया जाता था, अब वह प्रिंटेड स्वरूप में आस्वादक के घर तक पहुंच गई थी और शायद उसके ड्राइंग रूम की शोभा बढ़ा रही थी।

बेंजामिन का मानना था कि इससे कलात्मक आस्वाद की जनतांत्रिकता तो बढ़ी थी, लेकिन उसकी गुणवत्ता का ह्रास हुआ था। आगे चलकर यही संगीत के साथ हुआ। ऑडियो टेक्नॉलॉजी के आने के बाद संगीत के आस्वाद का तरीका बदल गया। समाज के लगभग सभी तबकों की अभिरुचियों के लिए संगीत डिजिटल स्वरूप में मिल जाएगा। पर फिर भी क्या आप संगीत का वैसा मजा ले पाते हैं जैसा रातभर चलने वाली किसी बैठक से मिलता था?

### कला को मानवीय गुणों के विकास तक आना होगा

डिजिटल टेक्नॉलॉजी, जिसमें ऑडियो और वीडियो टेक्नॉलॉजी शामिल हैं, का कलाओं पर पहला प्रभाव ये पड़ा है कि उनमें एक सतही फोटोग्राफिक चमक पैदा हुई है, लेकिन उनमें से गहराई का लोप होता जा रहा है। दूसरे शब्दों में गति और चमक तो है पर गहराई, जो मानवीय गुणों जैसे करुणा, दया या सहानुभूति से प्राप्त होती थी, गायब है। हम दृश्य देखते हैं पर दिल में कोई हरकत नहीं होती। दूसरा प्रभाव यह पड़ा है कि रचना या नैरेटिव जिसमें पेंटिंग तथा संगीत के नैरेटिव भी शामिल हैं, की गति बढ़ गई है। कलाएं जो एक शीतल छांव की तरह हुआ करती थीं जहां ठहर कर थोड़ा विश्राम किया जा सकता था, अब एक अनवरत गति में बदल गई हैं जो या तो मनुष्य के मानस से मेल नहीं खातीं या उसे अवांछित रूप से बदले दे रही हैं। गति का ही एक और पक्ष है तापक्रम। क्योंकि सामान्य और सहज तापक्रम पर रहते हुए वह गतिशीलता प्राप्त नहीं की जा सकती, तो रचनाएं एक ऊंचे लेकिन कृत्रिम तापक्रम पर जाकर लिखी जा रही हैं, जहां मनुष्य अपने आपको भागते हुए भाप के कमरे में पाता है। वहां उसे आश्रय तो क्या मिलेगा? तो क्या ये सब मनुष्य के लिए उचित है? डिजिटल समय में साहित्य और कलाओं की बहस को सिर्फ टेक्नॉलॉजी के संदर्भों से आगे बढ़कर, प्रभावशीलता और आस्वाद के धरातल तथा मानवीय गुणों के विकास तक आना होगा, जो साहित्य, कलाओं का मूल काम था।

## सात फीट ऊंचे महादेव के दर्शन, ऊंची-नीची पहाड़ियां, सुरक्षा में दिखेगी इंडियन आर्मी

# प्रदेश के सबसे बड़े भव्य भोजपाल महोत्सव मेले में श्रद्धालुओं को हो रहे बाबा अमरनाथ यात्रा के दर्शन


बाबा अमरनाथ की आकर्षक झांकी।

### अमरनाथ यात्रा पर नहीं गए तो यहां करें दर्शन

जो लोग अब तक अमरनाथ की यात्रा नहीं कर पाए उनको भोजपाल महोत्सव मेला बाबा बर्फानी (अमरनाथ) के दर्शन करा रहा है। यहां बनाई गई झांकी में सात फीट ऊंचे बाबा बर्फानी के दर्शन के साथ ही पूरे यात्रा मार्ग का चित्रण किया गया है। करीब 15 कलाकारों ने 15 दिन की कड़ी मेहनत के बाद झांकी तैयार की है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे प्रदेश के सबसे बड़े भोजपाल महोत्सव मेले में इस बार मनोरंजन के साथ भक्ति का संगम देखने को मिल रहा है। मेले में बनाई गई बाबा अमरनाथ यात्रा की झांकी बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। यहां ऊंची-नीची पहाडियां, जगह- जगह तैनात भारतीय आर्मी के जवान, घोड़े और खच्चर पर सवार यात्री, यात्रा के रास्ते में पडने वाले मंदिर, जंगल में रहने वाले भालू, बंदर, हिरण सहित अन्य जानवर देखने को मिलेंगे। सांस्कृतिक मंच पर शुक्रवार को मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, अखिलेश नागर आदि ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की।

### यहां से शुरू होती है यात्रा

पुजारी नरेश चंद पांडेय ने बताया कि बाबा अमरनाथ की गुफा तक पहुंचने के लिए बालटाल या पहल गांव से यात्रा कर सकते हैं। पहल गांव से आगे पहला पड़ाव चंदनबाड़ी, यहां भगवान शिव, गणेश और माता पार्वती के दर्शन होंगे। बालटाल मंदिर से माता पार्वती व कार्तिकेय के दर्शन होंगे। इसके बाद गंगा- जमुना, त्रिवेणी, सप्तऋषि, आश्रम, वहां से अर्धनारीश्वर मंदिर, शिव गणेश मंदिर और अंत में त्रिशूल मंदिर के दर्शन होंगे। इन 6 मंदिरों के दर्शन करते हुए आप बाबा अमरनाथ की गुफा तक पहुंचेंगे। यहां सात फीट ऊंचे बर्फ से बने बाबा अमरनाथ के दिव्य दर्शन होंगे। अमरनाथ की इस पवित्र गुफा में भगवान भोलेनाथ ने माता पार्वती को अमर कथा सुनाई थी।

### देशी डुओ बैंड की बॉलीवुड नाइट आज

भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर शनिवार को शाम 7 बजे से प्लेबैक सिंगर देसी डुओ बैंड की बॉलीवुड नाइट में प्रकृति गिरी और ऋत्विजा अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी। यह दोनों कलाकार मुंबई से अपनी प्रस्तुति देने आ रही हैं। बता दें कि प्रकृति गिरी रियलटी शो अमूल स्टार वाइस ऑफ इंडिया छोटे उस्ताद 2007-08 में सेंकड रनरअप रह चुकी हैं। 16 वर्ष की उम्र में इन्हें नेपाल में सर्वश्रेष्ट महिला नवोदित पार्व गायिका का पुरस्कार मिल चुका है। गिरी ने कोरिया, हांगकांग, थाईलैंड, तुर्की, सिंगापुर, दुबई सहित कई अन्य देशों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। रविवार को देश के प्रसिद्ध सूफी गायक दिलशाद साबरी और इरशाद साबरी बंधु सूफी नाइट की प्रस्तुति देंगे।


भोजपाल मेले का दृश्य।

### मेले में विभिन्न रेंज और वैरायटी के फर्नीचर

महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि मेले में इस बार फर्नीचर की भरमार है। विभिन्न रेंज और वैरायटी के फर्नीचर इस बार मेले में आए हैं। मेले में पहली बार आधुनिक और इम्पोटेड फर्नीचर मेले में आए हैं। साथ ही खान-पान सहित अन्य सामग्री की 400 दुकानें हैं। मनोरंजन के लिए जादूगर प्रिंस, डंकी शो, जलपरी, कश्मीर जैसे आयोजन हो रहे हैं।

### रोजाना बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए व्हील चेयर, शहरवसियों के सेहत का ख्याल रखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी, सीसीटीवी कैमरे, सिक्योरिटी गार्ड और वलंटियर लगाए गए हैं। मनोरंजन के लिए रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। 49 दिनों तक चलने वाले इस मेले में भक्ति मनोरंजन के साथ ही खरीदारी का बेहतर मौका मिल रहा है। मेला देखने रोजाना बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्रों के लोग पहुंच रहे हैं।

---

## गोस्वामी से बना दिया खान, केस वापस लेने और शादी कराने प्रलोभन कराने अलग-अलग जमात में भेजा

# बेटी से शादी कराने का झांसा देकर कराया धर्म परिवर्तन, हिंदू संगठन के हंगामे पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दरअसल, एक युवक मुस्लिम युवती से प्रेम करता था। उसके परिजन ने युवक के खिलाफ बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने और बलात्कार करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज करा दिया। कोर्ट में पेशी के दौरान युवती के परिजन से मुलाकात हुई तो उन्होंने बेटी से शादी कराने और केस वापस लेने का प्रलोभन देकर युवक को गोस्वामी से खान बनने पर मजबूर कर दिया। युवक ने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया। तीन अलग अलग जमात पूरी करने के बाद भी युवती के परिजन ने उससे शादी नहीं कराई। निराश होकर युवक ने जहांगीराबाद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने धर्म परिवर्तन का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 25 साल का शिवम गोस्वामी (परिवर्तित नाम) अहीरपुरा जहांगीराबाद में रहता है। ब्राह्मण जाति का शिवम का सलमा 'परिवर्तित नाम' से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी कारण से सलमा के पिता और परिजन ने जहांगीराबाद थाने में बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने व बलात्कार की धाराओं में केस दर्ज कराया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। चार महीने के बाद उसकी जमानत हुई। प्रकरण जिला न्यायालय भोपाल में प्रकरण चल रहा है। जेल से रिहा होने के बाद शिवम के परिजन उसकी शादी कराना चाहते थे। इस बीच सलमा का उसके पास कॉल आया। उसने कहा कि तुमने मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी है और तुम कहीं और शादी कर रहे हो। तुम्हे मुझसे शादी करनी पड़ेगी। शिवम की मुलाकात पेशी के दौरान सलमा के पिता व मां से जिला न्यायालय में हुई। शिवम ने कहा कि सलमा मुझसे शादी करने का कह रही है आप लोग क्या चाहते हो? तब आरोपियों ने कहा कि तुम हिन्दू हो और हम मुसलमान है। यदि तुम अपना धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बन जाते हो तो बेटी सलमा का निकाह तुम से करा देंगे और केस भी वापस ले लेंगे। दो तीन दिन बाद अब्दुल नईम का बेटा अब्दुल नदीम मिला। उसने कहा कि धर्म परिवर्तन करा लो तो सलमा से निकाह करा देंगे।

## सकल हिंदू समाज ने लव जिहाद के खिलाफ किया प्रदर्शन



लव जिहाद की शिकार मॉडल खुशबू को न्याय दिलाने दिया धरना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मॉडल खुशबू अहिरवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शुक्रवार को कलेक्टोरेट के बाहर सकल हिंदू समाज ने धरना दिया। धरने पर बैठे समाज के लोगों ने कहा कि खुशबू की मौत के मामले में उच्च स्तरीय जांच हो। साथ ही परिवार को सुरक्षा दी जाए। संत शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ मध्यप्रदेश एवं सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में बड़ी संख्या में लोग कलेक्टोरेट के बाहर जुटे। फिर धरना प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे लोगों ने लव जिहाद की शिकार खुशबू अहिरवार की मौत के मामले में जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। बतादें कि मॉडल खुशबू अहिरवार उर्फ खुशी वर्मा कासिम नाम के युवक के साथ लिव-इन-रिलेशन में रह रही थी। कासिम उसे अस्पताल में भर्ती कराने के बाद भाग गया था। खुशबू ने कई लोकल ब्रांड्स के लिए मॉडलिंग कर चुकी थी।

**मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन:** सकल हिंदू समाज का कहना है कि खुशबू को बेरहमी से अनैतिक कृत कर मौत के घाट उतार दिया गया है। दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। धरने के बाद एडीएम अंकुर मेश्राम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### जमात पर भेजा, प्रतिबंधित मांस खिलाने का आरोप

आरोपी बार-बार मुझ पर धर्म परिवर्तन का दबाब बनाने लगी। दबाव में आकर शिवम ने मार्च 2023 में आम वाली मस्जिद से धर्म परिवर्तन कर लिया। मुस्लिम धर्म अपनाने के बाद उसे तीन दिन की जमात पर जिला रायसेन की मस्जिद में भेजा गया। धर्म परिवर्तन के बाद उनके कहने पर वह जगह जमात में गया और रोज मस्जिद में नमाज अता की। उसने परिजन से कहा कि सलमा से शादी करा दो तो वह कहने लगे कि 130 दिन की जमात के लिए कर्नाटक जाना पड़ेगा फिर शादी की बात करते है। कर्नाटक में जमात के दौरान उसे प्रतिबंधित मांस खिलाया गया। कर्नाटक से भोपाल लौटने पर उसने सलमा के परिजन से शादी कराने का कहा तो वह इंकार करने लगे। वह कहने लगे किसी अन्य मुस्लिम युवती से तुम्हारी शादी करा देंगे। इतना ही नहीं सलमा के परिजन ने धमकी दी थी कि यदि अब दोबारा हिंदू धर्म अपनाया तो परिवार सहित जान से खत्म कर देंगे। पीड़ित शिवम ने इसकी शिकायत जहांगीराबाद थाने में की थी। मामला हिंदू संगठन तक पहुंचने के बाद थाने में जमकर हंगामा भी हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी अब्दुल नईम, अब्दुल नदीम और शमा के खिलाफ धर्म परिवर्तन का मामला दर्ज कर लिया।

### व्यवसाय के नाम पर उधार दिए आठ लाख धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम से कराया निकाह

जहांगीराबाद पुलिस ने एक अन्य एफआईआर धर्म परिवर्तन की दर्ज की है। युवक ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि शाकिर हुसैन, फईम और ताहिर खान ने मिलकर जबरदस्ती उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। धर्म परिवर्तन के बाद एक मुस्लिम महिला से निकाह भी करा दिया। जानकारी के अनुसार 26 साल का विकास कुमार (परिवर्तित नाम) अप्रैल 2022 में शरीफ भाई की बेकरी में सेल्समेन था। वह शहडोल का है और अनुसूचित जनजाति का है। बेकरी में शाकिर हुसैन आते थे। उनकी ताज किराना नाम से चिकलोद रोड, जहांगीराबाद में दुकान है। परिचय होने पर उन्होंने कहा कि बेकरी का काम करना चाहते हो तो विकास ने हां कह दिया। 2023 अप्रैल में शाकिर हुसैन के मकान में शरीफ भाई से किराए पर लेकर बेकरी चलाई। शाकिर हुसैन के कहने पर बेकरी का काम करने लगा। उस बेकरी की मशीन को खरीदने में 18 लाख का खर्च आना था, जिसमें शाकिर भाई ने 8 लाख रुपए मशीन के लिए उधार दे दिए। उन्होंने कहा कि तुम्हारा धर्म परिवर्तन संबंधित पेपर तैयार हो जाए तो मैं यह मशीन तुम्हारे नाम पर ट्रांसफर करवा दूंगा। अभी अपने बेटे फैसल हुसैन के नाम पर करवा देता हूं। 8 लाख रुपए शाकिर भाई ने दिए थे। उनकी किश्ते 50 हजार रुपए प्रतिमाह करके 16 माह में विकास ने चुका दी। इस पर शाकिर भाई ने उसे अपना बेटा बना लिा और कहा कि तुम्हारी जिंदगी बदल दूंगा। बहला-फुसलाकर एवं डरा धमकाकर शाकिर हुसैन ने जबरदस्ती मेरा खतना करा दिया।

---

## ननि में बड़े प्रशासनिक फेरबदल की तैयारी

# अपर आयुक्त के रिलीव के बाद अन्य अधिकारियों की मूल विभाग में होगी वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में जल्द ही प्रतिनियुक्ति पर लंबे समय से जमे अधिकारी-कर्मचारी अपने मूल विभाग भेजे जाएंगे। निगम प्रशासन ने इसकी तैयारी कर ली है। ऐसे सभी अधिकारी-कर्मचारियों की सूची तैयार है जो प्रतिनियुक्ति पर निगम में जमे हुए हैं। बीती परिषद की बैठक में यह मामला उठने के बाद एक अपर आयुक्त को तो तत्काल प्रभाव से रिलीव कर दिया गया था, लेकिन अब भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के कर्मचारी भी बडी संख्या में निगम में अहम विभागों में पदों पर कार्यरत हैं।

- एक दर्जन से अधिक प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों की सूची

निगम में प्रथम श्रेणी के अधिकारियों में अपर आयुक्त गुणवंत सेवतकर, अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग, कार्यपालन यंत्री सुबोध कुमार जैन, दितीय श्रेणी के अधिकारियों में स्टेनोग्राफर ग्रेड-1 वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सहायक यंत्री शेलेंद्र श्रीवास्तव, सहायक यंत्री चंचलेश गिरहारे सहित एक दर्जन से ज्यादा उप यंत्री, सहायक राजस्व निरीक्षण, राजस्व निरीक्षक व अन्य कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर निगम में सेवाएं दे रहे हैं।

### लंबे समय बाद होगा बड़ा प्रशासनिक बदलाव

नगर निगम में लंबे समय के बाद बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। टाइम लाइन की बैठक में लगातार निगम आयुक्त बारीकी से हर विभाग की जानकारी मांग रही हैं। जबकि निगम परिषद की बैठक में कई अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों की नाराजगी को लेकर खासा बवाल भाजपा और कांग्रेस पार्षद दल ने किया था।

### सहायक आयुक्त एकता अग्रवाल का तबादला, नगरीय प्रशासन में सहायक संचालक पद पर भोपाल में किया पदस्थ

नगर निगम की सहायक आयुक्त एकता अग्रवाल का तबादला नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल में सहायक संचालक के पद पर किया गया है। इसके पूर्व उनका तबादला देवास नगर निगम किया गया था। शुक्रवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास ने उनके भोपाल में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ करने के आदेश जारी कर दिए। नगर निगम परिषद की बैठक में उनके तबादला आदेश को लेकर भी खासा हंगामा हुआ था।

## अजाक्स की साधारण सभा कल, आरक्षित वर्ग को पदोन्नति में आरक्षण पर होगी चर्चा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) द्वारा रविवार 23 नवंबर को डॉ आंबेडकर जयंती मैदान तुलसी नगर में साधारण सभा का आयोजन किया जा रहा है। आमसभा को संघ के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष जेएन कंसोटिया, संतोष वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी, अजाक्स की विभिन्न मांगों तथा ज्वलंत मुद्दों पर आमसभा को संबोधित करेंगे। साधारण सभा में जेएन कंसोटिया का सम्मान समारोह एवं भ्रामक प्रचार सहित अन्य मुद्दों के संबंध में चर्चा की जाएगी।

---

## मध्यप्रदेश के आयुष मंत्री करेंगे 300 शिक्षकों को संबोधित

# मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



श्री साईं ग्रामोत्थान समिति, मानसरोवर समूह के मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन और विश्व आयुर्वेद परिषद् द्वारा फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन आज यानी 22 नवंबर को किया जा रहा है। मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, हिनौतिया आलम प्रांगण में हो रहे इस आयोजन में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार देश भर से एकत्रित हो रहे करीब 300 प्राध्यापकों को संबोधित करेंगे। मानसरोवर आयुर्वेदिक कॉलेज, हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत ने बताया कि कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि विश्व आयुर्वेद परिषद् के संरक्षक वैद्य गोपाल दास मेहता और विश्व आयुर्वेद परिषद् के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. महेश कुमार व्यास उपस्थित रहेंगे। वहीं प्रमुख वक्ता के रूप में महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइंस के बोर्ड ऑफ रिसर्च के सदस्य डॉ. किरण टवलारे और आईजीपी आयुर्वेद कॉलेज, नागपुर की प्रोफेसर डॉ. कल्पना टवलारे प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे।

## निरीक्षण दल ने कई परीक्षा केंद्रों का किया व्यापक भ्रमण

# 218 परीक्षा केंद्रों पर 23600 छात्र-छात्राओं ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में एवं गायत्री शक्तिपीठ एमपी नगर, भोपाल के संचालन में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज भोपाल शहर के सभी निर्धारित 218 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। जिसमें लगभग 23600 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।परीक्षा व्यवस्था, अनुशासन और विद्यार्थियों की भागीदारी का अवलोकन करने निरीक्षण दल ने दिनभर विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों का भ्रमण किया।

निरीक्षण की शुरुआत कन्या बिल्कुल माध्यमिक विद्यालय, स्टेशन क्षेत्र से हुई, जहां परीक्षा का प्रबंधन अत्यंत सुव्यवस्थित पाया गया। इसके पश्चात निरीक्षण का क्रम संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरखेड़ी, टीआरटी गोविंदपुरा, केंद्रीय विद्यालय 3, क्रिएटिव हायर सेकेंडरी स्कूल, और केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 तक जारी रहा। सभी केंद्रों पर विद्यार्थियों की उपस्थिति, अनुशासन और परीक्षा वातावरण अत्यंत संतोषजनक रहा। निरीक्षण के महत्वपूर्ण पड़ावों में शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवाजी नगर भी शामिल रहा, एक्सीलेंस महाविद्यालय,पीपल्स विद्यालय में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुईं। निरीक्षण का अंतिम चरण नवीन उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय, तुलसीनगर में सम्पन्न हुआ, जहां की तैयारियां विशेष रूप से सराहनीय रहीं।



गायत्री परिवार ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया, भाग लेते छात्र-छात्राएं।

### इनका रहा मार्गदर्शन व सहयोग

इस परीक्षा आयोजन में भोपाल के प्रमुख प्रतिनिधियों जिला संयोजक केएल पटेल तथा कार्यालय प्रभारी पीसी वर्मा, केपी रावत का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। निरीक्षण अभियान का नेतृत्व युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. दयानंद समेले द्वारा किया गया। उनके साथ पंकेश घोड़की, राजेश पटनकर, शांति, रोशनलाल चादर, रिंकू कुशवाहा, शिव दयाल, अनमोल पाठक एवं बरखेड़ा प्रज्ञा पीठ की टीम का मार्गदर्शन सुधाकर गीतकार के मार्गदर्शन में श सुव्यवस्थित संपन्न हुई। मीडिया प्रभारी अभिषेक परमार का विशेष सहयोग रहा।

# एशेज: पहले दिन तेज गेंदबाजों का दबदबा, गिरे 19 विकेट, स्टार्क के बाद स्टोक्स का 'पंजा'

एजेंसी ▶▶| पर्थ

एशेज टेस्ट के पहले दिन तेज गेंदबाजों के दबदबे के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में महज 172 रन पर सिमटने के बाद कप्तान बेन स्टोक्स के पांच विकेट से इंग्लैंड ने मजबूत वापसी की।

पांच मैचों की श्रृंखला का पहला दिन उम्मीदों पर खरा उतरा, जहां पर्थ स्टेडियम में 51,000 से अधिक दर्शकों के सामने 72 ओवर के खेल में 19 विकेट गिरे। दिन का खेल खत्म होते समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर नौ विकेट पर 123 रन था और यह टीम पहली पारी में महज एक विकेट शेष रहते 49 रन पीछे है।दिन का शुरुआती सत्र पूरी तरह से मिचेल स्टार्क के नाम रहा। उन्होंने नियमित कप्तान पैट कमिंस और दिग्गज जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 58 रन देकर सात विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र तक इंग्लैंड को ऑल आउट कर दिया।

### इंग्लैंड टीम में पांच तेज गेंदबाज

जोफ्रा आर्चर ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के पहले ही ओवर में विकेट लेकर दिखा दिया कि पांच तेज गेंदबाजों की मौजूदगी वाली इंग्लैंड की टीम भी इस मामले में कमजोर नहीं है। मैच में अभी चार दिन शेष और दोनों टीमों की पहली पारी लगभग खत्म हो चुकी है। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के बावजूद आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए 5.23 रन प्रति ओवर की दर से रन बनाए।



### ऑस्ट्रेलिया को रक्षात्मक रुख अपनाना पड़ा भारी

ऑस्ट्रेलिया के लिए रक्षात्मक रुख अपनाना भारी पड़ गया क्योंकि टीम उस तेजी से रन नहीं बना सकी लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रही। दोनों टीमों के बल्लेबाजों को तेजी से उठती शॉर्ट-पिच गेंदों का सामना करना पड़ा ऑस्ट्रेलिया की पारी के 24वें ओवर में कैमरून ग्रीन को मार्क वुड की 147 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली बाउंसर ने चोटिल किया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे स्टंप पर गिरते-गिरते बचे। इंग्लैंड का आक्रमण उस तरह की खतरनाक गेंदबाजी कर रहा था जैसा ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज आमतौर पर मेहमान टीमों के खिलाफ करते हैं।

### उस्मान ख्वाजा को नहीं मिली बल्लेबाजी की अनुमति

इंग्लैंड ने पुछल्ले बल्लेबाजों ने पारी के आखिर में तेजी से विकेट गंवाए, जिसका खामियाजा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी उठाना पड़ा। ख्वाजा उस समय ड्रेसिंग रूम में मौजूद थे और चूंकि वह आठ मिनट से अधिक समय तक मैदान से बाहर रहे थे ऐसे में उन्हें ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत करने की अनुमति नहीं दी गई। उनकी जगह लेने के लिए मार्नस लाबुशेन को ऊपरी क्रम में आना पड़ा।

### ऑस्ट्रेलिया को स्टार्क ने दिलाई शानदार शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया को स्टार्क ने शानदार शुरुआत दिलाई। स्टार्क ने पहले ओवर में विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बना दिया। उन्होंने छठी गेंद पर जैक क्रॉली को स्लिप में उस्मान ख्वाजा के हाथों लपकवाया। इस बाएं हाथ के गेंदबाज ने अपने पहले पांच ओवर में तीन विकेट चटकाए। लंच तक स्कोर चार विकेट पर 105 रन था । इंग्लैंड ने लंच के बाद छह विकेट 67 रन के भीतर गंवा दिए। उन्होंने जैसी स्मिथ (33) और मार्क वुड (शून्य) को लगातार गेंदों पर विकेट लेकर इंग्लैंड की पारी को खत्म किया। दूसरी पारी में उनके पास ऐसे में हैट्रिक पूरा करने का मौका होगा।

## जैकेट का शेष....

### तेजस अचानक बेकाबू ...

2.10 बजे हुआ। हादसे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। वहीं, भारतीय समयानुसार हादसा दोपहर 3.49 बजे हुआ। वायुसेना के मुताबिक तभी अचानक विमान अनियंत्रित हो गया और नीचे गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के जमीन से टकराते ही जोरदार धमाका हुआ और कुछ ही पलों में काले धुएं का गुबार हवा में फैल गया। वहां मौजूद सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। हादसे के तुरंत बाद हेलिकॉप्टर्स और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया गया। करीब 45 मिनट में पूरे घटनाक्रम को संभाल लिया गया। कार्यक्रम दोबारा शुरू होगा या नहीं, इस पर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है। एयर शो अधिकारियों ने दुर्घटना वाले क्षेत्र को तुरंत सील कर दिया और सभी उड़ान कार्यक्रम अस्थायी रूप से रोक दिए। विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। वायुसेना ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं।

### इस बार 200 से ....

स्टैटिक डिस्प्ले है। आयोजन में 148,000 ट्रेड विजिटर्स और 115 देशों से आए 490 सैन्य और नागरिक प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहे हैं।

### प्रदेश में 1000 ...

निवेशक और संस्थान भागीदारी कर रहे हैं। एक्सपो में रूस, ओमान और ताईवान देशों से भी उद्यमी आए हैं। मुख्यमंत्री ने इपिक प्रोजेक्ट का विमोचन किया। इससे स्व-सहायता समूह, स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायतें, शासकीय कार्यालय सभी एक प्लेटफार्म से जुड़ेंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश में 1000 इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

### व्लादिमीर ने कहा-....

रूस के स्मोलेन्स्क शहर की स्मोलेन्स्क चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अर्किपेंकोव व्लादिमीर ने कहा कि रूस और भारत अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते हुए औद्योगीकरण, ऑटोमोबाइल, कृषि, अधोसंरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं।

### हाईकोर्ट ने महू....

याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की। यह याचिका इस मकान में रह रहे दखलदार अब्दुल मजीद की ओर से दायर की गई है। अब्दुल मजीद के अधिवक्ता अजय बागड़िया ने अदालत को बताया कि हम्माद सिद्दीकी अब जीवित नहीं हैं और उन्होंने इस मकान का स्वामित्व अब्दुल मजीद के नाम कर दिया था इसलिए इस संपत्ति के वैध मालिक अब्दुल मजीद हैं। नोटिस में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि अतिक्रमण कितना है और किस हिस्से में है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने फिलहाल याचिकाकर्ता को अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने के लिए 15 दिनों की मोहलत दी। साथ ही कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि यदि इस संपत्ति के खिलाफ कोई आदेश पारित किया जाता है, तो याचिकाकर्ता को इसे चुनौती देने के लिए अतिरिक्त 10 दिन का समय भी मिलेगा।

### पहले भी जारी ....

ने कोई कार्रवाई की। ऐसे में केवल तीन दिनों का समय देना अनुचित है।

### निवेश को लेकर ....

आईटीआईएस, ईएसडीएम, बायोटेक, मैन्युफैक्चरिंग और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में निवेश योजनाओं और आगामी प्रोजेक्ट्स पर चर्चा होगी।

### महत्वपूर्ण राउंड टेबल....

मप्र की उद्योग-हितैषी नीतियों, विकसित औद्योगिक कॉरिडोर, सेक्टर-आधारित क्लस्टर्स, औद्योगिक अधोसंरचना और निवेश प्रक्रियाओं को सरल बनाने के प्रयासों की जानकारी साझा करेंगे।

### प्रदेश के जांबाज ....

कहा कि स्व. आशीष शर्मा की बहादुरी से की गई मुठभेड़ के आधार पर उन्होंने प्राणों की बाजी लगा दी। हमने पीएम और केंद्रीय गृहमंत्री की भावना के अनुसार उनके परिवार के लिए छोटे भाई को आउट ऑफ टर्न हमने उनको सब इंस्पेक्टर बनाने की बात कही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के अप्रतिम योगदान के आधार पर उस गांव के अंदर स्व.शर्मा के नाम पर पार्क और स्टेडियम बनाने की घोषणा की गई।

### आतंकवादियों के पक्ष ....

आर्थिक रूप से मैनस्ट्रीम में लाया जाना चाहिए। आदिवासियों के सामाजिक और आर्थिक अधिकार छिने हैं। देश के सभी शेड्यूल एरिया विशेष कर बस्तर संभाग आदिवासी क्षेत्र में भारत सरकार पेसा एक्ट कानून लागू करना चाहिए। आदिवासियों की नागरिकता खतरे में है।

## पेज एक का शेष...

### वैश्विक मंच पर...

मजबूत, आत्मविश्वासी और निर्णायक देश के रूप में उभर रहा है। अंग्रेजी में वक्तव्य देते हुए बोले कि मैं अंग्रेजी में इसलिए बोल रहा हूं ताकि जो लोग देश की सकारात्मक छवि को समझना नहीं चाहते, वे भी स्पष्ट और सीधे शब्दों में भारत के वास्तविक स्वरूप से परिचित हों। यह बात पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कही। राजधानी के रवींद्र भवन में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. मनमोहन वैद्य की पुस्तक 'हम और यह विश्व' का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत की मूल अवधारणा, आत्मगौरव, सांस्कृतिक चेतना और अध्ययनशील परंपरा पर व्यापक चर्चा हुई। इस अवसर पर आनंदम धाम आश्रम, वृंदावन के पीठाधीश्वर ऋतेश्वर महाराज, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व डॉ. मनमोहन वैद्य ने अपने विचार प्रकट किए।

### डॉ. वैद्य बोले- ...

लिए आमंत्रित किया गया था, तब कुछ लोगों ने बिना कारण विरोध किया। इस एक घटना ने उनको लिखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में केवल 1 से 6 जून के बीच 378 लोगों ने उनसे मिलने का अनुरोध किया था, जो यह दर्शाता है कि संघ को लेकर समाज में संवाद की गहरी उत्सुकता है।
उन्होंने बताया कि संघ पर बेवजह किया गया विरोध कई बार संघ की स्वीकार्यता को और बढ़ा देता है। ज्वॉइन आरएसएस वेबसाइट का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सिर्फ उस वर्ष अक्टूबर माह में ही 48,890 लोगों ने स्वयंसेवक के रूप में जुड़ने का अनुरोध किया।
यह भारत के सामाजिक परिवर्तन और संगठन के प्रति बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है।

### वेलफेयर स्टेट की...

सांस्कृतिक विविधता है। अपितु यह कहना अधिक सही है कि भारत की संस्कृति एक ही है जो विविध रूपों में प्रकट होती है।
भारत में विविधता मूल संस्कृति की शाखाएं हैं, उसका विकल्प नहीं। उन्होंने कहा कि वेलफेयर स्टेट की अवधारणा भारत की अपनी अवधारणा नहीं है, बल्कि पश्चिम से आयातित विचार है।
भारत की परंपरा समाज-आधारित दायित्व पर आधारित रही है।

### सिद्धारमैया पद छोड़ने ....

समर्थक कई विधायक गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान से मिलने पहुंचे। यह घटनाक्रम संकेत देता है कि पार्टी के भीतर शक्ति संतुलन को लेकर तनाव एक बार फिर सामने आ रहा है। इन नेताओं की दिल्ली यात्रा को डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की दावेदारी को दोबारा मजबूत करने की कोशिश के रूप में देखा गया।

### नेतृत्व परिवर्तन का....

अपने बयान से कभी पीछे नहीं हटा। मैंने चुनाव से पहले की सभी पांच गारंटी पूरी कीं जिनका मैंने वादा किया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह शिवकुमार को सत्ता सौंपने पर भी लागू होता है, तो मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फैसला हाईकमान पर छोड़ दिया गया है।

### सपाक्स ने कहा...

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार प्रमोशन में आरक्षण के लिए ठोस डेटा होना चाहिए। लेकिन, मप्र सरकार ने ऐसा कोई डेटा तैयार नहीं किया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की कि ऐसी पॉलिसी पर रोक लगाई जाए।
इसके बाद हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दिसंबर के पहले हफ्ते में तय कर दी। अगली सुनवाई में याचिकाकर्ता सपाक्स अपनी बहस पूरी करेगा, जिसके बाद राज्य सरकार अपना पक्ष प्रस्तुत करेगी।

### भोपाल और राजगढ़ में...

मिली है। शुक्रवार को भोपाल, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर, नरसिंहपुर और शिवपुरी में शीतलहर और खंडवा, खरगोन में तीव्र शीतलहर का प्रभाव रहा। अगले चार दिनों तक शीतलहर से राहत मिलने की संभावना है।
दरअसल वर्तमान में हवाओं का रुख पूर्वी हो गया है। दिन का सबसे अधिक 29.5 डिग्री सेल्सियस तापमान उज्जैन में दर्ज किया गया।
मौसम विभाग ने दो दिन बाद शीतलहर से राहत मिलने की संभावना जताई है। वर्तमान में हवाओं का रुख पूर्वी हो गया है।
22 नवंबर को दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने के संकेत मिले हैं। इस मौसम प्रणाली के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए 24 नवंबर को कम दवाब के क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है।

### महाकाल लोक के बाद...

2000 वर्ष पुराना है। मान्यता है कि जब राजा विक्रमादित्य की साढ़ेसाती समाप्त हुई, तब शनि महाराज प्रसन्न होकर यहां प्रकट हुए और सभी ग्रहों ने एक साथ दर्शन दिए।
यह देश का पहला ऐसा मंदिर माना जाता है, जहां शनिदेव शिवरूप में विराजमान हैं। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि शनि लोक निर्माण के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है और लक्ष्य है कि सिंहस्थ से पहले शनि लोक का निर्माण पूरा हो जाए।

### सुप्रीम कोर्ट ने...

निकाय चुनाव होने वाले हैं। अन्य राज्यों की याचिकाओं पर दिसंबर में सुनवाई होगी। केरल में सर को चुनौती देने वाले एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि राज्य में लोकल बॉडी के चुनाव भी होने हैं और इसलिए, इस मामले में जल्द विचार किया जाना जरूरी है।
बेंच ने निर्देश दिया कि केरल में सर को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 26 नवंबर को लिस्ट किया जाएगा और दूसरे राज्यों में इलेक्टोरल रोल रिवीजन एक्सरसाइज को चुनौती देने वाली बाकी याचिकाओं पर दिसंबर के पहले या दूसरे हफ्ते में सुनवाई होगी।

### सुसाइड नोट में ...

लेता था और चैलेंज देता था कि इसे खोलकर दिखाओ। नोट में आगे लिखा कि बेंच के ऊपर ऐसे ही हाथ पकड़ लेता था और कहता था कि देखो कितना ठंडा है।
आखिर ये सब क्या है? वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली में 10वीं के छात्र के सुसाइड मामले में गुरुवार को सेंट कोलंबा स्कूल की हेडमिस्ट्रेस, दो शिक्षकों समेत चार कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है।
चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दिल्ली शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच तक आरोपियों को अस्थायी रूप से सस्पेंड किया गया है।

### मां-बेटे से ठगे....

पर निवेशकों के 35.37 करोड़ रुपए हड़पने का आरोप है। ईओडब्ल्यू के मुताबिक गुप्ता ने 10 रुपए के शेयर को 12 हजार 972 रुपए में बेचकर निवेशकों को धोखा दिया।
ऊंचे फायदे का लालच देकर निवेशकों की पारिवारिक संपत्तियां भी गिरवी रखवा दीं। बंद बैंक खातों से चेक जारी किए।

### दो बैंकों से ....

मुनाफे का झांसा देकर बैंक लोन लेने पर मजबूर किया। फर्जी चेक और कागजात तैयार कर धोखाधड़ी की।
ईडी ने भी 31 अक्टूबर को ईसीआईआर दर्ज की है। जांच अधिकारी इस मामले में अब प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत छानबीन कर कालेधन को सफेद किए जाने के मामले में नए सिरे से पूछताछ करेंगे।
डीजी माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के शेयर्स की खरीद-फरोख्त से लेकर अमरूद की फसल से डेढ़ करोड़ तक की आय की भी जांच होगी। फर्म से जुड़े रहे कुछ लोगों को भी पूछताछ के दायरे में लिया जाएगा।

## स्मृति ने पलाश मुच्छाल के संग की सगाई, कल बंधेंगी शादी के बंधन में



**नई दिल्ली।** महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना ने संगीतकार पलाश मुच्छाल के साथ अपनी सगाई की घोषणा कर दी है, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस आक्रामक बल्लेबाज का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह भारतीय टीम की अपनी साथी खिलाड़ियों राधा यादव, जेमिमा रोड्रिग्स, श्रेयांका पाटिल और अरुंधति रेड्डी के साथ बॉलीवुड की फिल्म लगे रहो मुन्ना भाई के गीत 'समझो हो ही गया' पर नृत्य कर रही हैं। इस दौरान वह मुस्कुराते हुए अपनी सगाई की अंगूठी को भी दिखा रही हैं। जेमिमा ने यह क्लिप इंस्टाग्राम पर साझा की है, जिसे अभी तक 19 लाख से ज़्यादा लाइक्स और 12,000 से ज़्यादा कमेंट्स मिल चुके हैं। मंधाना और मुच्छाल 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेंगे। प्रधानमंत्री ने दंपती को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मंधाना की कवर ड्राइव की सुंदरता मुच्छाल की 'मधुर संगीतमय सिम्फनी' के साथ एक अद्भुत साझेदारी बनाएगी।

HDFC BANK
**एचडीएफसी बैंक लि.**, प्लॉट नं. 17, तिलक वार्ड, ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के सामने सिविल लाइंस, मंडला, मध्य प्रदेश

**नीलामी सूचना**

अधोलिखित देनदार ने प्लेज स्टॉक के खिलाफ ऋण प्राप्त किया है। बैंक द्वारा डिमांड/लिक्विडेशन नोटिस जारी किये जाने के बावजूद देनदार ने पूर्णतः बकाया नहीं चुकाया। अतः बैंक ने इंडियन कांट्रेक्ट एक्ट 1872 की सेक. 176 के तहत तथा निम्न गोदाम में स्टोर सामान के स्टॉक को इच्छुक पार्टियों से जैसी है जहां है व कोई ''रिकोर्स नही'' आधार पर बेचना तय किया है। कॉमोडिटी यानि **सोयाबीन एवं गेहूँ, गो ग्रीन वेयरहाउसेस प्रा. लि.** की लॉक व चाबी के तहत गोदाम में स्टोर है। यदि चाहे तो निम्न देनदार मौजूद रह सकता है।

**नीलामी का स्थान: एचडीएफसी बैंक लि., प्लॉट नं. 17, तिलक वार्ड, ट्रेफिक पुलिस स्टेशन के सामने सिविल लाइंस, मंडला, मध्य प्रदेश**

| ऋणकर्ता का नाम | गोदाम का पता | कमोडिटी की मात्रा एमटी में | कमोडिटी का आरक्षित मूल्य प्रति एमटी |
|---|---|---|---|
| श्री बजरंग ट्रेडर्स | तिरुपति बाला जी वेयर हाउस, गोदाम नंबर 01 02 एवं 03 लक्ष्मणपुरा हजुरीनगर, जिला टीकमगढ़, राज्य मध्य प्रदेश पिन कोड - 472001 | सोयाबीन : 156.891 | Rs.40,000/- |
| | | गेहूँ (मिल क्वालिटी) 509.79 | Rs.20,000/- |

**बिड आवेदन : एचडीएफसी बैंक लि., प्लॉट नं. 17, तिलक वार्ड, ट्रेफिक पुलिस स्टेशन के सामने सिविल लाइंस, मंडला, मध्य प्रदेश** पर कार्यदिवस में दिनांक **24.11.2025 से 28.11.2025 तक** सुबह 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच जमा करें।

बिड को बैंक के प्राधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा **29.11.2025** को 2.00 बजे से 4.00 बजे के बीच (नीलामी की तिथि) उपलब्ध/इच्छुक बिडर्स के सामने **एचडीएफसी बैंक लि., प्लॉट नं. 17, तिलक वार्ड, ट्रेफिक पुलिस स्टेशन के सामने सिविल लाइंस, मंडला, मध्य प्रदेश** की ब्रांच पर खोली जाएगी।

निविदाकर्ताओं/संभावित खरीददारों को यदि वे चाहें तो निविदाएं खोले जाने के बाद अपने प्रस्तावों को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। इसलिए, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे स्वयं/व्यक्तिगत रुप से या अपने विधिवत अधिकृत और अधिकार प्राप्त प्रतिनिधियों के माध्यम से प्राधिकरण के दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें।

**नीलामी की शर्तें एवं नियम हमारी ऊपर दी गई शाखा में श्री गजेन्द्र दिवाकर मो. 9340159665 के पास उपलब्ध हैं।**

**दिनांक : 22-11-2025**
**स्थान : टीकमगढ़ (म.प्र.)**

**एचडीएफसी बैंक लि.**
**हस्ता– प्राधिकृत अधिकारी**






# 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स व 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप 26 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश की ओर से 26 से 30 नवंबर तक दो बड़े राष्ट्रीय रोइंग इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं। अपर लेक पर होने वाले इन आयोजनों में 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स चैंपियनशिप और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप शामिल हैं। प्रतियोगिताएं रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से होंगी, जिनमें देशभर के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## 23 राज्यों से 500 प्रतिभागी करेंगे अपनी क्षमता का प्रदर्शन



30 नवंबर तक अपर लेक बनेगा खेल का केंद्र

इस वर्ष चैंपियनशिप में 23 राज्यों से 500 युवा रोअर्स भाग लेंगे। प्रतियोगिता में जूनियर एवं इंटर-स्टेट दोनों श्रेणियों में अत्याधुनिक रोइंग बोट्स के माध्यम से प्रतिभागी अपनी शारीरिक क्षमता, गति, कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन करेंगे। ऊपरी झील के प्राकृतिक एवं अनुकूल जल क्षेत्र में प्रतियोगिता का आयोजन रोइंग खेल को नई ऊँचाई प्रदान करेगा।

## अपर लेक बना प्रमुख खेल स्थल

अपर लेक पूर्व में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वाटर स्पोर्ट्स इवेंट्स की सफल मेजबानी कर चुका है। इसी वजह से इसे रोइंग खेल के लिए आदर्श स्थल माना जाता है। इस बार भी बोट हाउस, वार्मअप जोन, सुरक्षा व्यवस्था, मेडिकल टीम और तकनीकी सुविधाओं सहित सभी तैयारियाँ पूरी की जा रही हैं, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों को बेहतर अनुभव मिल सके।

खेल क्षमताओं और पर्यटन को बढ़ावा

राज्य सरकार का प्रयास है कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को प्रेरित करने के साथ-साथ मध्यप्रदेश की खेल क्षमताओं और आयोजक कौशल का मजबूत संदेश देशभर में जाए।

### खेल एवं युवा कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण पहल

मध्यप्रदेश शासन, विशेषकर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस अंतरराज्यीय व राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप की मेजबानी राज्य में जल खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। विभाग का उद्देश्य अधिकतम युवाओं को रोइंग जैसे ओलंपिक खेलों से जोड़ना तथा खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है।

### चैंपियनशिप में रोमांचक मुकाबलों की तैयारी पूरी

26से 30 नवंबर तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में स्पर्धाओं के लिए तकनीकी व्यवस्थाएं, सुरक्षा इंतजाम, जलपथ चिन्हांकन और प्रतिभागियों की सुविधाएं पूरी तरह सुनिश्चित की गई हैं। आयोजन समिति ने प्रतियोगिताओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया है ताकि खिलाड़ियों को सर्वोत्तम प्रतिस्पर्धी वातावरण प्रदान किया जा सके।

स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# राफेल एकादश की 4 विकेट से और भोपाल फ़ीनिक्स की 6 विकेट से जीत

भोपाल।

स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार से कॉर्पोरेट वर्ग की टीमों की प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई जिसमें आज का पहला मुकाबला भोपाल मीडिया एकादश विरुद्ध राफेल एकादश खेला गया, जिसमें मीडिया एकादश ने 152/5 रन बनाए। इनमें निखिल शुक्ला ने 42, अजय मौर्य ने 32, जबकि प्रभात शुक्ला ने 20 रन बनाए। राफेल एकादश के मयंक इसरानी और नीलम माहौरे ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में मनोज सेन के 64, अंकित शर्मा के 31 और मानव के 30 रन की मदद से 19.2 ओवरों में 157/6 रन बनाकर मैच को 4 विकेट से जीत लिया। मीडिया एकादश के निखिल शुक्ला ने चार, जबकि विवेक साध्य और आयुष नेगी ने एक-एक विकेट लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिये मनोज सेन और निखिल शुक्ला को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## आयुष पटेल बने मैन ऑफ द मैच



आज का दूसरा मैच भोपाल फीनिक्स विरुद्ध यूज़ लोकेटर खेला गया जिसमें यूज़ लोकेटर ने 164/10 रन बनाए। आकाश ने 40, नरेश थापा ने 20 रन बनाए। भोपाल फ़ीनिक्स के आयुष पटेल ने 5 विकेट लिए, जबकि अभिषेक, सनत और शिवांश ने क्रमशः एक -एक विकेट लिए। जवाब में भोपाल फ़ीनिक्स ने लक्ष्य को 19 ओवरों में 167/4 रन बनाकर मैच को 6 विकेट से जीत लिया। शुभम् दुबे ने नाबाद 65 और शिवांश दीक्षित ने 35 और दीपेश ने 22 रन बनाए । यूज लोकेटर की ओर से नरेश बघेल और प्रद्युम्न ने क्रमशः 2-2 विकेट लिए । आयुष पटेल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी के संचालक अभिनव रायसा और स्वदेश सिंह कुशवाह ने प्रदान किया ।

सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट

# रेलवे यूथ और शिवाय क्रिकेट अकादमी की जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर खेल मैदान पर चल रही सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दो मैच खेले गए, जिसमें पहला मैच रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी और एसीई अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें एसीई के खुशवंत ने 114 रन बनाए और पूरी टीम ने 311 रन बनाए। मनन सोनी ने 2 विकेट लिए। जवाब में रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी(बी) 126 रन ही बना सकी। खुशवंत और शरवा ने 2 2 विकेट लिए। खुशवंत सिंह को ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## हर्ष केवट बने मैच के हीरो



आज का दूसरा मैच शिवाय क्रिकेट अकादमी और रॉबिन मेनन क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें शिवाय क्रिकेट अकादमी ने 225 रन बनाए, जिसमें उदित ने 71 रन और हर्ष केवट ने 47 रन बनाए। निकजेद और अथर्व ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉबिन अकादमी 146 पर ऑल आउट हो गई। अथर्व ने 35 रन बनाए। भावेश और हर्ष केवट ने 3-3 विकेट लिए। हर्ष केवट को उनके दोहरे प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

राधारमण आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट

# टीआईटी और यूआईटी–आरजीपीवी की दमदार जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण समूह के स्पोर्ट्स ग्राउंड पर शुक्रवार को राधारमण नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट के (सुपर नॉकआउट मुकाबले खेले गए, जिनमें टी.आई.टी. और यूआईटी–आरजीपीवी ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर में जगह पक्की कर ली। मैचों की शुरुआत से पूर्व राधारमण इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. राजीव मालवीय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की। दिन के पहले मुकाबले में टी.आई.टी. ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 147 रन बनाए। इनमें सुजीत कुमार ने 31, रूपेश मिश्रा ने 22 और आदर्श प्रिंस ने 16 रन बनाए। जवाब में आई.ई.एस. की टीम 105 रन पर सिमट गई और इस प्रकार टी.आई.टी. ने यह मैच 42 रनों से जीत लिया। गेंदबाज़ी में विपुल यादव और आदित्य ने तीन-तीन विकेट झटके, जबकि मुशर्रफ़ अली ने भी 3 विकेट लिए।

दूसरे मुकाबले में यूआईटी–आरजीपीवी ने वी.एन.एस. पर 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। वी.एन.एस. की टीम निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट पर 48 रन ही बना सकी। यूआईटी–आरजीपीवी के कप्तान भरत असनानी ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 3 ओवर में 5 रन देकर 4 विकेट चटकाए। जबाब में यूआईटी–आरजीपीवी की टीम ने मात्र 4 ओवर में बिना विकेट खोए 49 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। बल्लेबाज़ी में फ़ैज़ान क़ादिर ने 26 रन की तेज़तर्रार पारी खेली, जबकि स्त्रजल शर्मा 7 रन बनाकर नॉट आउट रहे।

# इंटर स्कूल एथलेटिक प्रतियोगिता में भाग लेगा आर्मी पब्लिक स्कूल का दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल का एथलेटिक-14 बॉयज एंड गर्ल्स का दल 21 व 22 नवंबर को सागर पब्लिक स्कूल रातीबड़ में आयोजित इंटर स्कूल एथलेटिक प्रतियोगिता में भाग लेगा। इस अवसर पर आर्मी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को किट वितरित किया । कोच विवेक गौर एवं धर्मेश मिश्रा ने बताया कि आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल से अंडर-14 वर्ग 100 मी गर्ल्स में वंशिका 400 और 600 मीटर में अग्रिम लॉन्ग जंप और शॉट पुट में कनक साहू एवं 4 गुणा 100मी. रिले रेस में सोनम प्रीत कौर, वंशिका, अग्रिम एवं कनक साहू आर्मी स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगी।



अंडर-14 बालक वर्ग में 100 मी एवं 400 मीटर में प्रीतम कुमार, 600 मीटर में याने प्रजापति, लॉन्ग जंप में प्रियांशु कुमार, शॉट पुट में शोएब एवं 4 गुणा 100 मीटर रिले में अमन कुमार, प्रीतम कुमार, प्रियांशु एवं याने प्रजापति आर्मी स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर 17 बालिका वर्ग में 100 मी एवं लॉन्ग जंप में नैंसी कुमारी, 400 मीटर में काव्या, शॉटपुट में धन्वी दुबे एवं बालक वर्ग में आदित्य कुमार, 400 मीटर एवं लॉन्ग जंप में तेजस साहू, शॉट पुट में आर्मी स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। आर्मी स्कूल की प्राचार्य प्रियंका त्रिवेदीने खिलाड़ियों से अनुशासन एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की है।

भोपाल

एनएफआइटीयू के प्रतिनिधिमंडल ने की श्रम मंत्री डॉ मनसुख मांडविया से मुलाकात

# वर्षों से लंबित श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन पर श्रमिकों की बड़ी जीत: डॉ. जायसवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से नेशनल फ्रंट ऑफ इंडिया ट्रेड यूनियन (एनएफआइटीयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपक जायसवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की। इस अवसर पर मोदी की केंद्र सरकार द्वारा वर्षों से लंबित चारों श्रम संहिताओं को लागू किए जाने पर डॉ. मनसुख मांडविया का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने श्रम मंत्री से एनएफआइटीयू ने ईएसआइसी और ईपीएफओ का कवरेज तत्काल बढ़ाने, असंगठित क्षेत्र, गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म श्रमिकों और माइक्रो-एंटरप्राइज श्रमिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा, पेंशन और भविष्य निधि से जोड़ने पर विशेष आग्रह किया तथा ई-श्रम पोर्टल से जुड़े श्रमिकों को भी चरणबद्ध रूप से ईएसआइसी और ईपीएफओ लाभों में सम्मिलित करने का सुझाव रखा। मंत्री डॉ मांडविया ने एनएफआइटीयूजी के सुझावों को गंभीरता से सुनकर विभागीय स्तर पर त्वरित परीक्षण और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। डॉ दीपक जायसवाल ने कहा कि ये श्रम संहिताएं न्यूनतम मजदूरी की बाध्यता, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार, महिलाओं के लिए समान वेतन, युवाओं हेतु नियुक्ति-पत्र की अनिवार्यता, सुरक्षित कार्य-परिस्थिति, विवाद निवारण की सरल प्रक्रिया देश के करोड़ों श्रमिकों के जीवन में ऐतिहासिक सुधार और सम्मानजनक परिवर्तन लाएंगी तथा पारदर्शिता, स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी।

## बीएमएस के प्रतिनिधिमंडल ने की केंद्रीय श्रम मंत्री से भेंट



भोपाल। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया से भेट कर लेबर कोड पर चर्चा पर चर्चा की,जिसके बाद मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन एवं समाधान पर बात कर भरोसा दिया। प्रतिनिधि मंडल में रविन्द्र कुमार हिम्मते महामंत्री, एस मलेशम, उपाध्यक्ष, सजी नारायण, पूर्व अध्यक्ष, सुरेन्द्रन, संगठन मंत्री, गिरीश आर्य, मंत्री श्री पवन कुमार, रामनाथ गणेशी आदि शामिल हुए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930